CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 9 अगस्त 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 208 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com श्रावण शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 14 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया: उमर अब्दुल्ला पेज 2



गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव पटेल खेल टाइम्स



प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी सम्पादकीय



जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक पेज 12

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी व बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद**

**नई दिल्ली।** उप्र के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को भी तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का शुक्रवार को 7वां दिन था।

वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया।

# धराली आपदा: चौथे दिन हेलीकॉप्टर से 300 का रेस्क्यू

## मलबे से एक शव बरामद, सर्च अभियान जारी, एनडीएमए के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की समीक्षा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी/ देहरादून।** उत्तराखंड के आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली और हर्षिल में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। धराली व हर्षिल से आपदा प्रभावितों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत बचाव अभियान जारी हैं।

चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर अपराह्न 12 बजे तक सेना के एमआई -17 और चिनूक द्वारा 74 लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया। सेना के ये हेलीकॉप्टर ना सिर्फ फंसे लोगों को सुरक्षित निकाल रहे हैं, बल्कि जरूरी मशीनों और उपकरणों को भी मौके पर पहुंचा रहे हैं। उत्तरकाशी जिलाधिकारी प्रशांत आर्या के अनुसार मलबे से एक शव बरामद किया गया है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। डीएम ने बताया कि गुरुवार को -शेष पृष्ठ दो पर





लिमचिगाढ़ में बैली ब्रिज बनाने का कार्य प्रारंभ, पीड़ितों को दी जा रही हर संभव मदद, फंसे हुए लोगों को तेजी से निकाला जा रहा

### सीएम धामी का उत्तरकाशी में प्रवास

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर युद्ध स्तर पर चल रहे रेस्क्यू अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल को छोड़ आम आदमी की तरह आपदा प्रभावितों से भी मिलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में जल्द ही बिजली भी बहाल कर दी जाएगी।

### अत्याधुनिक उपकरणों से हो रही खोज

उत्तराखंड पुलिस द्वारा धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में अत्याधुनिक उपकरणों जैसे विक्टिम लोकेटिंग कैमरा, थर्मल इमेजिंग कैमरा और डॉग स्क्वायड टीम के साथ मलबे से क्षतिग्रस्त भवनों में गहन खोजबीन कर मलबे में दबे लोगों की तलाश की जा रही है

### पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12000 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाएगी। इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान को मंजूरी दी गई है।

### केंद्र ने वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

### अभिनेत्री हुमा कुरैशी के भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी के चचेरे भाई आसिफ कुरैशी की दिल्ली के जंगपुरा इलाके में गुरुवार देर रात पार्किंग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। यह झगड़ा गुरुवार रात लगभग 11 बजे निज़ामुद्दीन थाना क्षेत्र के भोगल मार्केट लेन के पास हुआ। जानकारी के अनुसार आसिफ ने अपने पड़ोसी से उसके गेट के सामने खड़ी स्कूटी को हटाने के लिए कहा जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई। स्थिति बाद में हिंसक हो गई और आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आसिफ को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**ट्रम्प की टैरिफ टेंशन**

# रूस ने थामा भारत का हाथ, अमेरिका हैरान

## चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

बीजिंग/वाशिंगटन, वार्ता

**कहा- चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ चीनी विदेश मंत्रालय ने फैसले को टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया**

**ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर वार्ता करने से इन्कार किया, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा: भारत रणनीतिक साझेदार, वार्ता जारी रहेगी**

**चीन ने** भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। गुओ ने कहा कि चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इन्कार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर अब तक 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25 फीसदी टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव -शेष पृष्ठ दो पर

### मोदी व पुतिन ने रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की गुरुवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री पुतिन के साथ टेलीफोन पर परस्पर हित के मुद्दों पर बातचीत की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार श्री पुतिन ने यूक्रेन से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। श्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति को उनके विस्तृत आकलन के लिए धन्यवाद देते हुए संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत तरह रूस के बीच विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### ब्राजीली राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से बातचीत की

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन कर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पिछले महीने पीएम मोदी की ब्राजील यात्रा पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ट्रेड, तकनीक, एनर्जी, डिफेंस और एग्रीकल्चर जैसे मुद्दों पर आपसी सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई थी। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की भी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने रीजनल और ग्लोबल मुद्दों पर भी बात की। इससे पहले सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत का प्रस्ताव ठुकरा कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रम्प को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा।

### भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा सौदों से संबंधित बातचीत बंद नहीं की

**नई दिल्ली।** भारत ने स्पष्ट किया है कि उसने अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत बंद नहीं की है और इससे संबंधित मीडिया रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत द्वारा अमेरिका के साथ रक्षा खरीद से संबंधित बातचीत रोके जाने के बारे में मीडिया में आ रही रिपोर्ट गलत और मनगढ़ंत है। सूत्रों ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि खरीद से संबंधित विभिन्न मामले निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रगति पर हैं। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद विभिन्न रक्षा खरीद के लिए चल रही बातचीत रोक दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से मांगा जवाब

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कोर्ट संवैधानिक वैधता पर विचार करेगा, याचिकाकर्ता ने कहा: नया कानून भी पुराने जैसा सख्त**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 152 की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर शुक्रवार को सहमति जताई और केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी किए।

बीएनएस की यह धारा राजद्रोह से संबंधित है, जो पूर्व की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124-ए की संशोधित संहिता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन तथा न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए इस मामले केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता पीबी सुरेश और अधिवक्ता प्रसन्ना एस याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए। उन्होंने इस मामले को महत्वपूर्ण बताते हुए इस पर विचार करने का अनुरोध किया। आईपीसी की धारा 124-ए की वैधता को चुनौती देने वाली एक याचिका संविधान पीठ के समक्ष विचाराधीन है। शीर्ष अदालत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने जुलाई 2022 में केंद्र और राज्य सरकारों को ऐसे अपराध के मामले में आगे कोई मुकदमा दर्ज न करने का निर्देश देकर आईपीसी के राजद्रोह प्रावधान पर वस्तुत: रोक लगा दी थी।

### सरकारी आवास समय पर खाली कर दूंगा: सीजेआई गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नवम्बर में रिटायरमेंट से पहले उपयुक्त (सूटेबल) घर मिलना मुश्किल है, लेकिन मैं नियमों के तहत तय समयसीमा में अपना सरकारी आवास खाली कर दूंगा। सीजेआई ने ये बात जस्टिस सुधांशु धूलिया के विदाई कार्यक्रम में कही। सीजेआई ने कहा कि मैं जस्टिस धूलिया को सुप्रीम कोर्ट में आने के बाद से जानता हूं। वे बहुत ही गर्मजोश और न्यायपालिका को समर्पित व्यक्ति हैं। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट की बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक

**यूपी सरकार ने मंदिर देखभाल के लिए बनाया था ट्रस्ट, अदालत ने केस हाईकोर्ट ट्रांसफर किया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा के वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर के चारों ओर कॉरिडोर बनाने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के लिए मंदिर न्यास कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल की अनुमति देने संबंधी अपना आदेश शुक्रवार को वापस ले लिया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद श्री बांके बिहारी मंदिर के कोष से कॉरिडोर निर्माण के लिए राज्य सरकार को 15 मई, 2025 को दी गई (शीर्ष अदालत की) अनुमति संबंधी आदेश को वापस ले लिया। इसके साथ ही पीठ ने मंदिर के प्रबंधन के लिए उच्च -शेष पृष्ठ दो पर

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल गांधी

## 25 सीट 35 हजार या कम अंतर से जीते पीएम, चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, तो साबित करेंगे

बेंगलुरु/नई दिल्ली, वार्ता



**कांग्रेस सांसद बोले: भारत का संविधान बेशकीमती है, देश को पांच सवालों का जवाब दे चुनाव आयोग**

**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डेटा मिल जाए, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटर्स का डेटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में ये बात कही। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को कहा कि भारत का संविधान -शेष पृष्ठ दो पर

### वोट चोरी पर राहुल गांधी के खुलासे की जांच हो : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** प्रियंका गांधी ने कहा है कि वोट चोरी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जो खुलासा किया है वह अत्यंत गंभीर है और उसकी जांच होनी चाहिए। श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को मतदाता सूची और डेटा उपलब्ध कराना चाहिए। आयोग तथा भाजपा जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं उससे साफ है कि कुछ गड़बड़ी हुई है और इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने इतना बड़ा खुलासा किया है, उसकी जांच होनी चाहिए। चुनाव आयोग वोटर लिस्ट नहीं दे रहा है, जांच नहीं कर रहा है, उल्टा हलफनामा मांग रहा है।

## हाईकोर्ट जज को क्रिमिनल केस से हटाने का फैसला वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सीजेआई के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी हटाई**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को उनकी सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले की सुनवाई से अलग रखने और उन्हें एक अनुभवी वरिष्ठ न्यायाधीश के साथ खंडपीठ में बैठाने के अपने अभूतपूर्व आदेश को शुक्रवार को वापस ले लिया।

सीजेआई बीआर गवई से प्राप्त एक पत्र पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसका (शीर्ष अदालत का) इरादा संबंधित न्यायाधीश को शर्मिंदा करने या उन पर आक्षेप लगाने का नहीं था। हाईकोर्ट के आदेश को हालांकि अवैध और विकृत बताते हुए शीर्ष अदालत ने इस मामले पर विचार करने का काम हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर छोड़ दिया। पीठ ने कहा कि हम पूरी तरह से स्वीकार करते हैं कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रोस्टर के मास्टर हैं यानी वह तय कर सकते हैं कि किस मामले को कौन से न्यायाधीश को सौंपा जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### बगैर मान्यता स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग ने बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की सूची 15 अगस्त तक उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निद. शक व बीएसए को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जिलों में चल रहे बिना मान्यता वाले सभी विद्यालयों की जांच कर व कार्यवाही करके 15 अगस्त तक सूचना अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि जिले में कोई बिना मान्यता का विद्यालय चलता हुआ मिलेगा, तो इसके लिए बीएसए व बीईओ ही जिम्मेदार होंगे।

### बाराबंकी में रोडवेज बस पर गिरा पेड़ पांच लोगों की मौत

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लगातार हो रही बारिश के बीच जिला मुख्यालय से नौ किलोमीटर दूर हैदरगढ़ मार्ग पर रोडवेज की अनुबंधित बस पर पेड़ गिर गया। इस हादसे में चार महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। एक महिला की पहचान शहर के मोहल्ला गुलरिया गार्दा की निवासी शिक्षा मेहरोत्रा (53) के रूप में हुई है। बाकी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। तीन अन्य महिलाओं की आयु 40 से 45 साल के मध्य बताई जा रही है। पेड़ काटकर लोगों को निक. ाला गया। हादसे के बाद कई यात्री खिड़की से कूदकर निकले। बारिश के दौरान हुए हादसे के कारण राहत व बचाव कार्य में देर हो रही है। रोडवेज बस सवारियां लेकर बाराबंकी से हैदरगढ़ जा रही बस पर करीब साढ़े 10 बजे राजा बाजार के पास पेड़ गिर पड़ा।

# स्वदेशी को बनाएं जीवन का मंत्रः सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को स्वदेशी वस्तुओं को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वदेशी को जीवन का मंत्र बनाने से दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के समापन पर देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए योगी ने युवा पीढ़ी से राष्ट्रभक्ति और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी हमारे जीवन का ध्येय बने, स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बने, हम जियेंगे स्वदेशी के लिए, हम मरेंगे अपने देश के लिए। अपनी राष्ट्रभक्ति की इस पराकाष्ठा के साथ जब भारत आगे बढ़ेगा, तो दुनिया की कोई ताकत भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगी। आजादी का यह संदेश हम सबको इस उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आर्थिक ताकत भी राष्ट्रनिर्माण से जुड़ी है और जब हम विदेशी वस्तुएं खरीदते हैं, तो न सिर्फ हमारा पैसा विदेश जाता है, बल्कि वही पैसा आतंकवाद और उग्रवाद में उपयोग होता है। उन्होंने अपील की कि आने वाले त्योहारों (रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, दशहरा, दीपावली, छठ) में स्वदेशी वस्तुएं ही उपहार में दें और खरीदें। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहारों में जब हम इस दौरान कोई स्वदेशी वस्तु खरीदते हैं, तो हमारे हस्तशिल्प और कारीगर काम पाते हैं। यह देश के विकास, उत्थान में खर्च होगा। हम जो भी उपहार देंगे या अपने घर के लिए खरीदेंगे, भले ही तात्कालिक रूप से थोड़ा महंगा हो, लेकिन वही खरीदेंगे जो स्वदेशी होगा। मुख्यमंत्री ने 2 अक्टूबर को हर उत्तर प्रदेशवासी से गांधी आश्रम जाकर खादी खरीदने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन में शहीद हुए देश के सपूतों को नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पीपल का पौधा भी लगाया। छोटी बालिक. ाओं के हाथों राखी भी बंधवाई और बेटियों को मिठाई और चॉकलेट भी उपहार में दी। इसके बाद उन्होंने म्यूजियम में सेल्फी और फोटोशूट भी कराया। मुख्यमंत्री ने शहीद सैनिकों के परिजनों को भी मंच पर सम्मानित किया, जबकि काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस दौरान संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें काक. ोरी ट्रेन एक्शन की उस घटना को प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ अगस्त 1925 को काकोरी में जिन महान क्रांतिकारियों ने ब्रिटिश हुकूमत के खजाने पर कब्जा कर उस धन को आजादी की लड़ाई में लगाया था, उन्होंने राष्ट्रभक्ति की जो ज्वाला जलाई, उसका ही परिणाम है कि 1947 में देश आजाद हुआ।

# यूपी में बाढ़ पीड़ितों की सुध लेने वाला कोई नहीं: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरा. ेप लगाया कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ के हालात भयावह है मगर पीघ्तिो की सुध लेने वाला कोई नही है। भाजपा सरकार अपनी ही आंतरिक खींचतान में उलझी हुई है। यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश में बाढ़ से 22 जिलों में हालत बहुत खराब है। गंगा, यमुना, राप्ती, सरयू, घाघरा नदियां उफनाई हुई है। बाढ़ की चपेट में तमाम लोग अपनी जान भी गंवा बैठे है।

मुख्य मार्गों से कटे इलाको में लोग बहुत सी परेशानियों से जूझ रहे हैं। खाने-पीने के सामान का संकट के साथ दवा-इलाज के लिए भी लोग तरस रहे है। पशुओं की हालत तो और भी ज्यादा खराब है। उनके चारे की भी दिक्कत आ रही है। सरकार का कहीं कोई प्रबंध नहीं नजर आता है। उन्होंने कहा कि उरई में सघ्के पानी से लबालब भरी हुई है। पहली मंजिल तक पानी भरने से तमाम लोग बेघर हो गए है। प्रयागराज में 80 हजार प्रतियोगी छात्र लाज-कमरे छोड़कर चले गए है। 400 से अधिक लाइब्रेरी बंद हो गई है। शहर के 60 मोहल्ले और जिले के 90 गांवो में बाघ्का पानी है। बाढ़ का पानी घरो के अन्दर बह रहा है। राजधानी लखनऊ में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से कमजोर पौधों के नष्ट होने की आशंका है। बाजरा, दलहन की फसलों को नुकसान होने से किसान चिंता में हैं। जर्जर मकान गिरने से कई लोग चोटिल हो चुके है।

### उत्तर प्रदेश में बारिश से जनजीवन प्रभावित

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार रुक रुककर बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी संभाग में नौ अगस्त को कई जगहों पर और 10 अगस्त को कुछ जगहों पर भारी बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। क्षेत्रीय मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान लखनऊ में छह सेमी से अधिक बारिश हुई।

# मैंने पुस्तकों पर कभी प्रतिबंध नहीं लगायाः उमर

श्रीनगर, वार्ता



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि उन्होंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नही लगाया है और ना भविष्य में कभी ऐसा करेंगे। वह कल रात एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनसे 'पुस्तकों पर लगाए गए प्रतिबंध हटाने' का आग्रह किया गया था।

उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है। सोशल मीडिया पर सक्रिय एक इंटरनेट उपयोगकर्ता ने अब्दुल्ला को टैग करते हुए लिखा किताबों से प्रतिबंध हटाओ। जिंदगी भर तुम किताबों से डरने वाले कायर के रूप में जाने जाओगे। किताबों पर से प्रतिबंध हटाओ। इस पर अपनी प्रतिक्रिया में श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने कभी भी पुस्तकों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाएंगे। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा मुझे कायर कहने से पहले अपने तथ्य ठीक कर लो, तुम अज्ञानी हो। यह प्रतिबंध उप राज्यपाल ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग- गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है। मैंने कभी किताबों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और न ही कभी लगाऊंगा।

### राज्यसभा में हंगामा जारी, कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

# मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर विपक्ष लामबंद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा

■ लोकसभा में भी बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर भारी हंगामा, कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

शून्यकाल में पहले स्थगन के बाद 12 बजे कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और कई अन्य विषयों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा जारी रखा। विपक्ष के कुछ सदस्यों ने हंगामे के दौरान ही व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहा। पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने सदस्यों ने सदन में व्यवस्था बनाए रखने और प्रश्नकाल की कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह प्रश्नकाल है, इसमें व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसी बीच कांग्रेस के प्रमोदी तिवारी ने किसी मुद्दे पर औचित्य का प्रश्न उठाने की को. शिश की, लेकिन पीठासीन तिवाड़ी ने इसकी अनुमति नहीं दी। उपसभापति ने कुछ सदस्यों द्वारा सदन में बैज पहन का आने का संज्ञान लेते हुए विगत में सभापति द्वारा दी गई एक व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई सदस्य बैज पहन कर सदन में नहीं आ सकता। उन्होंने सदस्यों से परम्पराओं का आदर करने का अनुरोध किया। उपसभापति ने जैसे भाजपा के आदित्य प्रसाद का नाम लेकर उनसे सूची के अनुसार सवाल पूछने को कहा सदन में हंगामा तेज हो गया। सरकार की ओर से उनके प्रश्न का जवाब देने के लिए खड़े हुए रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि वह जवाब देना चाहते हैं, लेकिन सदन में शोर हो रहा है। बिट्टू ने इसके साथ ही विपक्ष की आला. ेचना में कुछ कहना चाहा, लेकिन पीठासीन उप सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी और हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी।

### मिशन पोषण 2.0 कार्यक्रम के लाभ के लिए 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं पंजीकृत

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में कि मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत जुलाई की स्थिति के अनुसार 72.22 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएंलाभार्थी के रूप में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत, योजना की एक जनवरी 2017 से शुरुआत से जुलाई 2015 तक 4.05 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मातृत्व लाभ प्रदान किया जा चुका है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, केन्द्र सरकार ने देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में माताओं, जिनमें आदिवासी माताओं को इसमें शामिल किया हैं।



सेंसेक्स 80710.25
निफ्टी 24649.55



सोना रु. 100904
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114505
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली

मुबंई, वार्ता



अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क और इतना ही जुर्माना लगाने के कारण घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भारी बिकवाली रही, जिससे प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत लुढ़ककर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गए। बीएसई का सेंसेक्स 765.47 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 अंक पर बंद हुआ।

एनएसई का निफ्टी-50 भी 0.95 प्रतिशत की गिरावट में रहा और 232.85 अंक उतरकर 24,363.30 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल 9 मई के बाद का निचला स्तर है। निवेशक आज शुरू से ही बिकवाल रहे। सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 145.25 अंक नीचे 80,478.01 अंक पर खुला और पूरे दिन लाल निशान में रहा। यह ऊपर 80,550.40 अंक और नीचे 79,775.84 अंक तक गया। निफ्टी-50 भी 51.90 अंक टूटकर 24,544.25 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 24,585.50 अंक और निचला स्तर 24,337.50 अंक रहा। अमेरिकी आयात शुल्क की चिता में विदेशी निवेशक शेयर बाजार में लगातार बिकवाल बने हुए हैं। उन्होंने आज 62.944 करोड़ डॉलर की इक्विटी बेची। बाजार में सभी सेक्टरों में बिकवाली देखी गई। रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, धातु, फार्मा, ऑटो और आईटी समूहों ने बाजार पर सबसे ज्यादा दबाव बनाया। सेंसेक्स की 30 में से 25 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। भारती एयरटेल का शेयर 3.41 प्रतिशत टूट गया। टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा में भी दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एक्सिस बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट,

### सेंसेक्स तीन महीने के निचले स्तर पर

एचडीएफसी बैंक और टाटा स्टील के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच गिरे। वहीं एनटीपीसी का शेयर सबसे अधिक 1.39 प्रतिशत और टाइटन का 1.33 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। इनके अलावा ट्रेंट, आईटीसी और बजाज फिनसर्व में भी तेजी रही। एनएसई में 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी.100 सूचकांक एक प्रतिशत गिर गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.55 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.49 प्रतिशत लुढ़क गया। विदेशों में मिला-जुला रुख रहा। एशिया में जापान का निक्केई 1.85 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 0.89 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.21 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10 प्रतिशत की गिरावट में कारोबार कर रहे थे।

### 0.3 प्रतिशत गिर सकती है भारत की विकास दर: मूडीज

**चेन्नई।** अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त आयात शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने के कारण जुर्माने के रूप में 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने के बाद मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को कहा कि इससे देश की विकास दर में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

भारत को मुद्रास्फीति और निर्यात में संभावित गिरावट के बीच संतुलन बनाकर चलने की सलाह देते हुए रेटिंग एजेंसी ने कहा कि अमेरिका में आयात शुल्क की दोहरी मार से एशिया, प्रशांत के दूसरे देशों की तुलना में भारतीय सामानों पर वहां शुल्क 15 से 20 प्रतिशत अधिक हो जाएगा। चीन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा के बाद एशिया, प्रशांत के देश उस खाई को भरने के लिए होड़ लगा रहे हैं। उसने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क के जवाब में भारत किस प्रकार की प्रतिक्रिया देता है, उससे यह तय होगा कि भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) विकास दर कितनी रहेगी और मुद्रास्फीति तथा निर्यात किस प्रकार का रहता है। भारत ने साल 2022 से रूस से तेल आयात में भारी वृद्धि की है। इस दौरान यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर उसके कच्चे तेल की मांग कम होने से उसने वैश्विक बाजार की तुलना में सस्ते दाम पर भारत को तेल की आपूर्ति की।

# इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, वार्ता

इलेक्ट्रिक वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में 4.83 प्रतिशत बढ़कर 1,88,891 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल जुलाई में देश में 1,80,185 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। ऑटोमोबाइल डीलर संगठनों के महासंघ (फाडा) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जुलाई में दुपहिया वाहनों की बिक्री 4.35 प्रतिशत घटकर 1,02,973 इकाई रह गई। जुलाई 2024 में देश में कुल 1,07,655 दुपहिया वाहन बिके थे। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने जुलाई की बिक्री के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जुलाई 2025 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में तेजी जारी रही। दुपहिया वाहनों को छोड़कर अन्य सेगमेंट में बिक्री बढ़ी है। उन्होंने बताया कि वृद्धि देश के धीरे.धीरे ईवी की ओर बढ़ने की पुष्टि करती है। अब आम ग्राहक भी इलेक्ट्रिक वाहनों को अपना रहे हैं। सरकार की तरफ से नीतिगत स्तर पर सतत समर्थन, सस्ते ऋण और चार्जिंग सुविधा में तेज वृद्धि इस गति को आगे भी बनाए रखने में महत्वपूर्ण होगी। दुपहिया वाहनों में ईवी की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में 7.5 प्रतिशत है। वहीं तिपहिया श्रेणी में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 62.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। यात्री वाहनों के मामले में ईवी की बाजार हिस्सेदारी 4.7 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 1.63 प्रतिशत रही। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री जुलाई में 93.21 प्रतिशत बढ़कर 15,528 इकाई पर पहुंच गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 8.59 प्रतिशत और वाणिज्यिक वाहनों में 52.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इस साल जुलाई में इनकी बिक्री क्रमशः 69,146 इकाई और 1,244 इकाई रही।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धराली आपदा...**

लगभग 400 लोगों को निकाला था। शुक्रवार को भी करीब 300 लोगों को निकालने का टारगेट पूरा होने की उम्मीद है। आपदा पीड़ितों को राहत एवं खाद्य सामग्री भी वितरित की जा रही है। बताया कि पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है। आपदा क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग के अलावा सेना ने भी अपना हेल्थ कैंप लगाया हैं। उत्तरक. ाशी जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि और संपत्ति के नुकसान का आंकलन जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़कों की मरम्मत का काम जारी है।

**रूस ने थामा...**

ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा कि ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनी. तिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है। इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टामी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टामी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने की बात भी कही है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिक. ारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितम्बर- अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वाशिंगटन में हुआ था।

**सुप्रीम कोर्ट की...**

न्यायालय के एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्देश दिया और राज्य सरकार की ओर से जारी अध्यादेश के माध्यम से इसी तरह की समिति गठित करने पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने हालांकि याचिकाकर्ताओं को उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर न्यास अध्यादेश-2025 की वैधता को चुनौती देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने कहा कि हम अपनी समन्वय पीठ द्वारा दिए गए आदेश के उस हिस्से को संशोधित करेंगे जो याचिकाकर्ताओं को प्रभावित करेगा। साथ ही हम उन्हें अध्यादेश के विरुद्ध उच्च न्यायालय जाने की अनुमति देंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस बीच प्रबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समिति का गठन करेगी और इस संबंध में विस्तृत आदेश शनिवार तक (शीर्ष अदालत की बेवसाइट पर) अपलोड कर दी जाएगी। पीठ ने कहा कि अध्यादेश (राज्य सरकार का) के अनुसार समिति का गठन स्थगित रखा जाएगा।ह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज के अनुरोध पर पीठ ने अध्यादेश पारित करने पर सवाल उठाने वाली उच्च न्यायालय की टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

**मोदी वोट चुराकर...**

बेशकीमती है और चुनाव आयोग को इसकी प्रतिष्ठा के लिए पांच सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि चुनाव आयोग को बताना चाहिए कि वीडियो और सीसीटीवी के सबूत क्यों और किसके कहने पर मिटाए जा रहे हैं। सवाल है कि आयोग क्या भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग से पांच सवाल हैं और देश इनका जवाब चाहता है। पहला सवाल है कि विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट क्यों नहीं मिल रही। क्या छिपा रहे हो। दूसरा है कि सीसीटीवी और वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं-क्यों और किसके कहने पर। तीसरा है- फर्जी वोटिंग और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की गई-क्यों। चौथा सवाल विपक्षी नेताओं को क्यों डराया धमकाया जा रहा है और पांचवा सवाल-साफ-साफ बताओ- क्या भारत का चुनाव आयोग अब भाजपा का एजेंट बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग को समझना चाहिए कि भारत का लो. कतंत्र बेशकीमती है - इसकी चोरी का अंजाम बहुत भयानक होगा। अब जनता बोल रही है-बहुत हुआ।

### मुर्मू ने देशवासियों को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मू ने अपने संदेश में कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवा. सियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन का यह पावन पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो समाज में सद्भाव और सहयोग की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को सहेजने का अवसर प्रदान करता है। यह पर्व माताओं, बहनों और बेटियों के सम्मान और सुरक्षा का संदेश देता है। आइए इस शुभ अवसर पर हम सब मिलकर एक समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प लें।













वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ट्रक की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

## घायल महिला अस्पताल में भर्ती, जमनानगर से जा रहे थे बरेली

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार की दोपहर सहारनपुर मार्ग बढ़कली मोड के निकट तेजी व लापरवाही से आए ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को पीछे से रौंद डाला जिसमें एक मासूम बच्चे व उसके चाचा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक की भाभी गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए मोबाइल के आधार पर इस घटना की जानकारी पीड़ित परिवार वालों को दी। पुलिस ने दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और चालक के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी।

मूलरूप से बरेली के गणेशपुर मीरगंज निवासी 23 वर्षीय भारत पुत्र निरंजन अपने भाई मुकेश, भाभी जयंती आदि परिजनों के साथ जमना नगर स्थित प्लाइवुड की फैक्ट्री में काम करता था।



मृतकों का फाइल फोटो



घायल महिला

शुक्रवार की सवेरे भारत बाइक द्वारा अपनी भाभी जयती व एक वर्ष के भतीजे विहान को लेकर जमना नगर से अपने गांव जा रहा था। जैसे ही भारत सहारनपुर मार्ग बढ़कली मोड के निकट पहुंचा तो अचानक ही मौत बन कर आए ट्रक ने पीछे से आकर टक्कर मार दी। बताया जाता है कि भारत व एक वर्ष का मासूम विहान अलग जाकर पडे और जयती दूसरी तरफ जाकर गिरी। ट्रक का पहिया भारत व विहान को रौंदता हुआ आगे निकल गया जिससे मौके पर ही उन्होने दम तोड दिया। उधर घायल जयंती की जब सांसे चलती देखी तो ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से उसको जिला अस्पताल पहुंचाया, यहां पहुंची पुलिस ने भारत व उसके भतीजे के शव को मोर्चरी में रखवाया और मोबाइल के आधार पर इसकी जानकारी जयंती के पति मुकेश को दी। दर्दनाक हादसे की जानकारी मिलते ही मुकेश व परिवार के अन्य लोग जिला अस्पताल पहुंचे। इस समय यहां परिवार में रोना पीटना पडा हुआ था पुलिस ने चालक के विरूद्ध कार्यवाही का आश्वासन दिया मुकेश का कहना था कि वह और उसका परिवार कई वर्षो से जमानगर की प्लाईवूड की फैक्ट्री में काम करते है और उसकी पत्नी व भाई जमनानगर से बरेली के लिए चले थे।

# भाई-बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन आज

■ रंग बिरंगी राखियों से सजे बाजारों में उमड़ रही भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार भाई-बहन के प्रेम का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन रविवार को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन की तैयारियों के लिए बाजारों में दिन भर भीड़ उमडी रही लोगों ने जमकर खरीदारी की। विष्णु लोक के संच. ालक पंडित विनय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष रक्षा का पावन पर्व नौ अस्त को मनाया जाएगा। प्रातः ग्यारह बजकर 37 मिनट से दोपहर बारह बजकर 24 मिनट के बीच अभिजित मोर्हत में राखी बंधेगी तो अत्यंत श्रेष्ठ रहेगा। उन्होने बताया कि इस दिन श्रावणी पूर्णिमा दोपहर एक बजकर 25 मिनट तक रक्षा बंधन का पावन पर्व एक बजकर 25 मिनट तक मनाना विशेष फलदायी रहेगा।



मुजफ्फरनगरः बाजार में राखी की खरीदारी करती महिला।



मुजफ्फरनगरः तिरंगा साईकिल यात्रा से देशभक्ति की भावना जगाते राज्यमंत्री कपिल देव।

# तिरंगा यात्रा निकालकर दिया देशप्रेम का संदेश

## मंत्री कपिल ने साईकिल चलाकर जगाई देशभक्ति की भावना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा मुजफ्फरनगर के मेरठ रोड स्थित शार्डन पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने साइकिल चला कर देशभक्ति का संदेश दिया। सैकडों स्कूली बच्चों, शिक्षकों और नागरिकों की सहभागिता वाली यह यात्रा शौर्य, श्रद्धा और संकल्प की अद्भुत मिसाल बनी।

शिव चौक तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के रंग में रंगे छात्र-छात्राओं ने जब 'भारत माता की जयह और 'वंदे मातरम् के गगनभेदी नारे लगाए, तो पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम से गुंजायमान हो गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि यह तिरंगा केवल कपडा नहीं है, यह हमारे पूर्वजों के बलिदान, हमारी आजादी की अमर गाथा और भारत की संप्रभुता का प्रतीक है। हर भारतीय के हृदय में इसकी प्रतिष्ठा है, और हर घर पर इसका स्थान होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए 'हर घर तिरंगा-हर मन तिरंगा' अभियान ने देश को एक नई ऊर्जा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह संकल्प और भी व्यापक स्तर पर साकार हो रहा है। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का समापन शिव चौक पर हुआ, जहाँ मुजफ्फरनगर व्यापार मंडल द्वारा पुष्पवर्षा कर अतिथियों और प्रतिभागियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल से विश्वदीप बिट्टू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल तथा उनकी समर्पित टीम ने यात्रा को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई। उन्होने कहा कि तिरंगा यात्रा के इस आयोजन ने ना केवल स्कूली विद्यार्थियों में देशभक्ति की अलख जगाई, बल्कि स्थानीय नागरिकों को भी गौरव और ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवाद की भावना और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के विचार को साकार करता है। यहां पर विश्वरत्न, दीपक मित्तल, मंडल अध्यक्ष, विश्वदीप बिट्टू, विशाल गर्ग, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, अजय सागर व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### एक नजर...

# किशोरी से रेप में एक को उम्र कैद

**मुजफ्फरनगर।** तितावी थाने में 4 नवम्बर 2023 को एक पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित ने बताया था कि उसने गांव में अमरूद का बाग ले रखा है और अमीर आलम नामक युवक ने उसकी बेटी के साथ दुराचार किया है। आरोपी युवक उसके बाग में पहुंचा और उसकी बेटी को दबोचकर उसके साथ दुराचार किया है। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया था। इसके बाद तितावी पुलिस ने कार्यवाही को आगे बढ़ाया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तितावी पुलिस ने कुछ दिन बाद ही आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था तभी से यह मामला विशेष अदालत पोस्को में विचाराधीन था। इस केस की पैरोकारी शासकीय अधिवक्ता विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने की। आरोपी पक्ष व पीड़ित पक्ष के अधिवक्ताओं के बीच घटना से संबंधित बहस हुई और इस मुकदमें में सात गवाह पेश किए गए। अधिवक्ताओं ने घटना से संबंधित आरोपी के विरूद्ध कोर्ट में कुछ सबूत भी पेश किए जहां न्यायाधीश अलका भारती ने सबूत व गवाहों के आधार पर अमीर आलम को दोषी पाया। इसके बाद कोर्ट ने शुक्रवार को अमीर आलम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# झूठी अफवाह में चार दबोचे

**मुजफ्फरनगर।** कड़ी कार्यवाही व पुलिस की सख्त हिदायत के बाद भी चारों ओर चोर का शोर मच रहा है जिससे लोग भयभीत हो रहे है, हालांकि पुलिस प्रशासन बार-बार समाचार पत्रों द्वारा यह संदेश दे रहे है कि किसी अफवाह पर ध्यान न दे, लेकिन इसके बाद भी शाम होते ही लोगों में दहशत सी सवार हो जाती है। अभी भी जानकारी मिल रही है कि नगर के कई मौहल्लों में चोर होने का शोर मच रहा है और लोग जाग-जाग कर पहरा दे रहे है हाल ही में एक मामला शहर कोतवाली में आया जिसकी सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चार लोगों को चोर की झूठी सूचना देने व एक व्यक्ति को जान से मारने की नियत से उस पर हमला करने के मुकदमें में जेल भेजा है। नगर कोतवाली पुलिस की माने तो सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला आनंदपूरी निवासी अभिषेक शर्मा पुत्र संदीप शर्मा ने कोतवाली पुलिस को सूचना देकर बताया था कि वह जब ग्राम शाहबुद्दीनपुर गया तो कुछ लोगों ने चोर होने का शोर मचाकर जान से मारने की नियत से लाठी डंडो से हमला कर उसको घायल कर दिया था। दी गई तहरीर में गाली-गलौच व धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है पीड़ित का कहना है कि कुछ लोगों ने चोर होने का शोर मचाया और कुछ लोगों ने उस पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तुरंत ही कार्यवाही करते हुए सोनू पुत्र रणधीर , आलोक पुत्र अमन, बिट्टू पुत्र रूग्गन, मोहित पुत्र रामभजन निवासीगण शाहबुद्दीनपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद चारो आरोपियों को जेल भेज दिया है पुलिस का कहना है कि इस मामले की अब जांच की जा रही है यदि पीड़ित अभिषेक शर्मा पर हमले में कोई ओर नाम प्रकाश में आता है तो उसके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। बता दे कि विगत दिवस नई मंडी क्षेत्र के समीपवर्ती गांव शेरनगर में भी एक ट्रक चालक पर चोर बताकर जानलेवा हमला किया गया था। इस मामले में कार्यवाही के लिए पीड़ित की ओर से तहरीर दी गई थी विगत रात्रि भी शाहबुद्दीनपुर रोड पर चोर होने का शोर मचाकर कुछ लोगों ने फायरिंग की थी इसके अलावा भी कई स्थानों पर ऐसे मामले आ रहे है कि चोर होने का शोर मच रहा है जिससे लोग पूरी तरह भयभीत हो रहे है इस बात से भी नकारा नहीं जा सकता कि पुलिस लगातार अफवाह फैलाने व मारपीट करने वालों पर कार्यवाही कर रही है।

# सिखेड़ा पुलिस पर गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम सिखेडा निवासी युसूफ पुत्र मौहब्बत अली ने एसएसपी के नाम लिखे शिकायती पत्र में बताया कि सिखेडा पुलिस ने घर के बाहर लगे टीनशैड काटकर यहां लगा सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर चोरी कर ली है। पीड़ित ने बताया कि पांच अगस्त 2025 को वह मुकदमें के मामले में बाहर गया हुआ था जहां रात के समय सिखेडा पुलिस उसके घर पहुंची और इन लोगों ने सीसीटीवी कैमरे व डीवीआर चोरी की है। पीड़ित का कहना है कि इस सीसीटीवी कैमरे में उनके साथ हुई घटना कैद थी जहां पुलिस ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से यह हरकत की है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि सिखेडा पुलिस उन्हे फर्जी मुकदमें में फंसाना चाहती है और वह इसकी जानकारी कई बार युसूफ ने डीआईजी सहारनपुर, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी को भी इस संबंध में एक शिकायती पत्र देते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित का कहना है कि यदि इस मामले में जांच की जाए तो पुलिस कानूनी कार्यवाही के दायरे में आ जाएगी।

# द्वारिका सिटी को लेकर सुप्रीम कोर्ट का राहत भरा सुप्रीम निर्णय

## केवल गुंजन गुप्ता के प्लाट पर ही रोक, शेष भूमि पर जारी रहेंगे निर्माण कार्य

शरद गोयल
जिला प्रभारी

**मुजफ्फरनगर।** सुप्रीम कोर्ट ने मुजफ्फरनगर के जानसठ रोड स्थित द्वारिका सिटी कालोनी से जुडे एक प्रकरण में अपने पूर्व आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा है कि यथास्थिति केवल याचिकाकर्ता गुंजन गुप्ता के स्वामित्व वाली भूमि के सम्बन्ध में ही बनी रहेगी। राज्य या प्रतिवादी को अपनी विकास गतिविधियां जारी रखने की स्वतंत्रता होगी। गुंजन गुप्ता के वरिष्ठ अधिवक्ता के अनुरोध पर सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि तय की है।



अनुभव कुमार
सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता

मिली जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने आज मुजफ्फरनगर की द्वारिका सिटी कालोनी को लेकर याचिकाकर्ता गुंजन गुप्ता की याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची ने आज सुनवाई की।

गौरतलब है कि गुंजन गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के 27 मई 2025 के आदेश की कॉपी जिलाधिकारी तथा मुजफ्फरनगर प्राधिकरण के अधिकारियों को रिसीव कराते हुए दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट ने द्वारिका सिटी में होने वाले समस्त निर्माण कार्यो पर रोक लगा दी है। जिस पर प्रशासन ने द्वारिका सिटी के विभिन्न भूखण्डों पर चल रहे निर्माण कार्यो पर रोक लगा दी थी इससे वहां मकान बना रहे लोगों में सनसनी के साथ-साथ भय का माहौल भी बन गया है। अनिश्चितता का माहौल बनने पर भूखण्ड खरी. दने वाले लोगों ने प्रदर्शन भी किया था तथा द्वारिका सिटी के भविष्य को लेकर कई प्रश्न खड़े हो गये थे। जबकि द्वारिका सिटी संचालकों का कहना था कि आदेश में केवल गुंजन गुप्ता द्वारा दर्शायी गई निजी सम्पत्ति को लेकर ही रोक के आदेश जारी किये गये हैं। इस मामले को लेकर निजी स्तर पर भी दोनों पक्षों के बीच सुलह के प्रयास किये गये थे, लेकिन सुलह न होने पर सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी थी।

आज द्वारिका सिटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल सुब्रीमणीयम, अनुभव कुमार आदि ने तर्क रखे और कोर्ट को अवगत कराया कि 27 मई के यथास्थिति बनाये रखने सम्बन्धी आदेश को गलत समझा जा रहा है। राज्य अधिवक्ता ने भी ऐसा ही तर्क दिया। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि प्रतिवादी गुंजन गुप्ता के स्वामित्व वाली भूमि के सम्बन्ध मे ही यथास्थिति रहेगी, शेष भूमि पर विकास गतिविधियां जारी रखने की स्वतंत्रता होगी। गुंजन गुप्ता के अधिवक्ता के अनुरोध पर कोर्ट ने 14 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। गौरतलब बात यह भी है कि द्वारिका सिटी की ओर से विद्वान अधिवक्ता अनुभव कुमार द्वारा कहा गया कि वह याचिकाकर्ता द्वारा की गई प्रार्थना को स्वीकार करने के लिए तैयार एवं इच्छुक है। अर्थात उसके प्लाट की उत्तरी सीमा पर आन्तरिक चकरोड के माध्यम से पहुंच मार्ग प्रदान करने के लिए तैयार है। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से द्वारिका सिटी के संचालकों के साथ-साथ कालोनी के लोगों ने भी राहत की सांस ली है।

वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को अभूतपूर्व बताया।

# सभासदों ने कब्जाई पालिका की भूमि, समिति गठित करने की तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका की संपत्ति पर लगातार कब्जे के मामले सामने आते रहे हैं। ऐसा ही प्रकरण पिछले कुछ दिनों से चर्चाओं में है दो सभासदों के पालिका की ही भूमि को कब्जाने के आरोप सामने आये। शिकायत हुई और पालिका प्रशासन ने जांच कराई तो यह मामले सही साबित हुए। दो सभासदों ने नगरपालिका की भी जमीन पर अपना कब्जा कर लिया। पालि. का के संपित्त विभाग ने भूमि को कब्जा मुक्त करते हुए सभासद का ताला तुड़वाकर अपना ताला डाल लिया तो दूसरे प्रकरण में अंतर विभागीय समिति का गठन करते हुए अपनी भूमि वापस पाने की तैयारी कर ली गई है।

शहर में नगरपालिका के क्वार्टर के पास पालिका की भूमि भी पड़ी है, जिस पर कुछ निर्माण कार्य भी चल रहा है। इसी भूमि पर एक सभासद ने अपना कब्जा स्थापित करने के लिए दरवाजा लगाया और ताला डाल लिया, जबकि भूमि नगरपालिका की संपित्त है। मामले में शिकायत हुई तो ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के आदेश पर संपत्ति विभाग ने जांच की, जिसमें शिकायत सही साबित हुई और पालिका भूमि पर सभासद का कब्जा पाया गया। विभाग ने रिपोर्ट दी तो पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के आदेश पर ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने संपत्ति से सभासद को कब्जा हटवाया और टीम को भेजकर सभासद का ताला तुड़वाकर पालिका का ताला लगवाते हुए संपत्ति अपनी निगरानी में ली गई। इसके साथ ही रुड़की रोड पर भी नगरपालिका की संपत्ति पर एक सभासद के द्वारा कब्जा कर अपना कार्यालय तक बना लिया गया। इसमें शिकायत के बाद पालिका प्रशासन ने जांच की। पहले तो अज्ञात के खिलाफ नोटिस चस्पा किया गया, लेकिन जांच में सभासद का नाम सामने आने पर नोटिस जारी कर पालिका की भूमि पर अवैध कब्जा छोड़ने के लिए कहा गया। इसमें सभासद ने उक्त भूमि को अपनी बताते हुए जवाब दिया है कि उस पर वो 12 साल से काबिज हैं। मामला पेचीदा हुआ तो ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के आदेश पर संपत्ति विभाग ने इसमें कानूनी सलाह ली और अब कानून के रास्ते ही अपनी भूमि को सभासद से कब्जा मुक्त कराने की तैयारी है। पालिका के संपत्ति विभाग के प्रभारी अधिकारी सहायक अभियंता निर्माण नैपाल सिंह ने बताया कि दो स्थानों पर पालिका की अचल संपत्ति पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी। मीनाक्षी चौक के पास वाली संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाकर उसको अपनी निगरानी में ले लिया गया है, जबकि रुड़की चुंगी के पास वाली संपत्ति को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए जांच की गई। इसमें पाया गया है कि यहां पर पालिका के द्वारा भूमि पर शौचालय का निर्माण कराया गया था। इसी को कब्जाया गया है। यहां पर गेट और अन्य निर्माण कर कार्यालय बनाया गया है।

इस मामले में ईओ के निर्देश पर अधिवक्ता से विधिक राय ली गई है। उसके अनुसार राजस्व विभाग और पालिका के संपत्ति तथा निर्माण विभाग से संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही की जायेगी। रक्षाबंधन के बाद कब्जा हटवाने की पूरी तैयारी की गई है।

# डंडे धारी युवकों ने मचाया आतंक

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के एटूजेड कॉलौनी के निकट एक एक सेलून के बाहर कुछ युवक सड़क पर खडी बाइक पर डंडों से वार कर उसे दौड रहे है इस दौरान यहां इधर से गुजरने वाले लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और आस-पास पडौस के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। इस मामले की वीडियों वायरल हो रही है जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि सेलून के बाहर हाथों में डंडे लिए किस तरह गुंडागर्दी कर रहे है। कुछ लोग इन्हे समझा रहे है, लेकिन युवक समझने को तैयार नहीं है।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है अब यह जांच का विषय है। यह मामला पुलिस के संज्ञान में भी आ चुका है।

# जीएसटी प्रकरण में एक बड़ा उद्यमी हिरासत में

**मुजफ्फरनगर।** जीएसटी के एक मामले में मुजफ्फरनगर के एक बडे व्यापारी को जीएसटी विभाग द्वारा हिरासत में लिए जाने की चर्चाए शुक्रवार की शाम बडी तेजी के साथ फैली। बताया गया है कि जिले में लोहे का कारोबार करने वाला एक बड़ा उद्यमी आज जीएसटी प्रकरण की सुनवाई को लेकर देहरादून गया हुआ था। कर चोरी से जुडे मामले में उसकी गिरफ्तारी को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। उक्त उद्यमी कई शैक्षिक और धार्मिक संस्थाओं से भी जुडा हुआ है। इस मामले में स्थानीय विभागीय अधिकारियों ने किसी प्रकार की कोई जानकारी न होने की बात कही।

# ब्रह्माकुमारी विश्व विद्यालय में मना रक्षा बंधन




शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** गांधीनगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र में भाई बहन के पवित्र स्नेह का सूचक रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। भाई बहन के पवित्र स्नेह का सूचक रक्षाबंधन का पावन पर्व मुजफ्फरनगर गांधीनगर के क्षेत्र में ब्रह्माकुमारी ने धूमधाम की रक्षाबंधन प्रोग्राम की शुरुआत की जिसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारी बहने पुलिस थाना, महिला पुलिस थाना, प्रशासनिक अधिकारियों व उद्योगपतियों, व्यापारियों, के साथ ही चिकित्सकों ,राजनीतिज्ञों, स्कूल, कॉलेज पहुंची और उनको राखी बांधकर संदेश दिया कि आध्यात्मिकता मानव आत्मा को परमात्मा से जोडने का संदेश देती है और यह परमात्मा का दिव्य रक्षा सूत्र हम सभी आत्मा का रक्षा करेंगे।



# एसटी 'एन' स्कूल में संपन्न हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता

**मुजफ्फरनगर।** ईदगाह रोड स्थित एसटी 'एन' स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी के सभी छात्र-छात्राओं ने सुंदर राखी बनाई। प्रतियोगिता में विजयी रहे इब्राहिम व अन्य छात्रों को प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी ने सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जोया, प्रीति आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजी. एंड टेक्नोलॉजी ने रचा इतिहास, ISRO ने बनाया नोडल सेंटर

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ISRO ने कॉलेज को इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग प्प्दै का नोडल सेंटर घोषित किया है। IIRS देहरादून, ISRO का एक प्रमुख केंद्र है जो रिमोट सेंसिंग, जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजी, जीआईएस, सैटेलाइट डेटा एनालिसिस और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़े प्रशिक्षण एवं शोध कार्यक्रम संचालित करता है। इस मान्यता के साथ अब कॉलेज के विद्यार्थी एवं संकाय सदस्य IIRS-ISRO द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन एवं लाइव ट्रेनिंग प्रोग्राम, सर्टिफिकेट कोर्स और रिसर्च प्रोजेक्ट्स में सीधे तौर पर भाग ले सकेंगे, जिससे उन्हें अत्याधुनिक अंतरिक्ष तकनीक से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इससे पहले भी एस.डी. कॉलेज को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान प्राप्त हो चुका है। अब IIRS-ISRO का नोडल सेंटर बनना कॉलेज की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को और मजबूती प्रदान करेगा तथा छात्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और शोध के अवसर उपलब्ध कराएगा। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि एसडी कॉलेज को ISRO जैसे प्रतिष्ठित संगठन से जुड़ने का यह अवसर न केवल हमारे छात्रों के लिए, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह कदम युवाओं को विश्वस्तरीय शोध एवं तकनीकी नवाचार से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा। निदेशक डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने भी इस उपलब्धि पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि IIRS नोडल सेंटर बनने से हमारे छात्रों को भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रमों से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। कॉलेज प्रबंधन ने इस उपलब्धि के लिए IIRS और ISRO का आभार जताया।

शिवा ग्रुप ऑफ कॉलेज
COURSE OFFERED
D. PHARMA (डी. फार्मा)
C.C.-1491
POLYTECHNIC
(ELECTRICAL, CIVIL, MECHANICAL, FASHION DESIGNING)
(डिप्लोमा) C.C.-1183
ITI (आई0टी0आई) C.C.-3978
(ELECTRICIAN, FITTER, COPA, FASHION DESIGING)
इण्टर कॉलेज (PCM, PCB, COMM., ART)
C.C. 1339
पता:- NEAR NH-58, जौली रोड, बिलासपुर, मुजफ्फरनगर
Ph. 9690731170, 9411449915, 9927075234, 8077158717

# गंगा बैराज पर जलस्तर खतरे के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** शिवालिक पहाड़ियों पर हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते गंगा बैराज पर पानी का स्तर इस समय खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। जलस्तर में इस वृद्धि के कारण रामराज क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इनमें प्रमुख रूप से ग्राम जीवनपुरी, रामपुर ठाकरा, चुहापुर, अहमदवाला, उजियाली खुर्द, जलालपुर नीला, लालपुर रहडवा आदि गांव शामिल हैं, जहां पानी भरने से जनजीवन प्रभावित हो गया है। उधर भीमगोडा हरिद्वार से भारी वर्षा के चलते 180810 क्यूसेक पानी देर रात छोडा जायेगा जिससे बाढ की स्थित ओर बढने की संभावना है।

बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का हाल जानने के लिए मीरापुर की विधायक मिथलेश पाल और एसडीएम जानसठ जयेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जलभराव के कारण सड़कों पर यातायात बाधित होने से दोनों अधिकारियों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वे किया। विधायक मिथिलेश पाल ने बताया कि ग्राम जीवनपुरी और रामपुर ठाकरा में लगभग तीन फुट तक पानी भर गया है, जिससे गांव में बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति बनी हुई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण पशुओं के चारे की समस्या सामने आ रही है, जिसके लिए प्रशासन ने भूसे की व्यवस्था की है। वहीं, प्रभावित ग्रामीणों के लिए खाने की किट तैयार की जा रही हैं, जिन्हें जल्द ही वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष खादर क्षेत्र के इन गांवों में गंगा का जलस्तर बढ़ते ही बाढ़ की स्थिति बन जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए कई स्थानों पर बांध का निर्माण कराया गया है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में पानी का दबाव अधिक होने से स्थिति को नियंत्रित करना कठिन हो जाता है। विधायक ने आश्वासन दिया कि विधानसभा में इन गांवों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रशास. निक अधिकारी लगातार गांवों का दौरा कर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक मदद का आश्वासन दे रहे हैं। हालांकि, लगातार बढ़ते पानी के कारण लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। दिल्ली-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी पानी आने से सड़क मार्ग बंद कर दिया गया है, जिसके कारण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। फिलहाल ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए ही लोगों का आना-जाना संभव हो पा रहा है। गंगा बैराज के पास खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से प्रशासन और स्थानीय लोग मिलकर प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने और आवश्यक सामग्री पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। गांवों के अंदर कई घरों और खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते तीन दिनों से लगातार बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे लोगों के दैनिक जीवन में भारी व्यवधान आ गया है। स्कूल बंद हैं, बाजारों में सन्नाटा है और कई घरों में पीने के पानी व बिजली की भी समस्या उत्पन्न हो गई है।

ग्रामीण प्रशासन से जल्द से जल्द राहत कार्यों को तेज करने और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि हर साल आने वाली इस आपदा से उन्हें निजात मिल सके। इस समय पूरे क्षेत्र में बाढ़ का असर साफ दिखाई दे रहा है और सभी की निगाहें गंगा के जलस्तर पर टिकी हुई हैं, जो फिलहाल खतरनाक स्तर पर बह रही है।

## एआईएमआईएम नेताओं ने किया सभास्थल का निरीक्षण

**बुढ़ाना।** आगामी 13 अगस्त को कस्बे के पुल पार स्थित फ़ैज़ गार्डन में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की जनसभा है। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डा. मेहताब चौहान सहित कई वरिष्ठ नेता आ रहे हैं। इसी जनसभा को कामयाब बनाने के लिए जहां एक और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता व पदा. धिकारी जगह जगह बेठकें कर रहे हैं वहीं शुक्रवार को उन्होंने सभास्थल का निरीक्षण किया। इससे पूर्व पार्टी के जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 के सदस्य पद के संभावित उम्मीदवार सेय्यद बाबर के यहाँ बुढ़ाना विधानसभा के ज़िम्मेदारों की एक मीटिंग की गयी। जिसमे बताया गया कि आने वाली 13 तारीख को डा. मेहताब चौहान बुढ़ाना के फेज़ गार्डन मे आपने कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात करेंगे।इस दौरान मीटिंग में माजिद राना ,आज़म फारुकी, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम, कारी गफ्फार राना, सालिम राना, कादिर राना, उम्मेद राना और सलीम बेग आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

# किसानों के हितों से समझौता नहीं करते हैं पीएम मोदी

## इसी आधार पर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया समाप्त कराने मंत्री कपिल देव से मिले ग्रामीण



**मुजफ्फरनगर।** बिलासपुर, धंधेडा, कूकड़ा और शेरनगर के सैकड़ों किसानों ने आज पुन: 4200 बीघा कृषि भूमि के आवास विकास परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा अधिग्रहण किये जाने की प्रक्रिया के विरोध में राज्यमंत्री और स्थानीय विधायक कपिल देव अग्रवाल से मुलाकात की और उन्हें अधिग्रहण प्रक्रिया समाप्त कराने के अपने वायदे की याद दिलाई, साथ ही कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अमेरिका को दो टूक शब्दों में यह संदेश दे चुके हैं कि हमारी सरकार किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगी। क्षेत्र के किसान उनकी इस भावना से गद्गद हैं और उनका पीएम मोदी के इस वकतव्य से हौंसला भी बढ़ा है कि स्थानीय किसानों की इच्छा के विपरीत कोई अधिग्रहण आवासीय कालोनी के लिए नही कराया जायेगा। इस दौरान बिलासपुर के प्रधान ब्रजेश पाल, भीष्म पाल, रिषमपाल, प्रमोद राठी, सीताराम सैनी, वेदपाल, मनोज गुर्जर, मनोज कुमार, राजेन्द्र पाल, मोहित, दिनेश पाल, खुर्रम, अमरपाल सिंह, विकास पाल, दिनेश कुमार, मनोज कुमार, ब्रिजेश प्रधान आदि ने राज्यमंत्री कपिल देव पर भरोसा जताया है कि वह किसानों के हितों के विपरीत कोई कार्य नही होने देंगे।

# चोर बताकर मंदबुद्धि के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**मोरना।** क्षेत्र मे जारी अफवाहों का बहाना लेकर असामाजिक तत्व कानून से खिलवाड़ करने से नहीं चूक रहे हैं। मोरना मे चोर बताकर मंदबुद्धि युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट की गयी।

वायरल हो रही वीडियो पर पुलिस ने संज्ञान लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे करहेड़ा मार्ग पर कुछ युवकों द्वारा एक युवक के हाथ रस्सी से बांधकर उसे पेड़ से बांध दिया गया जिसके बाद उसके साथ कुछ युवकों द्वारा मारपीट की जा रही है। इस दौरान युवकों द्वारा खुलेआम दबंगई का प्रदर्शन किया जा रहा है। किसी फ़िल्मी सीन की भांति पेड़ से बांधे गये युवक के साथ मारपीट की जा रही है। आस पास खडे युवक मोबा. इल से वीडियो बनाकर दर्शक बने हुए है। कानून को हाथ मे लेकर खिलवाड़ करने वाले युवकों को ऐसा करने से रोकना तो दूर पुलिस को सूचना भी नहीं दी गयी। वहीं घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल किया गया।चोर के साथ मारपीट की खबर से गांव मे अफवाह फैल गयी किन्तु मंद बुद्धि युवक के साथ मारपीट की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने बेगुनाह युवक के साथ मारपीट कर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रक. ाश सिंह ने बताया की मोरना मे मंदब. ुद्धि युवक के साथ मारपीट का मामला संज्ञान मे आया है।युवक जानसठ का निवासी बताया गया है। मामले मे कोई तहरीर अभी प्राप्त नहीं हुई है। वीडियो के आधार पर आरो. पियों की शिनाख्त शुरू कर दी गयी है।

# मीरांपुर के स्कूलों में राखी प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया हुनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर। शिखर शिक्षा सदन** सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मीरांपुर में राखी एवं थाल सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह आयोजन दो चरणों में संपन्न हुआ। छोटे बच्चों ने राखी प्रतियोगिता में भाग लिया, जबकि बड़े बच्चों ने थाल सज्जा प्रतियोगिता में अपनी कलात्मकता दिखाई। प्रतियोगिता के पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उल्लास की लहर दौड़ गई। विजेता छात्र-छात्राएं इस प्रकार रहे। आरव कुमार, लक्षिका धीमान, तनुश्री, यश, अलिशा, हसमीत कौर, निधि, अदिति, अक्शा, दयम, सरल, प्रियांशी, नमन, सिया, सिमरन, तुशांत, आराध्या, आदित्य, प्रेरणा, सुभाना खान, हिफजा आदि। चेयरमैन सुशील शर्मा, डायरेक्टर राजेश शर्मा व प्रधानाचार्य पुनीत राजपूत ने बच्चो को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

**ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल** में आज रक्षाबंधन का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधकर उनके प्रति अपना स्नेह व्यक्त किया, वहीं भाइयों ने भी बहनों के प्रति सम्मान और संरक्षण का भाव प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग के लिए आयोजित एकल गीत प्रतियोगिता में गंगा सदन की आराध्या चौधरी, हनी सिंह, आन्या गोयल, अरशद और कृष्णा सदन की ऋषिका सिंह, कनिका सिंह, संस्कार एवं अर्णव रस्तोगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर वर्ग में राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें में रियांश गोयल, अक्षय, अश्वी कांबोज, प्रेरणा आर्या, आराध्या गुंबर, वेदान्शी, अरन्या, कृष, परम, अक्षिता, मनस्वी, माही, बानी मोतला और नव्या को प्रथम स्थान मिला। सीनियर वर्ग की निबंध लेखन प्रतियोगिता में राघव सिंह, अवनी शर्मा, हिमान्शी, अक्षी अवाना, शुभ गुप्ता, यशिका शर्मा, यशि गोयल, अनन्या सिंह, आन्या, पर्ल सुखीजा, अनिका, विधान, विराट अरोरा और यशस्वी सैनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान सभी छात्रो को बधाई दी।

**सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल** में बच्चों ने रक्षाबंधन का त्योहार बड़े उत्साह के साथ मनाया। बहनों ने अपने भाइयों के हाथों में राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत किया और याद दिलाया। भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार दिए और बहनों ने अपने भाइयों को मिठाई खिलाकर इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। बच्चों ने बहुत खुशियों के साथ इस कार्यक्रम का समापन गाने के साथ किया।गौतम सर के रक्षाबंधन पर दिए गए भाषण को बच्चों ने पूरी तरह से निभाने का वादा किया। प्राचार्य सजी वर्गीस ने सभी बच्चों और शिक्षकों को धन्यवाद दिया और त्योहारों के महत्व को समझाते हुए उनके सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। **नन्ही दुनिया जूनियर हाई स्कूल** में विद्यालय की छात्राओं ने राखियां बनाकर स्कूल के छात्रो व प्रधानाचार्य को बांधकर उनका आशीर्वाद लिया तथा भाईयों ने व विद्यालय प्रबंध समिति ने उन्हे उपहार प्रदान किये। इस मोके पर सभी बच्चो ने उत्साह से भाग लिया।रामराज के दशमेश पब्लिक स्कूल में छात्राओं ने राखी बनाओं प्रतियोगिता में भाग लेकर सुंदर सुंदर राखियां बना कर प्रतियोगिता ने भाग लिया। प्रधानाचार्य आमिर खान ने स्मृति चिन्ह देकर सभी छात्राओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ डायरेक्टर सिम्मी सहोता द्वारा किया गया।

**किड्स केयर पब्लिक स्कूल** में रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों ने सुंदर राखियां बनाई तथा राखी प्रतियोगिता में बढचढकर भाग लिया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र विपिन कुमार व मेरी पुत्रवधू श्रीमति शालिनी सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मेरा व मेरे परिवार वालो को अपने जीवन में किसी भी प्रकार का कोई भी सही दखल को नही मानते हैं इनके द्वारा किसी भी कृत्य लेन देन व सामाजिक जिन्दगी से किसी भी प्रकार का मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यो की कोई जिम्मेदारी नही होगी। ये अपने कृत्य के स्वंय जिम्मेदार होगे। मैने दोनो इन दोनो से सभी सम्बन्ध समाप्त कर दिनांक 16/01/2025 को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।

**विरेन्द्र पाल सिंह**
**पुत्र स्व. ज्ञान सिंह**
**निवासी- मकान नम्बर 179**
**मौहल्ला आर्यपुरी, कस्बा ऊन**
**थाना झिंझाना जिला शामली**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं. 11572 दिनांक 15.10.2019 में गलती से माता का नाम सोनिया व मेरे पुत्र का नाम कृष्ण पाल अंकित करा दिया गया, जबकि मेरा वास्तविक नाम सोनिया पाल व मेरे पुत्र का वास्तविक नाम कृष्णा पाल है और भविष्य में मुझे व मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना जायेगा।

**सोनिया पाल पत्नी स्व. बिट्टू**
**निवासी म.न-1038/9/12**
**मौहल्ला रामपुरी तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम जन्म प्रमाण पत्र मे दीक्षा पुत्री सुक्खन सिंह गलत अंकित है जबकि मेरा वास्तविक नाम दीक्षा सिंह पुत्री सुक्खन सिंह तहसील के पीछे निकट एसडीएम आवास बुढाना जिला मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश है। इसलिए अब मुझे भविष्य मे दीक्षा सिंह पुत्री सुक्खन सिंह के नाम से ही जाना और पहचाना जाये।

**प्रार्थिया: दीक्षा सिंह पुत्री सुक्खन सिंह तहसील के पीछे निकट एसडीएम आवास बुढाना जिला मुज़फ्फरनगर यूपी।**

# पीडीए पंचायत में दिखी एकजुटता, सपा ने 2027 के लिए तैयार की रणनीति

**खतौली।** समाजवादी पार्टी खतौली विधानसभा क्षेत्र की पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पंचायत शुक्रवार को नगर के मोहल्ला मंसूरखां स्थित जिला सचिव हाजी इकबाल अहमद के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव शादाब परदेसी ने किया। पंचायत में सपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पंचायत में कार्यकर्ताओं ने 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एकजुटता दिखाते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला सचिव पंकज सैनी , नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है।इस मौके पर जिला सचिव हाजी इकबाल अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने पर तुली है। उन्होंने कहा कि समा. जवादी पार्टी ने हपीडीए पाठशाला की शुरुआत की है, जिससे गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को अपनाकर ही समाज में बदलाव संभव है।यूथ ब्रिगेड जिला उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गली-गली जाकर पीडीए मॉडल को जन-जन तक पहुंचाएं और सभी समुदायों को पार्टी से जोड़ें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नरेश कुमार पाल, अरशद खान (पूर्व सभासद), हकीम आफाक पठान, क"यूम अंसारी, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद रहीमुद्दीन, सोनू, फरमान अहमद, नदीम अहमद, शाजेब एडवोकेट, इमरान मलिक, जाकिर हसन, गुढू पाल, प्रेम सिंह, मो. कामिल, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद इरफान, मोहम्मद दिलशाद, आलम, दिलशाद मलिक, अरविंद पाल, राहुल पाल, राहुल वाल्मीकि, सचिन कश्यप, रवि सैनी आदि मौजूद रहे।

## कस्बे में निकाला गया रामलीला महोत्सव का झंडा

**बुढ़ाना।** कस्बे में आज शुक्रवार को श्री रामलीला महा उत्सव का झंडा मुख्य मार्गो से बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जिसका शुभारम्भ सायं के समय चांदनी वाला मंदिर से किया गया। मिली जानकारी के अनुसार चांदनी वाला मंदिर बुढाना से श्री रामलीला कमेटी द्वारा भारी उत्साह और धूमधाम से रामल. ीला ध्वज यात्रा निकाली गई। इस दौरान ध्वज यात्रा कस्बे के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। जो सैनी बाजार, नदी मंदिर रोड और पुरानी सब्जी मंडी आदि स्थानों को निकलकर वापस चांदनी वाला मंदिर पर जाकर समाप्त हुआ। लोगों ने अनेक स्थानों पर यात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा भी की। रामलीला ध्वज यात्रा निकालने और पूजन के साथ रामलीला मैदान में ध्वज स्थापित कर दिया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से नगरीय पीएचसी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सोनू कश्यप के अलावा रणधीर सैनी, धर्मेंद्र त्यागी और अरविंद गोयल आदि लोग मौजूद रहे। इन सभी ने पूजन में भी भाग लिया। श्री रामलीला कमेटी बुढ़ाना के नये अध्यक्ष प्रेम त्यागी ने बताया कि रामलीला मंचन के लिए कलाकारों के द्वारा रिहर्सल का कार्य भी शुरु करवा दिया गया है। रामलीला मंचन के लिए तैयारियां शुरु कर दी गई हैं।

# मंदवाडा में गन्ना सर्वे सट्टे का हुआ प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गन्ना विभाग की ओर से ग्राम स्तरीय गन्ना सर्वे सटा प्रदर्शन करने का कार्य जोरों शोरों से बुढ़ाना क्षेत्र में बजाज शुगर मिल लिमिटेड भसाना से आए गन्ना अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है।

गन्ना विकास विभाग के कर्मचारी भी गांव गांव पहुंचकर किसानों को गन्ना सर्वे के अभिलेख दिखा रहे हैं। गन्ना किसानों को घोषणा पत्र भरने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जल्दी ही बजाज हिन्दुस्थान लिमिटेड चीनी मिल भसाना संचालित की जाएगी। इन दिनों चीनी मिल में मशीनों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। गन्ना सर्वे का काम जीपीएस के माध्यम से किया जा रहा है। इसी कडी में आज बुढ़ाना ब्लाक के गांव



मंदवाडा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा मंदवाडा के आवास पर बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल लिमिटेड इकाई भसाना के सहायक गन्ना अधिकारी ठाकुर गौरव प्रताप सिंह और सुपरवाइजर परविंदर चौधरी ने किसानों को सर्वे सटा प्रदर्शन दिखाया तो सभी किसानों ने देखकर साइन किए। इस मौके पर यहां किसान यामीन राणा, वकील राणा, असलूप, राशिद, सै"यार प्रधान, इरशाद राणा, शाहरुख राणा और अजमत अली आदि किसान मौजूद रहे।

# लाला सुखलाल व बाल निकेतन में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** पुरकाजी। विद्यालय में एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

वरिष्ठ अध्यापक धीरज कुमार गर्ग ने बताया कि स्वर्गीय श्रीनिवास शर्मा (सेवानिवृत शिक्षा निदेशक हिमाचल प्रदेश) की स्मृति में इस प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया प्रतियोगिता में चिल्ड्रेन विंग,जूनियर विंग व सीनियर विंग में प्रथम,द्वितीय व तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को 15अगस्त को वरिष्ठ समाज सेवी रिटायर्ड फ्लाइंग ऑफिसर विनय कुमार शर्मा द्वारा सम्मानित किया जाएगा

उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि बनती है जो उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अति आवश्यक है साथ ही प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने



बताया कि विद्यालय में पाठ्क्रम से अलग हटकर भी बच्चो के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षा दी जा रही है। प्रतियोगिता आयोजन में देवेंद्र कुमार,सुमन लता,धीरज गर्ग, राकेश शर्मा, विनोद पाल,पवन शर्मा सहित समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा

# नांगल ग्राम पंचायत में सफाई के नाम पर भ्रष्टाचार

**बिजनौर।** जिले के विकास खंड नजीबाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत नांगल सोती में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान और संबंधित विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। विकास के नाम पर केवल कागजों में कार्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि जमीनी हकीकत निराशाजनक है। स्वच्छता पखवाड़ा और संचारी रोग नियंत्रण अभियान जैसे कार्यक्रम भी केवल औपचारिकता तक सीमित रह गए हैं, जिससे गांव की गलियों में गंदगी और घास-फूस की झाड़ियां बदस्तूर कायम हैं। नांगल सोती मोहल्ला जो. शियान के निवासियों का कहना है कि ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी योजनाओं के तहत आवंटित धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और अन्य विकास योजनाओं के लिए मिलने वाले फंड का उपयोग पारदर्शी तरीके से नहीं हो रहा।

कई ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विकास कार्यों के नाम पर केवल कागजों में खानापूर्ति की जा रही है। सड़कें, नालियां, लाइटे और कूड़ा निस्तारण केंद्र जैसे कार्य या तो अधूरे हैं या फिर केवल कागजों पर पूरे दिखाए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का गांव में कोई खास असर नहीं दिख रहा। ग्रामीण सोनू जोशी, तरुण जोशी, संजय जोशी, वीरेंद्र जोशी, विजेंद्र जोशी, कुलदीप जोशी ने बताया कि गांव की गलियों में गंदगी का अंबार है। नालियों की सफाई नहीं हो रही और घास-फूस की झाड़ियां गलियों को जंगल में तब्दील कर रही हैं।

उधर इस मामले में जब नजीबा. बाद विकास खंड अधिकारी दीपक तेवतिया से बात की गई तो उन्होंने कहा गांवों में गंदगी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र **सोनू उर्फ शादाब** व उसकी पत्नि **शाईन** जो कि आपस में झगड़ा करते हैं तथा मेरे कहने सुनने में नहीं हैं। बहुत सोच समझकर मैंनें यह तय किया है कि उक्त सोनू व उसकी पनि शाईन को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ।

**जन्नों पत्नि यामीन**
निवासी -12, सराफान
खतौली, मुजफ्फरनगर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, खतौली (मु0नगर)**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व सज्जनों को सूचित किया जाता है कि वार्ड नं0-22, मौ0-राजाराम शराफान, मकान नं0-190 की गृहकर सूची में निजामुद्दीन इकरामुद्दीन पुत्र अ0 वहीद का नाम दर्ज हैं, गृहकर सूची के अनुसार सम्पत्ति का विवरण दो दुकान पुख्ता मय जीना उपर एक कमरा दर्ज है। जिसका वार्षिक मूल्यांकन 1450/- रू0 अंकित है।

उक्त भवन के स्थान पर स्थापित दो दुकानों को अलग-अलग नम्बर में एक दुकान मौ0 इकराम पुत्र वाहिद तथा एक दुकान निजामुद्दीन पुत्र अ0 वहीद के नाम करवाने एवं गृहकर सूची में दर्ज नाम इकरामुद्दीन के स्थान पर मौ0 इकरामुद्दीन नाम दर्ज कराने हेतु श्री मौ0 इकराम पुत्र श्री अब्दुल वाहिद के द्वारा एक प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, बैनामे की छायाप्रति, समाचार पत्र की छायाप्रति कार्यालय में दिनांक 09.07.2025 को प्रस्तुत की है।

यदि उपरोक्तानुसार इस नाम परिवर्तन किये जाने में किसी सज्जन को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में एक माह के अन्दर-अन्दर लिखित रूप में मय साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

अत: कार्यालय में प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ पत्राजातो की छायाप्रति के आधार पर गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। सूचित होवे।

दिनांक-16/7/2025

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, खतौली (मु0नगर)**

**सूचना**

**मैनें अपना** नाम अमरजीह सिंह से बदलकर अमरजीत सिंह कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**अमरजीत सिंह**
**पुत्र श्री रोशन सिंह**
**निवासी म.न. 358,**
**ग्राम आलमगीरपुर पोस्ट**
**दूघली तहसील व**
**जिला मु.नगर।**

**सूचना**

मेरे पति के पासपोर्ट में मेरा नाम PRAMJEET KAUR दर्ज है जो गलत है।अन्य कागजात के अनुसार मेरा सही नाम PARAMJEET KAUR पढ़ा जाए।

**परमजीत कौर पत्नी हरमोहन सिंह निवासी लडवा मुजफ्फरनगर**

# भारद्वाज स्कूल उमरपुर में मना रक्षाबंधन पर्व

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित शिक्षण संस्था भारद्वाज एकेडमी जूनियर हाईस्कूल में आज शुक्रवार के दिन रक्षा बंधन का त्योहार बड़ी खुशी के साथ मनाया गया। यहां पर राखी और मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम छात्रा समरीन और दूसरे स्थान पर छात्रा राधिका रही जबकि राखी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर छात्रा सलोनी और दूसरे स्थान पर छात्रा चंचल बुढ़ाना रही। इन दोनों प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया और मेहंदी और राखी के एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाते हुए सभी का मन मोह लिया। काफी छात्राओं ने यहां पर छात्रों को राखी बांधी और उनसे उपहार भी प्राप्त किए। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से स्कूल की प्रधानाचार्या कुसुम सैनी, प्रबंधक योगेशध् भारद्वाज, वाइस प्रिंसिपल मुकेश कुमार, अमर भारद्वाज, शिक्षिका रीतू भारद्वाज, पूनम, दीपा भारद्वाज, वर्षा शर्मा, राशि, आरती, वैशाली, डोली, सलोनी, हिमांशी, गौरव कुमार, विनोद कुमार, शिक्षक अमित कुमार, प्रमोद कुमार, प्रशांत सैनी, राखी पाल, शालू पाल, मुनीर त्यागी, जय भगवान स्वरुप और मनोज भारद्वाज आदि स्टाफ के लोग उपस्थित रहे।

# एसडी स्कूल में राखी प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुक्रवार को एस डी पब्लिक स्कूल ककरौली में रक्षाबंधन त्यौहार के उपलक्ष में ष्राखी बनाओष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छात्र--छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंग बिरंगी आकर्षक एवं सुंदर राखियां बनाई। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से प्रेरित शानदार राखियां बनाई । छोटी कक्षाओं के बच्चे रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर स्कूल पहुंचे । छात्राओं ने सहपाठी भाइयों को राखी बांधी। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर सहायता करने का संकल्प लिया हाईस्कूल की छात्रा राधिका ने रक्षाबंधन पर अपने




विचार प्रकट किए व कविता भी प्रस्तुत की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक कृष्ण पाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया व छात्र छात्राओं को रक्षाबंधन के पर्व का महत्व बताया कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अध्यापक अध्यापिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा ।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पंत्राक:- 947/P.W.D/NPP/2025-26 दिनांक:- 08-08-2025

**ऑफ लाईन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यों हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित 01 निर्माण कार्यों हेतु दिनांक 22/08/25 को अपराह्न 3:00 बजे तक ऑफ लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08/08/25 की प्रात 10:00 से दिनांक 22/08/25 की अपराह्न 3:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग से क्रय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 22/08/25 की साय 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। कार्य **राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि** की धनराशि के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर अथवा ऊपर दी गयी वैबसाईट पर लॉग इन कर प्राप्त कर सकते है।

**सहायक अभियन्ता( निर्माण )**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर।**

# सकल जैन समाज में अध्यक्ष पद को लेकर फूटा विवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**खतौली।** सकल जैन समाज की अध्यक्षता को लेकर गुरुवार को बड़ा बाजार स्थित सर्राफान मंदिर में बुलाई गई बैठक उस समय हंगामे में बदल गई जब समाज तीन धड़ों में बंटा नजर आया।

हाल ही में घोषित किए गए अध्यक्ष सुशील जैन की वैधता को लेकर उठे विवाद ने देखते ही देखते तीखा मोड़ ले लिया और स्थिति पुलिस हस्तक्षेप तक जा पहुंची। बैठक में एक ओर जहां सुशील जैन को समर्थक गुट वैध अध्यक्ष मानकर उनका पक्ष ले रहा था, वहीं दूसरा गुट रामकुमार जैन को अध्यक्ष बताते हुए बैठक में खुलकर विरोध जताने लगा। इसी बीच एक तीसरे गुट ने दोनों ही दावेदारों को अस्वीकार करते हुए अपनी नाराजगी दर्ज कराई। हालात उस वक्त और ज्यादा बिगड़ गए जब बैठक में नियमावली की प्रतियां पढ़ी जाने लगीं। तीनों पक्षों के बीच नियमों की व्याख्या और अध्यक्षता को लेकर बहस छिड़ गई, जो धीरे-धीरे गरमाहट पकड़ती गई और बात धक्का-मुक्की व अभद्र व्यवहार तक पहुंच गई।

**मंदिर परिसर बना अखाड़ा, मीडियाकर्मियों से भी की गई बदसलूकी**

मंदिर का पवित्र परिसर कुछ ही पलों में विवाद और शोर-शराबे का केंद्र बन गया। मौके पर कवरेज के लिए पहुंचे मीडियाकर्मियों के साथ भी अभद्रता की गई, जिसके कारण स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बैठक बिखर चुकी थी।

**बैठक रही बेनतीजा, कोई निर्णय नहीं हो सका**

लगातार घंटों चली बहस और बहसबाजी के बावजूद कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाया। देर रात तक चली बैठक अंततः बिना किसी निर्णय के समाप्त हो गई। सभी पक्ष बिना किसी आपसी सहमति के वहां से रवाना हो गए।



**सुशील जैन ने कार्यभार संभाला, पर विवाद कायम**

वर्तमान में सुशील जैन स्वयं को सकल जैन समाज का अध्यक्ष मानते हुए कार्यभार संभाले हुए हैं, लेकिन रामकुमार समर्थक गुट और तीसरे विरा. धी गुट के विरोध के चलते उनका अध्यक्ष पद विवादों में घिरा हुआ है।

**प्रबुद्धजनों ने जताई चिंता, सर्वसम्मति से समाधान की मांग**

समाज में बढ़ते विघटन और सार्वजनिक रूप से हो रहे विवाद से जैन समाज की एकता पर सवाल उठने लगे हैं। समाज के प्रबुद्धजनों और वरिष्ठ सदस्यों ने इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताते हुए जल्द से जल्द सर्वमान्य समाधान निकालने की आवश्यकता पर बल दिया है, ताकि समाज की गरिमा और एकता बनी रह सके।

# पूर्ति निरीक्षक ने कराया महिला राशन डीलर पर केस

**चरथावल।** दधेडू खुर्द के ग्राम प्रधान व कार्डधारकों द्वारा अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन न दिए जाने की गयी शिकायत जांच में सही पाये जाने पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा महिला राशन डीलर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया।

पूर्ति निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने दी तहरीर में बताया कि ग्राम दधेडू खुर्द के प्रधान हुसैन अहमद व कार्डधारकों द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत की गयी थी कि राशन डीलर ममता द्वारा कार्डधारकों के अंगूठे ई-पोस मशीन में लगवाने के बाद भी सरकारी राशन नही दिया जा रहा है।वहीं इस दुकान का संचालन उसका पति करता है जो कम राशन देने के साथ कार्डधारकों से अभद्र व्यवहार करता है।शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक अचल राय गांव में जांच को पहुंचे थे।लेकिन राशन की दुकान बंद मिलने पर सील लगा दी गयी थी।67 कार्डधारकों के बयान लिये गये। जिसमे अभद्रता करने,कम राशन देने व ई-केवाईसी के नाम पर धन वसूली करने के आरोप राशन डीलर पर लगे।नायब तहसीलदार व ग्राम प्रधान की उपस्थिति में पूर्ति निरीक्षक अचल राय द्वारा सील खोल. कर खाद्यान्न की जांच की गयी। जांच के दौरान 83.11 कुंतल गेंहू व 57. 41कुंतल चावल कम पाया गया। वहीं राशन डीलर दुकान पर स्टाक रजिस्ट्र न होने के विषय में कोई संतोषजनक उत्तर नही दे सकी।

राशन डीलर का यह कृत्य उत्तर प्रदेश आवश्यक वस्तु अधिनियम व अनुबंध पत्र का उल्लंघन है तथा सरक. री राशन की कालाबाजारी करना दंडनीय अपराध है। मौके से बरामद 12.50कुंतल गेंहू व86.50 कुंतल गेंहू,ई-पोस मशीन व ई-कांटा को दधेडू कला की राशन विक्रेता खतीजन को अग्रिम आदेशों तक सुरक्षित रखने के लिए सुपुर्दगी में दे दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी गल्ले की कालाबाजारी करने वाले राशन डीलर के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तंबाकू नियंत्रण अभियान, 8 दुकानदारों पर कार्रवाई

**खतौली।** नगर क्षेत्र में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का पालन सुनिश्चित कराने के लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की एएसटी टीम ने सघन अभियान चलाया। इस अभियान में धार्मिक स्थलों, स्कूलों और अस्पतालों से 100 मीटर की परिधि में संचालित तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान आठ दुकानदारों के 200-200 रुपये के चालान काटे गए, जिससे पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। अभियान की अगुवाई कर रहे सीएचसी प्रभारी डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई कोटपा एक्ट के तहत की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों, विशेषकर संवेदनशील संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है। बावजूद इसके कुछ दुकानदार नियमों की अनदेखी कर रहे थे, जिस पर सख्त कदम उठाए गए।अधिकारियों ने बताया कि चालान से वसूली गई राशि कैंसर पीड़ितों की सहायता के लिए उपयोग की जाती है, जिससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ सहयोग की भावना भी जागे। अभियान में स्वास्थ्य विभाग से शिवराज ठाकुर सहित अन्य अधिकारी भी शामिल रहे। इस अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई दुकानदार अपनी दुकानों को तुरंत बंद कर भागते नजर आए, जबकि कुछ ने बहानेबाजी करने की कोशिश की, लेकिन टीम ने सभी को नियमों की जानकारी देकर भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी। डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यदि किसी स्थान पर दोबारा नियमों का उल्लंघन पाया गया तो दुकान सील करने और बड़ा जुर्माना लगाने की कार्रवाई के साथ एफआईआर भी दर्ज की जा सकती है।

### आरजी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बनाई राखियां

**मोरना।** बेहड़ा सादात मे मौरना- जानसठ मार्ग स्थित आरजी पब्लिक में रक्षाबंधन के उपलक्ष में राखी मेकिंग कंपटीशन आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व सुंदर-सुंदर राखियां बनाई।

प्रधानाचार्य बबीता कौशिक ने बच्चों को रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए। बच्चों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रबंधक रमेश चंद्र ने भी छात्राओं से राखी बंधवाकर उनका उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में अंजू देवी,जहीर आलम आबिद रविंद्र रेनू पूजा चौहान , दीपा, फोजिया, ज्योति, आरजू , प्राची, वैशाली ,छवि साक्षी नीलू, मानसी अंजुम व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।श

### भाकियू नेताओं ने एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट

**बुढाना।** शुक्रवार के दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ताओं और अन्य पदाधिका. रियों ने बुढ़ाना उप जिला अधिकारी श्रीमती अपूर्वा यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कार्यकर्ताओं का परिचय भी हुआ और बुकें भी भेंट की गयी। इस दौरान एसडीएम से मिलने वालों में मुख्य रुप से भाकियू जिला उपाध्यक्ष अनुज बालियान, भाकियू जिला संगठन मंत्री विकास त्यागी प्रधान, भाकियू बुढाना तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार, भाकियू ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के अध्यक्ष सुधीर सहरावत, भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार अहमद और आस मौहम्मद सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चुनाव लड़ने पर हत्या की धमकी देने वाले पिता-पुत्र पर केस

**चरथावल।** थानाक्षेत्र के ग्राम दधेडू कला में फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पंचायत चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस द्वारा पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना चरथावल क्षेत्र के ग्राम दधेडू कला निवासी मुराद आलम ने दर्ज कराये मुकदमें में बताया कि इंटरनेट मीडिया पर गांव के ही नुवेब आलम ने नसीम त्यागी के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पंचायत चुनाव लड़ने पर जान से मारने की धमकी दी।वही स्वजन को भद्दी-गालियां दी है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित के पिता अब्दुल मुतल्लिब ने भी अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी है। पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सनशाइन एकेडमी में राखी बनाओ प्रतियोगिता

**चरथावल।** कस्बे के बाजार कलां स्थित सनशाइन एकेडमी में रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छोटे छोटे बच्चो ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने न केवल अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, बल्कि एक-दूसरे को राखी बांधकर आपसी भाईचारे और स्नेह का संदेश भी दियाद्यविद्यालय प्रिंसिपल रचना जैन द्वारा बनायी गयी सुंदर राखियों की सराहना की व सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का बौद्धिक और शारीरिक विकास और भी बेहतर होता है।विद्यालय की प्रबंधक अभिषेक बंसल ने भी सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

### स्प्रिंग डेल्स में बच्चों ने सीखा राखी बनाना

**मंसूरपुर।** स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल मंसूरपुर में रक्षाबंधन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों और साथियों को राखी बांधी। इस अवसर पर बच्चों ने राखी बनाने की कला भी सीखी और अपने हाथों से बनाए गए राखियों को अपने प्रियजनों को भेंट की। विद्यालय के प्रबंधक संजीव राठी ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक है।

### चिल्ड्रन एकेडमी में रक्षाबंधन की धूम



**मुजफ्फरनगर।** चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों ने रक्षा बंधन का त्यौहार बड़ी धूम धाम से मनाया । जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य अमर पंचाल ने रक्षा बंधन के त्यौहार का महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इस दिनरक्षा बंधन, या राखी, भाई-बहनों के बीच अटूट प्यार को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। उप प्रधानाचार्या सान्या निगम ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के स्नेह और उस परस्पर भरोसे को समर्पित है, जिसमें निरूस्वार्थ सुरक्षा का वचन दिया जाता है।विद्यालय परिसर में सुबह से बहनें नवीन परिधानों में सुसज्जित होकर थाल में रंग-बिरंगी राखियों सहित मिठाई और तिलक लगाने के लिए चंदन लिए भाईयों की कलाई में राखी बांधने को उत्सुक दिखाई दे रही थीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने रंगारंग प्रस्तुतियों से चार चांद लगा दिया।इस मौके पर बच्चे और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### 12 तोला सोना दिलाने को साथ आये मनीष चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** नाबालिग को घर से भगाकर उसके द्वारा लाये गये 12 तोला सोना बेचने के मामले में खालापार पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बनी हुई है। आरोपी को जेल भेजा जा चुका है, लेकिन बरामदगी शून्य है। इसमें पीड़ित परिवार ने थाना पुलिस से गुहार की तो उसको ही धमकाया जा रहा है। ऐसा आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की आवाज उठाते हुए एसएसपी से मिलकर शिकायत की है। मनीष चौधरी ने बताया कि परिवार का कहना है कि आरोपी लड़के सुब्हान पुत्र परवेज निवासी किदवईनगर के परिजनों ने जानकारी दी है कि लड़की द्वारा लाया गया सोना सुब्हान ने ग्यास और अनस पुत्र ग्यास निवासी ग्राम जौला को बेचा था। यह सोना अनस पुत्र मुन्ना निवासी बुढ़ाना ने बिकवाया था। इसमें लड़के के परिजनों ने 3.47 हजार रुपये ही पीड़ित परिवार को वापस कराये हैं। इसके लिए पीड़ित पक्ष ने कई बार खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान से मिलकर बरामदगी की मांग की है। मनीष चौधरी ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी की भूमिका इसमें संदिग्ध है

# चेयरमैन जहीर फारूकी की मुहिम से गरीबों को मिल रहा उपचार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पुरकाजी।** चेयरमैन जहीर फारूकी ने कहा कि ट्रस्ट के द्वारा चलाई गई मुहिम अंधकार से प्रकाश की ओर को आगे बढ़ाकर लोगो के जीवन में प्रकाश भरके गरीब असहाय लोगों की सेवा कर रहे हैं यह अपने आप में एक बड़ा परोपकारी कार्य है ओर इस मुहिम के तहत जिले में हर महीने दर्जनों कैम्प लगाए जाते है,

वहीं डॉ राजवीर सिंह प्रजापति ने बताया कि देहरादून महेश इंद्रेश हॉस्पिटल से आई अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपनी आंखों की निशुल्क जाँच कराई वही जिनकी आंखो में मोतियाबिंद पाया गया उन्हें बस द्वारा देहरादून महेश इंद्रेश हॉस्पिटल लेजाकर निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा जिसका लाना लेजाना खाना



दवाई आदि सब संस्था की ओर निशुल्क होगी वहीं इस मौके पर डॉक्टर जयवीर सिंह पाल, डॉ. वैशाली, डॉ सुमित, डॉक्टर समीक्षा, ज्योति, सिमरन, प्रिया, शोभा, पप्पू अरविंद, रमन, डॉक्टर जयवीर ,अमित, आजाद अफरीदी, सभासद शाह आलम, सभासद सद्दु, गॉड गजेंद्र, प्रदीप प्रजापति, प्रिंस कश्यप, आबिद, शुभम मौजूद रहे।

# भैंस बिदकने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** भैंस बिदकने को लेकर दो पक्ष आपस में ही भिड़ पड़े। एक तरफ से पथराव हुआ तो दूसरी तरफ से मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के कई लोग घायल हो गये। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी फरार हो गये।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला का मालू अली आज शुक्रवार की सायं कहीं से एक दुधारु भैंस खरीदकर पैदल ही अपने घर ला रहा था। घर के नजदीक आते ही भैंस किसी कारणवश बिदक गयी और टक्कर मारकर मालू को ही हल्के रूप से घायल कर दिया। तब मालू ने भैंस को बिदकाने का आरोप गांव के ही मोमीन पक्ष के लोगों पर लगाकर अपने परिवार के भूरा, जुनैद, महकार, ताहिर, नफीस व काला आदि को बुला लिया। सभी ने एक राय होकर साबिर के घर में घुसकर लाठी डंडों व ईंटों से पथराव कर उसके पक्ष के मोमीन पुत्र चांद खां, अनीस पुत्र तस्ववुर, मेहमान आई महिला कुल्हैडी थाना चरथावल निवासी फरमीना और गांव डोला जिला बागपत निवासी मेहमान शहजाद और साबिर आदि को घायल कर दिया और फरार हो गये। इस दौरान पूरी अफरा तफरी मच गयी।

सूचना पाकर मौके पर बुढ़ाना पुलिस आई और पीड़ित पक्ष साबिर से पूरी घटना की जानकारी लेकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना में लाकर भतह्न कराया। आरोपी फिलहाल फरार हैं और सूचना है कि उनमें से भी एक दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी।

# तमंचा लहराने का वीडियो वायरल, जांच शुरु

**छपार।** इंटरनेट मीडिया पर तमंचा लहराने की वीडियो वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई ओर वीडियो देखकर सीओ सदर देवव्रत वाजपेई पुलिस बल के साथ गांव तेजलहेडा पहुंचे तथा गांव में फ्लैग मार्च किया। गांव तेजलहेडा में एक वर्ष पूर्व दो जाती के लोगो में झगड़ा हो गया था उसमें आरोपी युवक जेल गये थे। वे बृहस्पतिवार को जेल से छूटकर आये ओर उनकी अवैध हथियार के साथ वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई। शुक्रवार को सीओ सदर पुलिस बल साथ लेकर गांव में पहुंचे ओर गांव के गणमान्य लोगों से बातचीत की उन्होंने बताया कि वीडियो पुरानी है।सीओ सदर ने बताया उद्र वीडियो की जांच चल रही है।

# दो युवकों ने की बाइक सवार की पिटाई

**छपार।** बाइक सवार एक युवक के साथ दो अज्ञात युवकों ने रोककर पिटाई की ओर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव रेई निवासी अनंत त्यागी ने रिपोर्ट में बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को करीब छह बजे रोहाना से बाइक पर अपने गांव लौट रहा था जब खामपुर भटटे के पास पहुंचा तो दो अज्ञात युवकों ने बाइक रुकवा कर गाली गलौज करते हुए पिटाई की ओर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस मौके पर पहुंची ओर हमलावरों की तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# नन्हें मुन्नें बच्चों ने एक दूजे की कलाई पर बांधा रक्षा कवच



**बुढ़ाना।** कस्बे के दयानन्द इण्टर कालिज बडौत रोड़ बुढ़ाना में आज रक्षाबंधन का पर्व बडी धूमधाम से मनाया गया। सभी विद्यार्थियों ने आज राखी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए एक से बढ़कर एक राखी बनायी। सभी विद्यार्थी राखी बनाने के लिए घर से ही सामान साथ लेकर आये थे। विद्यालय प्रांगण में सभी विद्यार्थियों ने अपनी अलग अलग बहुत ही सुन्दर राखी बनाई। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे के हाथों पर राखी बांधते हुए छात्राओं की रक्षा की शपथ ली।

इसके बदले में कुछ विद्यार्थियों ने तो बहन रूपी कई छात्राओं को उपहार में पैन, पेन्सिल एवं रबर इत्यादि सामान उपहार में दिए। विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत ने एसेम्बली में बच्चों को रक्षाबंधन के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तेजपाल सहरावत, संचा. लिका उमेश सहरावत, प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सहायक अध्यापक सोनू कुमार, अनिता त्यागी और सीमा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं व समस्त स्टाफ मौजूद था।

# सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में रक्षा बंधन धूमधाम से मनाया गया

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोपा।** जटमुझेड़ा मे मुज़फ्फरनगर मार्ग पर स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुबह से ही रंग-बिरंगी राखियों और सजावटी थालियों की रौनक देखने लायक थी। विद्यालय के सभी भाई-बहन छात्र-छात्राओं ने इस पावन पर्व को एक साथ मिलकर मनाया।

इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर स्वयं द्वारा तैयार की गई सुंदर राखियाँ बांधीं और भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनके प्रति अपना स्नेह और वचन व्यक्त किया कि वे जीवनभर उनकी रक्षा करेंगे। इस खुश्य ने विद्यालय का वातावरण भावनाओं और भाई-बहन के प्रेम से भर दिया। वरिष्ठ विंग में थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता में तपस्वी ने प्रथम स्थान, विदुषी ने द्वितीय स्थान तथा वंशिका, अंशिका और मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

प्राइमरी सेक्शन से कक्षा 5 से अंशिका जावला व आयत कक्षा 4 से पल्लवी कक्षा 3 से अक्सा कक्षा 2 से अवियांश राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विजेता रहे। प्राइमरी विंग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भी अपनी प्यारी-प्यारी राखियाँ बनाकर और भाइयों को बांधकर सभी का मन मोह लिया।

# शिक्षकों ने छात्रों से कटवाई घास, वीडियो हुआ वायरल

**बुढ़ाना।** दस सैकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक सरक. ारी स्कूल के अंदर कुछेक छात्र स्कूल परिसर में उगी हुई लंबी घास को खुद काट रहे हैं जबकि एक शिक्षिका खड़ी दिखाई दे रही है जो शायद बच्चों को दिशा निर्देश दे रही है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर में कांधला रोड पर स्थित एक प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के बजाय स्कूल परिसर में घास काटते नजर आ रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना के दौरान स्कूल की एक अध्यापिका भी बच्चों के पास ही खड़ी दिखाई दे रही है। सड़क से गुजर रहे एक राहगीर ने इस घटना को अपने मोबाइल में कैद कर वायरल कर दिया।

जिसके बाद ये वीडियो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अब देखना ये है कि विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है या इसे नजर. अंदाज कर देता है। उधर गुस्साए अभिभावकों का कहना है कि स्कूल में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजा जाता है न कि घास कटवाने को।

# वेदांता पब्लिक में रक्षाबंधन पर हुई रोचक प्रतियोगिताएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंसूरपुर।** वेदांता पब्लिक स्कूल सिखेड़ा में रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया व विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन के महत्व पर भाषण, कविता ,पाठ एवं नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी ।कक्षा 10 की छात्रा अपूर्वा व प्राची और कक्षा 7 की छात्रा हितेषी ने रक्षाबंधन का सामाजिक महत्व विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में राखी निर्माण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यार्थियों ने रचनात्मक का अद्भुत प्रदर्शन किया तथा विद्यालय में अरिहंत ओलंपियाड का आयोजन किया गया जिसमें श्रेणी प्राप्त विद्यार्थियों



को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुशील सिंह आर्य व प्रधानाचार्य विवेक चौधरी ने अपने संबोधन में छात्रों को रक्षाबंधन पर्व के मूल भाव ,आपसी प्रेम, एकता और जिम्मेदारी को समझने तथा अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि आज के समय में केवल भाई-बहन ही नहीं बल्कि समाज के सभी लोगों के बीच सहयोग और संरक्षण की भावना होनी चाहिए । विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुनीता सैनी ने भी विद्यार्थी को रक्षाबंधन के उपलक्ष में जानकारी देते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों व शिक्षकों को मिठाइयां वित. रित की गई । यह आयोजन विद्यार्थियों में पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सफल प्रयास रहा। समस्त वेदांता परिवार का सहयोग रहा ।

# एसएफ डीएवी स्कूल के छात्रों को एमयूएन सम्मेलन में श्रेष्ठ प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** मॉडल यूनाइटेड नेशन प्रणत्रों के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों की भूमिका निभाने के लिए सर्वश्रेष्ठ मंच है।

हमारे लिए यह बड़े गर्व की बात है कि एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल, मन्सूरपुर के 12 छात्रों नै भारत, इण्डोनेशिया, इराक के प्रति. निधि मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए आदर्श संयुक्त राज्य सम्मेलन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एमयूएन सम्मेलन एसडी पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर में आयोजित किया गया। यह वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण था कि हमारे छात्रों ने सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वर्णिका नें एमयूएन सम्मेलन में उल्लेखनीय प्रदर्शन करके न केवल माता पिता का अपितु विद्यालय का



भी नाम रोशन किया। उसने इस सम्मेलन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एके मोहन ने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि इन सम्मेलनों से छात्रों का न केवल नैतिक विकास होता है अपितु मानसिक विकास भी होता है। प्रधानाचार्य जी ने छात्रों व शिक्षकों के अथक प्रयास की सराहना की।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** सोलानी व गंगा नदी का बढ़ता जलस्तर बाढ़ जैसे हालात पैदा किये हुए है वहीं खादर क्षेत्र के गांव पंचायत मजलिसपुर तोफीर और इसके मजरों में पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने ग्रामीणों को सम्भव सहायता का आश्वासन दिया है।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर, महाराज नगर,खैर नगर, सिताबपुरी मे पहुंचे डॉ. वीरपाल निर्वाल को ग्राम प्रधान योगेश चौहान व ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग जलमग्न हो जाने से छोटे वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। जिससे छात्रों एवं बीमार लोगों ,महिलाओं को समस्याओं का सामना है। साथ ही गांव मे स्वास्थ्य विभाग की टीम का केम्प किया जाये व पशुओं का टीकाकरण कर उनके स्वास्थ्य की जांच की जाये।किसान महेंद्र चौहान ,राज. सिंह, पवन कुमार ने बताया कि खेतों पानी के कारण चारे की समस्या है अगर जल्दी पानी नहीं उतरता तो गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा

डॉ.निर्वाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से मौके पर ही संपर्क कर बिजली के खराब ट्रांसफार्मरों के बदलवाने एवं तहसील के अधिकारियों से लगातार सावधानी बरतने के निर्देश दिए और कहा कि प्रशासन स्तर पर कोई कोताही नहीं होगी । सभी को वर्तमान स्थिति से भली भांति अवगत करा दिया गया है ।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरुण पाल, जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, अशोक चौहान , मोहन चौहान , लोकेंद्र , मंजू, मिंटू ,जितेंद्र ,सुंदर ,शिव कुमार चौहान



,महिपाल राठी ,आयुष शर्मा ,दीप चंद आदि उपस्थित रहे । वहीं शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी गजेंद्र सिंह व जानसठ तहसील के अधिकारियो तथा विधायक मिथलेश पाल ने भी क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देहात क्षेत्र में चोरों का आतंक, दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगारामपुर खेडकी व अमलापुर के जंगल से बदमाशों ने टयूबवैलों मे सेंधमारी करते हुए एक दर्जन स अधिक टयूबवैलों से केबिल,स्टार्टर,हुक्के,कीटनाशक दवाई सहित अन्य सामान व उपकरण को चोरी कर लिया गया। सुबह होने पर किसान खेतो मे पहुॅचें तो चोरी को देखकर दंब रह गए। किसानो ने अन्य से वार्ता की तो पीडितो की संख्या 15 से अधिक हो गई। जिस पर पीडितो ने पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए शिकायत दर्ज कराई।

चौसाना चौकी क्षेत्र के सकौती गांव मे भी ऐसी एक घटना ने किसानों को सकते मे डाल दिया था। विरोध के बाद पुलिस ने मामले को दर्ज तो कर लिया लेकिन बदमाशों को पकडा नही जा सक। जिससे बदमाशों के हौसले बुलंद हो गए। बदमाशों ने गुरूवार की रात्रि मे गंगारामपुर के जंगल मे बैखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया और निसार पुत्र इलियास, इस्तकार, नरेश, कृष्णपाल, सुफियान, गुलजार, कर्मसिंह सहित अन्य के खेतो मे लाखो का नुकसान किया। पीडितो ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है लेकिन शुक्रवार की देरशाम तक मामले मे मुकदमा दर्ज नही किया जा सका। किसानों का आरोप है कि पुलिस की ढिलमुल कार्यशैली के कारण बदमाशों के हौसले बुलंद है। एक ओर हमे रात्रि मे पहरे देकर जागना पड रहा है। तो वही दूसरी ओर बदमाशों ने खेतो मे नुकसान करना शुरू कर दिया। किसानों ने कडी कार्यवाही की मांग की है।

### दहशत में लोग

**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के गांवो में चोरों का शोर जारी है। गांवों में रोजाना कहीं ना कहीं चोरों के देखे जाने की हल्ला मच रहा है। चोरियों के डर से ग्रामीण रात भर पहरा देने को मजबूर हैं। पहरा देने के बावजूद चोर चोरी की वारदात को अंजाम देकर चले जाते हैं, लेकिन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे। लगातार चोरियों




की घटनाओं ने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव गढी हसनपुर, जिजौला, बल्लामाजरा, लक्ष्मीपुरा, भडी के ग्रामीण चोरों के आतंक से परेशान है। गांव के आस-पास कई बार बदमाश देखे गए, लेकिन ग्रामीणों और पुलिस की पकड़ में नहीं आए। 15 दिनों के भीतर गांव चौसाना, गांगारामपुर, सकौती, दथेडा में चोरी की चार वारदात हो चुकी हैं। गढी हसनपुर के प्रधानपति बिल्लू चौधरी का कहना है कि रात्रि के समय गांव में कई स्थानों पर 100 से अधिक ग्रामीण पहरा दे रहे हैं।

### नलकूपों से लगातार हो रही चोरी

**ऊन।** क्षेत्र में लगातार नलकूपों कर चोरी हो रही है गत रात्रि कस्बा ऊन व पिंडोरा के जंगल में चोरों ने करीब एक दर्जन ट्यूबबैलों को निशाना बनाते हुए तांबे का तार चोरी कर लिया इसके अलावा गांव में चोरों के डर से लोग पहरा देते रहे। क्षेत्र में लगातार चोरों का आतंक मचा है लगातार नलकूपों को निशाना बनाया जा रहा है गत रात्रि पिंडोरा में संदीप चौधरी ,विक्रम ,डॉक्टर सुभाष सैनी, हरबीर ,शौकीन, रमेश तथा कस्बा उन के जंगल में महिपाल सिंह व सुभाष कुमार की टड्ूब बैलों को चोरों ने निशाना बनाया तथा ताले व नकब. जनीं कर तांबे का सामान चोरी कर लिया लगातार नलकूपों हो रही चोरी के कारण किसान परेशान है ।इसके अलावा क्षेत्र में सभी गांव में चोरों के आतंक से ग्रामीण पहरा दे रहे हैं गत रात्रि कस्बा में भी मोहल्ले में लगातार चोरों का शोर मचा रहा ग्रामीण लगातार इधर से उधर दौड़ते रहे पुलिस भी मौके पर पहुंची।




### चोरों ने उड़ाए किसान के नलकूप से उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी किसान के खेत के नलकूप से चोरों ने मीटर,केबल व अन्य सामान चोरी कर लिया पीड़ित किसान ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। शुक्रवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी किसान वेद प्रकाश ने तहरीर देकर बताया कि उसके खेत गंगेरू मार्ग पर स्थित है। पीड़ित का आरोप है कि गुरुवार की रात्रि चोरों ने मौका पाकर उसके खेत पर लगे मीटर ,केबल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार सवेरे जब पीड़ित किसान अपने खेत पर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित किसान ने थाने पहुंच कर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोर को की तलाश में जुटी हुई है।

# भाकियू की पंचायत में किसानों के मुद्दे उठाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव यारपुर में शुक्रवार को मास्टर नरेश के आवास पर भारतीय किसान यूनियन की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता चौधरी राजबीर ने की, जबकि संचालन देवराज पहलवान भैंसवाल ने किया।बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद ने कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन का केंद्र माना जाता है, लेकिन प्रदेश सरकार गन्ना किसानों के साथ छल कर रही है। इसका उदाहरण समय पर भुगतान न होना और लागत के अनुरूप गन्ने का मूल्य न मिलना है, जिससे किसान लगातार आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। उन्होंने समय पर खाद न मिलने और गांवों में बिजली विभाग द्वारा किसानों व मजदूरों पर हो रहे उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया। इस दौरान गांव में स्मार्ट



मीटर लगाने का भी विरोध किया गया।

संगठन के जिला अध्यक्ष शांता प्रधान ने संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने मास्टर नरेश कुमार को जिला उपाध्यक्ष और चौधरी रविंद्र को जिला सचिव नियुक्त कर उन्हें संगठन की जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही किसान-मजदूरों की आवाज बुलंद करने का संकल्प दिलाया।पंचायत में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष शांता प्रधान, प्रदेश संगठन मंत्री मास्टर जाहिद, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, युवा जिला अध्यक्ष मोि. हत शर्मा, नगर अध्यक्ष अमरपाल बालियान, मंडल प्रवक्ता देवराज पहलवान, रविंद्र चौधरी, पवन चौधरी, नरेंद्र प्रधान, राजीव कुमार, दबिन, विश्वप्रताप समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



शामली। माल का नष्टीकरण करते प्रशासनिक अधिकारी।

# ऑपरेशन क्लीन के तहत 1500 लीटर शराब नष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** आपरेशन क्लीन अभियान के अन्तर्गत थाना कांधला पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित माल का विनिष्टीकरण थाना कांधला के मालखाने में रखी माल मुकदमाती के 100 अभियोगों से सम्बन्धित करीब 1500 लीटर अवैध शराब के मालो को नष्ट कराए गया। महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन अभियान के क्रम में न्यायालय सी.जे. (जे.डी.)जेएम कैराना, जनपद शामली के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी शामली अरविन्द चौहान व पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के निर्देशन में थाना कांधला पर आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित मालखाने में रखी 100 मुकदमो की शराब करीब 1500 लीटर को नष्ट कराए जाने हेतु न्यायालय के आदेश के अनुपालन में गठित कमेटी द्वारा आदेश निर्गत किए गए थे।

उक्त क्रम में उप जिला मजिस्ट्रेट कैराना द्वारा नामित सतीश यादव नायब तहसीलदार कैराना, श्याम सिंह क्षेत्राधिकारी कैराना, सतीश कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कांधला जनपद शामली की मौजूदगी में उक्त 100 अभियोगों से सम्बन्धित करीब 1500 लीटर शराब को नष्ट कराया गया। उपरोक्त मालो को थाना परिसर में खाली स्थान पर नियमानुसार जे।सी।बी के माध्यम से गड्ढा खुदवाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई तथा मालों की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गई।

## एक नजर

### यूरिया खाद आने से किसानों में खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव यारपुर समिति में लंबे इंतजार के बाद आखिरकार यूरिया खाद की आपूर्ति हो गई। करीब दो महीने से यूरिया खाद न मिलने के कारण किसान परेशान थे। धान और गन्ने की फसल में यूरिया डालना आवश्यक होने के बावजूद खाद की कमी से खेती प्रभावित हो रही थी। जैसे ही शुक्रवार को यारपुर समिति में खाद गाड़ी पहुंची तो किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और सुबह से ही खाद लेने के लिए किसानों की भीड़ जुटने लगी। किसानों में शांतिपूर्ण तरीके से लाइन से अपनी बारी को इंतजार करते हुए खाद लिया गांव में खाद मिलने से किसानों ने राहत की सांस ली और उम्मीद जता रहे हैं कि समय पर खाद मिलने से उनकी फसल बेहतर होगी। समिति सचिव जयप्रकाश का कहना है रैंक आ गई है अब किसानों को यूरिया खाद की कमी नहीं रहेगी और समय पर सभी किसानों खाद मिलता रहेगा उसे मौके पर किसान देवेंद्र सुरेंद्र राजवीर बॉबी प्रताप चंद्र राजपाल सुशील परमिंदर सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

### मां शाकुंभरी देवी दर्शन को बस रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** मां शाकुंभरी देवी सेवा समिति द्वारा आज एक ऐसी डीलक्स बस मां शाकुंभरी देवी के दर्शन हेतु रवाना हुई जिसको संस्था के सभी सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी भक्तों को शुभकामनाएं दी यह बस गुरुद्वारा तिराहा से रवाना हुई बस में लगभग पचपन सवारी थी संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह बस हर माह की चौदस को माता शाकुंभरी देवी के दर्शनों के लिए जाती है तथा उन्होंने सभी भक्तों को यात्रा की शुभकामनाएं भी दी इस मौके पर वीरेंद्र बालियान अजय गर्ग महेश गर्ग राजेंद्र गुप्ता राजेश संगल नीरज सुशील नामदेव विजय संगल प्रवीण बंसल अरुण रुहेला प्रदीप शर्मा लोकेंद्र संगल राकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

### दुकान से मोबाइल व नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर के चांदनी चौक के पास तस्लीम अहमद पुत्र अहसान अहमद की घड़ियों की दुकान है। तस्लीम ने थाने में तहरीर दी कि बुधवार को पीड़ित दुकान के बाहर कुछ काम से गया था। कोई भीतर न आ सके इसके लिए दुकान की एंट्री पर लकड़ी का एक तख्ता रखकर छोड़ गया था। दुकान में लगे सीसी कैमरा के अनुसार दुकान के इर्द-गिर्द घूम रहा एक लगभग 12 वर्षीय किशोर दुकान से तस्लीम के बाहर जाते ही मौका पाकर तखते को पार कर अंदर घुस गया तथा दुकान के काउंटर को खंगालते हुए वहां रखें मोबाइल फोन व गल्ले से लगभग 1300 रूपए की नगदी आदि सामान चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित ने थाना भवन थाने में सीसी फुटेज देते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। विदित हो चांदनी चौक व घंटाघर चौंक सहित विभिन्न व्यस्त स्थानों के आसपास लंबे समय से छोटे-छोटे बालक चोरिया की घटनाओ को अंजाम देते आ रहे हैं जिन पर अंकुश लगाना लगभग असंभव दिखाई दे रहा है। मोटरसाइकिल पर लटके थेलो से सामान चोरी करना अथवा मोटरसाइकिल व साइकिलों की चोरी करना इन बालको के उलटे हाथ का काम है। नागरिकों ने इन चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### मिलावटी सामान की रोकथाम को छापामारी

**ऊन।** खाद्य पदार्थों में मिलावटी सामान की रोकथाम हेतु खाद्य विभाग ने छापामारी अभियान चलाया जिसमें ऊन बायपास मार्ग पर अनमोल शुद्ध भोजनालय से पकौड़ी का सैंपल लिया गया जो इसरार पुत्र नानू निवासी उन द्वारा चलाए जा रहा है तथा अंग्रेजी शराब की दुकान के पास लकी बंजारा कैंटीन को राजेश कुमार हरसाना निवासी चला रहा है उसके यहां से भी पकौड़ी के सैंपल लिए गए खाद्य सुरक्षा अधिकारी केपी सिंह ने बताया कि दोनों दुकानों से पकौड़ी के चार-चार सैंपल लिए गए हैं जिन्हें लखनऊ प्रयोगशाला में भेजा जाएगा इसके अलावा दोनों के पास लाइसेंस भी नहीं मिला है।छापेमारी के दौरान नायब तहसीलदार रविंद्र सिंह , पुलिस बल भी मौजूद रहा। सुरक्षा अधिकारी की छापेमारी की सूचना जैसे ही अन्य ढाबे होटल वालों को मिली सब अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग खड़े हुए बाद में टीम भी वापस लौट गई।

### अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की बैठक 10 अगस्त को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के पंजोखरा स्टेडियम में अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई आगामी बैठक की रणनीति तैयार की गई इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव पंजोखरा स्टेडियम में अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने जानकारी देकर बताया कि एसोसिएशन के सचिव ओम सिंह वर्मा का स्वस्थ ठीक नहीं चल रहा है इसलिए कबड्डी खेल के विकास में कोई बाधा ना आए इस पर विचार किया जाएगा। आगामी खेल प्रतियोगिता में टीम बनाने और भेजने की व्यवस्था करने के लिए आगामी मीटिंग आगामी 10 अगस्त रविवार को संकल्प एकेडमी सेल्स टैक्स ऑफिस के बराबर वाली गली काका नगर शामली में आयोजित की जाएगी। मीटिंग में सभी जनपद के कबड्डी के राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में प्रतिभा की कमी नहीं है बढ़ावा देने की जरूरत है युवा देश के भविष्य हैं इस दौरान सभी अपने अपने क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा दे। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

### छात्रों को कुरुक्षेत्र पैनारोमा का कराया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके इंटर कालेज में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून कार्यालय द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून कार्यालय द्वारा छात्रों को कुरुक्षेत्र पैनारोमा एवं विज्ञान केंद्र ले जाया गया। जहां छात्रों के समक्ष मानकों द्वारा विज्ञान, शिक्षा विषय पर चर्चा की गई। बच्चों को विभिन्न मानकों व संस्थागत ढांचे के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एनसीसी इंचार्ज आशीष कुमार, नवाब सिंह, नीरज बेनीवाल, दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे। क्लब के मेंटर पंकज कुमार छात्रों के साथ गए व सकुशल यात्रा सम्पन्न हुई। जिले के एसबाईबी डॉयरेक्टर राजीव वर्मा ने प्रस्थान के दौरान छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# विवादित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू, पुराने बैनामा लेने वालों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे में जमालपुर रकबे में विवादित भूमि पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पुराना बैनामा लेने वाले बेबस हैं। एक सप्ताह पूर्व पुराने बैनामे लेने वालों की भूमि पर प्रशासन का बुलडोजर चल चुका है। बाद में विवाद के चलते मौके पर झगड़ा हुआ था, जिसमे अर्पित संघल द्वारा छह नामजद लोगों के अलावा 15 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

शुक्रवार को ग्राम जमालपुर के रकबा में स्थित विवादित भूमि पर बाउंड्री वॉल कराई जा रही है। 31 जुलाई को प्लॉट खरीदारों ने अपर जिलाधिकारी शामली को पत्र सौंपते हुए लेखपाल और अर्पित संघल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। कस्बे के वैभव नामदेव, शशांक गोयल, अमरीश जिंदल, पूनम, लिंकन कुमार और अक्षय जैन ने आरोप लगाया था कि उन्होंने ग्राम जमालपुर तहसील कैराना में खरीदे गए प्लॉटों में नींव भरने व खड़ंजा डालने का कार्य शुरू किया था, लेकिन लेखपाल लवकेश ने बिना नोटिस दिए जेसीबी से निर्माण तुड़वा दिया और पुलिस द्वारा धमकाया गया था। आरोप है कि यह कार्रवाई अर्पित लाला नामक व्यक्ति के दबाव में की गई, जबकि उनका बैनामा उससे पुराना है। शिकायत में अर्पित लाला को भूमाफिया बताते



हुए कहा गया है कि वह अधिका. रियों से मिलीभगत कर गरीबों को बेदखल करा रहा है। 4 अगस्त को इसी भूमि पर दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए थे, जिसमें अर्पित द्वारा 6 लोगों को नामजद तथा 15 अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज कराया था, वही दूसरे पक्ष अमित कुमार ने बताया कि उसने वर्ष 2018 में भूमि ली थी जिसके बैनामे किए गए हैं। अर्पित ने धोखाधड़ी करके भूमि का बैनामा अपने नाम कराया है, जो सरासर गलत है, वहीं अर्पित संगल ने बताया कि उसने यह भूमि वर्ष 2025 में बैनामे द्वारा ली है जिसके उसके पास वैध बैनामा है और उसी की बाउंड्री करा रहा हूं। अर्पित संगल ने बताया कि भूमि पर अमित पक्ष के द्वारा अवैध कब्जा करने की शिकायत मुख्यमंत्री के भू माफिया पोर्टल पर भी की थी जिस पर संज्ञान लेते हुए प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा की गई भूमि पर दो बार निशानदेही की जा चुकी है।अर्पित संगल ने बताया कि दोनों खसरे अलग अलग है जो पुराने बैनामा धारक है उनका खसरा नंबर 264ध्4 है मेरा खसरा नंबर 264ध्2ध्5 हे में अपनीभूमि की घेरा बंदी कर रहा हु मुझ पर नाजायज दबाव बनाया जा रहा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि अर्पित संगल द्वारा अपनी भूमि की चारद. ीवारी की जा रही है। डायल 112 की सूचना पर शांति व्यवस्था के लिए मौके पर पुलिस गई थी। मौके पर मामला शांत है।

# कैराना में अवैध कॉलोनियों पर गरजा एमडीए का बुलडोजर, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम ने कैराना पहुंचकर कॉलोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से की गई प्लॉटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। एमडीए की कार्रवाई से अवैध रूप से प्लाटिंग करने वालों के होश फाख्ता हो है। वहीं, एमडीए कैराना में अवैध कॉलोनियों पर बड़े पैमाने पर कार्यवाही करने की तैयारी में है।

शुक्रवार को विकास प्राधिकरण मुजफ्फरनगरद्धएमडीएत्र उपाध्यक्ष कविता मीना के निर्देश पर विभाग की छह सदर्स्इय टीम सहायक अभियंता हितेश गुप्ता के नेतृत्व में कैराना पहुंची। जहां पर उन्होंने पुलिस बल के साथ में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की। टीम दो जेसीबी मशीन अपने साथ में लेकर आई थी। टीम ने कस्बे के पानीपत तिराहे के निकट सै"यद, अ"यूब व नौशाद द्वारा 36 बीघा तथा इरफान व यासीन द्वारा कैराना-कांधला मार्ग पर दस बीघा भूमि पर अनाधिकृत रूप से की गई अवैध प्लाटिंग को जेसीबी मशीनों से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान कॉलोनाइजरों द्वारा बनाए गए कमरों व प्लॉटों की चहारदीवारी को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। साथ ही, प्लॉटों के लिए खुदवाई गई नींव को मिट्टी भरकर समतल कर दिया। टीम ने बिना अनुमति के पुन: प्लॉटिंग करने पर सख्त कार्यवाही की चेता. वनी दी है। वहीं, एमडीए एई हितेश



गुप्ता ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कस्बे में विभिन्न जगहों पर 46 बीघा भूमि पर प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अनाधिकृत रूप से की गई अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को ध्वस्त कराया गया है। अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरांत ध्वस्तीकरण के आदेश निर्गत किए गए थे। अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

### कस्बे के चारों ओर काटी गई अवैध कालोनियां

विकास प्राधिकरण विभाग की मिलीभगत के चलते शहर के चारों ओर अवैध रूप से अवैध कालोनियां काटी गई हैं। कालोनाइजरों द्वारा मात्र तहसील से धारा 80 प्राप्त कर दर्जनों कालोनियां काट दी गई हैं।जबकि विकास प्राधिकरण ने समय रहते कोई कार्रवाई नही की और नोटिस भेजकर लीपापोती में लगा रहा। अगर समय रहते विकास प्राधिकरण विभाग जाग जाता तो शहर में अवैध कालोनियों की भरमार न होती।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

इससे पूर्व भी कस्बे के एक चर्चित प्रोपर्टी डीलर के खिलाफ विकास प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जा चुकी है,लेकिन कार्रवाई मात्र ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई थी,बल्कि इस कार्रवाई से प्रोपर्टी डीलरों के हौसले बुलंद हो गए थे,जिसके बाद तो लगातार अवैध कालोनियों की बाढ़ आ गई और विभागीय अधिकारियों का दूर दूर तक भी पता नही चला। जिस काला. ीनी पर विभाग का पीला पंजा गरजा था। उस पर आज भी धड़ल्ले के साथ प्लाटिंग हो रही है।

# डिस्टलरी प्लांट से उठी भाप से बनी ओस की बूंदें विद्युत लाइन पर गिरी, चारों ओर अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन शुगर मिल के डिस्टिलरी वाटर प्लांट से उठी भाप से बनी ओस की बूंदे वहॉ से गुजर रही शामली शामला शामली बिजली घर की हाईटेंशन लाइन पर गिरने से पचास हजार की आबादी को अंधेरे मे रहने को मजबूर होना पडा। शामली शामला के फीडर से जुडे आठ बिजली उपकेन्द्र पूरी तरह से ठप हो गए। जिसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को फोन करना शुरू किया। कर्मचारियों की टीमें रात्रि मे ही मौके पर पहुॅची और समस्या का समाधान करके व्यवस्था को दुरूस्त किया गया। वही, इसके साथ शामली शामला,गागौर सहित अन्य गावों के ग्रामीणों ने बिजलीघर पहुॅचकर हंगामा किया और चरमराई व्यवस्था पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणो के आक्रोश को देखते हुए अधिकारियों ने भी तत्परता दिखाई और दो टीमों को लगाकर रात्रि मे ही आपूर्ति को सुचारू कराया। रात्रि मे करीब एक बजे पचास हजार की आबादी को अंधेरे से निजात मिलीं। ग्रामीणो का आरोप है कि 48 घंटे से लाइन मे फाल्ट की शिकायते थी लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण आठ उपकेन्द्र ठप हो गए। बिजली आपूर्ति ठप होने से मचे हाहाकार से परेशान लोगो ने हाईटेंशन लाइट से उठती चिंगारियों व अंधेरे के वातावरण मे भय के माहौल को अपने मोबाईल मे रिकॉर्ड करते हुए जिलाधिकारी से कार्यवाही की मांग की। ग्रामीणों के अलग अलग कई विडियों भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है।

### विभिन्न हादसों में दो घायल

**कांधला।** एलम निवासी अभिषेक पैदल अपने खेत पर जा रहा था जैसे ही वह दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो दिल्ली की ओर से आ रहे एक बाइक सवार ने हाइवे पर करते समय टक्कर मार दी। बाइक सवार हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों र ने सूचना 108 एंबुलेंस को दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरी ओर फुगाना थाना क्षेत्र के गांव सरनावली निवासी महिला राकेश पत्नी बृजेश अपने मायके सरनावली से जनपद बागपत के कस्बा खेकड़ा में जा रही थी। तभी ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गई। चिकित्सकों ने दोनों घायलों जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दो मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 4 किलो 500 ग्राम डोडा चूर्ण द्धनशीला पदार्थत्र सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त उपेन्द्र कुमार पुत्र कदम सिंह निवासी ग्राम लपराना थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली है।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०**
अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मण्डल

पत्रांक 4936 विविमं/शा0/निविदा दिनांक 08.08.2025

**ई-निविदा सूचना 06/2025-26 दिनांक 08.08.2025**

कार्य का नाम:- विद्युत वितरण खण्ड-ऊन के कार्यक्षेत्र में जमा योजना के अंतर्गत पुलिस लाइन जनपद शामली वास्ते अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड (भवन) लोक निर्माण विभाग, सहारनपुर पुलिस लाइन के आवासीय/अनावासीय भवनों को स्वतंत्र फीडर से उर्जित कर संयोजन देने संबंधी कार्य कराया जाना।
ई-निविदा प्रपत्र शुल्क: रू0 3540 धरोहर राशि: रू0 17500
ई-निविदा की अंतिम तिथि : 23.08.2025, 12:00 बजे
विस्तुत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमारे पुत्र व पुत्रवधु कहने-सुनने में नहीं हैं और अभद्र व्यवहार करते हैं, इस कारण में अपने पुत्र कासिम पुत्रवधु रेशमा, तासीम व पुत्रवधु गुलशन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में किए गए लेन-देन व कुकृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। अब मेरे परिवार से इनका कोई वास्ता मतलब नहीं रहा।

**शहजाद पुत्र अलीहसन**
निवासी-गांव मोहम्मदपुर राई थाना कैराना जनपद शामली

# पति की हत्यारिन पत्नी चढ़ी पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने प्रेमी के इश्क में अंधी हुई पति की हत्यारिन पत्नी को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।इससे पूर्व प्रेमी व उसके एक साथी को भी पुलिस जेल भेज चुकी है।

गत गुरुवार की सुबह शाहनवाज पुत्र जमील निवासी गांव झारागढ़ी थाना गन्नौर अपनी पत्नी मेंफरीन के साथ गांव इस्सोपुर खुरगान में रिश्ते के साले इमलाक की शादी में जा रहा था।

जिसे खुरगान रोड पर पहुंचते ही मौसेरे भाई तसव्वर पुत्र मेहंदी हसन ने अपने साथियों के संग मिलकर गोली मार दी थी और बाद में उसकी गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 6 घण्टे मे ही शाहनवाज हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी तसव्वर पुत्र मेहंदी हसन निवासी गांव भूरा हाल निवासी गांव सरूरपुर को उसके साथी सुहैब पुत्र फरमान निवासी गांव भूरा को आला कत्ल चाकू,अवैध हथियार, जिंदा कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था,जबकि हत्यारिन पत्नी मेफरीन फरार चल रही थी। पुलिस ने दोपहर बेवफा पत्नी को भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी के बाद अपने पति की खून की प्यासी पत्नी के चेहरे पर कोई पछतावा नजर नही आ रहा था।



**प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की कराई थी निर्मम हत्या**

### प्रेमदीवानी क्यों बनी पति की कातिल

इश्क और जुनून ने प्रेम दीवानी को तसव्वर के प्यार में इस कदर अंधा कर दिया था कि उसने अपने ही पति के खून से अपने हाथ रंग लिए,आखिर इतने खौफनाक कदम के पीछे क्या कारण रहा,जो मेफरीन ने अपने पति की लोकेशन देकर उसे मौत के घाट उतार दिया। महंगे शौक रखने वाली मेफरीन के शौक पूरे नही हो पा रहे थे,इस लिए उसने इश्क के रास्ते पर चलने का फैसला किया था। मृतक शाहनवाज एक मिलनसार व्यक्ति था,जो फर्नीचर्स का कार्य करके अपना गुजर बसर कर रहा था। यही बात मेफरीन को पसंद नही थी।

### नाटक की अदाकारी भी नही बचा पाई

पति की हत्या करने के बाद पत्नी मेफरीन का रो रोकर बुरा हाल था और वो बार बार बेहोश होने का नाटक भी करती रही,लेकिन पुलिस की पैनी नजरों ने उसे पहचान लिया था। मफरीन यह समझ रही थी कि नाटक की अदाकारी तुम्हें पुलिसिया कार्रवाई से बचा लेगी,लेकिन खाकी के हुनर के आगे बेवफा पत्नी की अदाकारी काम न आई आखिर उसे जेल जाना ही पड़ा। एक बार तो उसने पुलिस को भी गुमराह करने का प्रयास किया,लेकिन जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो वह टूट गई और पूरी कहानी से पर्दा उठा दिया।

# वोटर लिस्ट पर निगरानी रखें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी ने पीडीए पंचायत का आयोजन शामली विधानसभा के गांव आलदी एवं खंद. रावली में किया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया।

पंचायत में मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधीर पंवार ने कहा कि भाजपा ने सभी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। जिससे लो. कतंत्र खघ्तरे में है। चुनाव आयोग में नियुक्ति की प्रक्रिया में सरकार का बहुमत है।

जिससे चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आ]वान करते हुए कहा कि वे वोट बनवाने, कटवाने की प्रकिया में भाग लें तथा उस की निगरानी भी करे। उपाध्यक्ष किरणपाल चौधरी ने सरकार के



प्राइमरी स्कूल बंद करने की आला. ेचना की तथा इसे पीडीए के खघ्लिाफ साजिश बताया। समा. जवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण को समाप्त कर दिया है क्योंकि सरकारी नौकरियों पर नियुक्तियां आउटसोर्सिंग से हो रही है। मौके पर नूरदीन उर्फ भूरा को कांधला ब्लाक का महासचिव तथा खंदरावली के तारीक जंग को ब्लाक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अभिषेक शर्मा, अमित कुमार ग्रर्राम प्रधान, हाजी रफीक, याकूब, जैनुद्दीन, जरीफ, याकूब, जरीफ, सालिम, हाशिम, सादा, भूरा आदि मौजूद रहे।



थानाभवन



थानाभवन



शामली



सत्य नारायण इं. का.

# रक्षा बंधन पर्व पर बहनों ने भाइयों के मंगलमय होने की कामना की

**शाह टाइम्स टीम**

**थानाभवन।** शासन के आद. ेशानुसार तथा अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा और अध्यक्षा मुशयदा के निर्देशानुसार बंधन स्वच्छता काष्एवं ष्हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में , दिनांक 08/08/2025 को स्वच्छ जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत, नगर पंचायत एवं जियो स्टेट की संयुक्त टीम द्वारा वार्ड नं। 2 स्थित किसान इंटर कॉलेज में स्वच्छ सारथी क्लब एवं छात्र-छात्राओं को घर से निकलने वाले कचरे के संग्रहण, सोर्स सेग्रीगेशन, गीले कूड़े से होम कंपोस्टिंग द्वारा खाद बनाने तथा कचरे को अलग.अलग कर कचरा गाड़ी को देने के विषय में जागरूक किया गया और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन एवं तिरंगा थीम पर चित्रकला और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अभियान मे किसान इंटर कॉलेज स्वच्छ सारथी क्लब से अध्यापक, एवं नगर पंचायत थानाभवन से कर्मचारी मनीष कुमार शर्मा, फैजान उमर पाशा, कांत, पुष्पेन्द्र, एवं सफाई मित्र एवं छात्र - छात्राओ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**थानाभवन।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जब बहनें अपने भाइयों की कलाई पर प्रेम और सुरक्षा का धागा बांधती हैं, उसी भावना को भारतीय सीमा पर तैनात वीर सैनिकों तक पहुंचाने के लिए लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एक भावपूर्ण और अनूठा आयोजन किया गया विद्यालय की छात्राओं ने प्रेम, गर्व और देशभक्ति से ओत-प्रोत होकर अपने हाथों से रंग-बिरंगी व सुंदर राखियां तैयार कीं। ए राखियां उन वीर जवानों को समर्पित हैं, जो दिन-रात, हर मौसम में, अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति गीतों, तिरंगे रंगों और रक्षाबंधन के उल्लास से गूंज उठा। छात्राओं के चेहरों पर जहां भाई. बहन के स्नेह की चमक थी, वहीं सैनिकों के लिए गर्व और सम्मान की झलक भी साफ दिखाई दे रही थी। प्रधानाचार्या डॉ। पूजा मलिक ने इस अवसर पर कहा हमारे सैनिक भाई अपने परिवार से दूर रहकर देश की सुरक्षा करते हैं। हम यह संदेश भेजना चाहते हैं कि पूरा देश उनका परिवार है। उनकी बहनें यहां भी हैं, जो उनके साहस और त्याग को सलाम करती हैं। विद्यालय के समस्त अध्यापक. अध्यापिकाओं और स्टाफ की ओर से भी वीर सैनिकों को रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं भेजी गईं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ए पवित्र राखियां और शुभकामना संदेश जल्द ही भारतीय सीमा पर तैनात जांबाज सैनिकों तक पहुंचाए जाएंगे, ताकि उन्हें यह अहसास हो कि देश का हर नागरिक उनके साहस, बलिदान और समर्पण के लिए सदैव आभारी है और उनके साथ खड़ा है।

### प्रशासनिक अधिकारियों को बांधी राखी

**शामली।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के बच्चों ने कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रशास. निक अधिकारियों को राखी बांधी। इस दौरान छात्राओं ने रक्षा का वचन देते हुए पर्व के महत्व को भी बताया।

शुक्रवार को शामली कलक्ट्रेट परिसर में कांधला के सैंट डीपीएस स्कूल की छात्राऐं पहुंची। जहां उन्होने एडीएम न्यायिक परमानंद झा, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन को राखी बांधी। छात्राओं ने उनके द्वारा किए जाने वाले जनहित कार्यों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। अधिका. रियों ने रक्षाबंधन की परंपरा को निभाते हुए छात्राओं से राखी बंधवाकर उनका सम्मान किया। इसके अलावा छात्राओं ने कलक्ट्रेट परिसर में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को भी राखी बांधी। इस दौरान छात्राओं को एडीएम न्यायिक द्वारा उपहार भी भेट किए गए। एडीएम न्यायिक परमानंद झा ने छात्राओं को राखी बांधते समय पढे जाने वाले मंत्र का भी जाप कराया। उन्होने रक्षाबंधन पर्व के महत्व को बताते हुए छात्राओं उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### छात्राओं ने बनाई कलात्मक तिरंगा रंगोली

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में छात्राओं ने हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत मनमो. हक, कलात्मक तथा विभिन्न प्रकार के रंगों से भरपूर रंगोली बनाकर सबको मोहित कर दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत आज कॉलेज की छात्राओं के द्वारा तिरंगा रंगोली बनाई गई। जिसमें छात्राओं के द्वारा रंगोली में भारत के



शामली। जैन कन्या इं. का.

राष्ट्रध्वज को भी प्रदर्शित किया गया। इनको देखने से सभी के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार होता है और यही इसका उद्देश्य भी है। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खूबा एवं तानिया तथा द्वितीय स्थान पर कृतिका एवं प्रतिष्ठा रही। तृतीय स्थान पर खुशी पाण्डे एवं आस्था प्रजापति रही। सांत्वना पुरस्कार विधि और सारा ने प्राप्त किया। मौके पर छवि शर्मा, पूनम देवी, उमा रानी, कीर्ति गर्ग तथा श्रेणी वर्मा का विशेष योगदान रहा।

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल प्रांगण में रक्षाबंधन के पर्व को बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने स्थानीय पुलिसकर्मियों और चिकित्साकर्मियों को राखी बांधकर उनका सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। सवेरे स्कूल परिसर में कक्षा एलकेजी से कक्षा 2 तक के नन्हे - मुन्ने विद्यार्थियों ने विद्यालय में चौयरमेन सूर्यवीर सिंह और प्रधानाचार्य राहुल चौधरी एवं अन्य शिक्षकों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। विद्यार्थियों ने सामाजिक उत्तरदायित्व का भी परिचय दिया। कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की चयनित छात्राओं ने शामली पुलिस विभाग एवं स्थानीय चिकित्सकों को राखी बांधने उनके संस्थानों तक पहुंचे, जिसमें जिला अस्पताल के सीएमएस डा। किशोर आहुजा को छात्राओं ने राखी बांधी व रक्षा के रक्षक कोतवाली शामली के पुलिसकर्मी सब इंस्पेक्टर रूप किशोर शर्मा को राखी बांधकर सम्मान और स्नेह अर्पित किया। कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के मध्य हाउ. सवाइज राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें अवेंजर्स हाउस प्रथम, एक्सप्लोरर हाउस द्वितीय और वॉरियर हाउस तीसरे स्थान पर रहा। मौके पर उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रही।

**शामली।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रक्षाबंधन का पर्व एवं छात्र सांसदों का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती वन्दना से हुआ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षक शुभम राणा ने रक्षाबन्धन पर्व के विषय में प्रचलित विभिन्न मान्यताओं को छात्रों के सम्मुख रखते हुए बताया कि रक्षाबन्धन का पर्व भाई-बहन के प्रेम-स्नेह एक दूसरे की चिंता, एंव रक्षा करने का पर्व है। यह पर्व आदि-अनादि काल से मनाया जा रहा है जिसका वर्तमान समय में बहुत बड़ा महत्व है। माना जाता है कि रक्षासूत्र बांधते हुए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम एक दूसरे की रक्षा करेंगे। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए भारत की लोकतान्त्रिक व्यवस्था पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लोकतन्त्र या प्रजातन्त्र एक ऐसी शासन प्रणाली है, जिसके अन्तर्गत जनता अपनी स्वेच्छा से निर्वाचन में आए हुए किसी भी उम्मीदवार को मत देकर अपना प्रति. निधि चुन सकती है। इसी व्यवस्था के अन्तर्गत आपने अपनी-अपनी कक्षाओं से 23 छात्र सांसद चुने। कुल मिलाकर 46 छात्र सांसद चुने गए है। उन्हीं के बीच से प्रधानमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चुने गए है। प्रधानचार्य आनन्द प्रसाद ने चयनित छात्रों को सामूहिक रूप से पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द,ललित कुमार, नीटू कुमार, संजू कुमार, अंकित भार्गव, भुरू कुमार, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कॉन्वेंट स्कूल में रक्षाबंधन के अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों ने एक-दूसरे को



बसों में रही भारी भीड़

राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा साथ ही पेड़-पौधों को भी राखी बांधकर व हर साल एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का प्रण लिया।

छात्राओं ने उप-प्रधानाचार्य रविंद्रपाल सिंह मलिक और दीपा रानी के साथ बनत तहसील में जाकर अपर जिलाधिकारी परमानंद झा, डिप्टीमजिस्ट्रेट हामिद हुसैन तथा तहसीलदार शिव यादव को राखी बांधकर अपने इस त्यौहार को खघस बनाया। छात्राओं ने उनके द्वारा किए जाने वाले जनहित कार्यों के प्रति अपना आभार प्रकट किया। अधिका. रियों ने रक्षाबंधन की परंपरा को निभाते हुए छात्राओं से राखी बंधवाकर उनका सम्मान किया, जिससे छात्राओं के चेहरे पर खुशी की चमक फैल गई।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल पहल

**शामली।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजारों में चहल पहल देखने को मिली। महिलाओं व युवतियों ने राखियों की जमकर खरीदारी की। शनिवार को रखाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मिठाई व कपडों की खरीदारी भी बंपर रही है। गिफ्ट आईटों के साथ साथ भाईयों ने बहनों को स्कूटी भी उपहार स्वरूप दी है।

शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर के मुख्य बाजारों गांधी चौक, नया बाजार, बडा बाजार, कबाडी बाजार, नेहरू मार्किट, दिल्ली रोड पर पूरी तहर से चहल पहल रही। बाजारों के खुलने के साथ ही देर शाम तक महिलाओं व युवतियों द्वारा भाईयों की कलाईयों पर बांधी जाने वाली विभिन्न प्रकार की राखियों की जमकर खरीदारी की गई। जिसमें सबसे ज्यादा नवरंग रखी, रूद्राक्ष राखी, भाभी के लुंबे की खरीदारी सबसे अधिक हुई। बच्चों के लिए लाईट वाली व डोरीमौन, छोटा भीम, स्पाईडर मैन की राखियां भारी तादाद में बिकी। एक अनुमान के अनुसार शामली जनपद में राखियों का लगभग 50 लाख रूपये से अधिक का व्यापार हुआ है। व्यापारी सूरज कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष भी राखियों के रेट काफी अंतर है। पिछले वर्ष राधा कृष्ण की राखी 35 रूपये में थी तो इस बार उसकी कीतम 50 रूपये हुई है। रूद्राक्ष राखी 80 रूपये, कनैहिया राखी 100, भाभी के लुबे 50 से 250 रूपये तक बेचे जा रहे हैं। उधर रक्षाबंधन पर बस व ट्रेन ओवरलोड रहीं।



बीएसएम स्कूल मेरठ



कांधला

**शामली।** शहर जैन कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने नए आयाम देते हुए जिले की रक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों व पुलिस अधिकारियों को राखियां बांधी। साथ ही पुलिस अधिकारियों से बेटियों की रक्षा का वचन लिया।

शुक्रवार को शहर के जैन कन्या इंटर कालेज की छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिका. रियों को राखी बांधी। उन्होने एएसपी संतोष कुमार सिंह को राखी बांधी। छात्राओं ने बताया कि वह स्वयं से निर्मित राखियां लेकर आई है। जो सही मायने में माताओं, बहनों और बेटियों की रक्षा करते है उनको राखी बांधी है। इसके पश्चात उन्होने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात सभी पुलिसकर्मियों को राखी बांधी और बेटियों की रक्षा का वचन लिया। एएसपी ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाऐं दी। इस दौरान प्रधानाचार्या डा। रूचिता ढाका, इंदू शर्मा, निधि जैन, रूमा गर्ग, बबीता गुप्ता, मनीष जैन, लोकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### रक्षाबंधन पर दिए वर्दी के पैसे

**शामली।** यूनियन के प्रयास से नगर पालिका सफाई कर्मियों को रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर वर्दी के पैसे दिए गए। उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि एवं महासर्. चव अश्वनी तेश्वर और स्वायत शासन कर्मचारी संगठन यूनियन अध्यक्ष अमित तेश्वर व महासचिव विनोद निर्वाल दोनों यूनियन के पदा. धिकारियों ने नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल एवं ईओ विनोद कुमार सोलंकी से निवेदन किया था कि समस्त संविदा सफाई कर्मचारी, स्थाई कर्मचारियों, चपरासियो को रक्षाबंधन



के महापर्व पर वर्दी का लाभ दिया जाए। जिस पर शुक्रवार को स्टोर रूम में लिपिक प्रदीप कुमार बिड़ला लिपिक वर्दी उपलब्ध कराने के लिए सभी कर्मचारियों को पैसे दिए है। मौके पर सफाई खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, लक्ष्मण सिंह लिपिक, सुपरवाइजर दीपक चंद्रा, विनोद कुमार कंडेरा, वसीम मलिक, जितेंद्र तक सचिन तेश्वर मौजूद रहे।

**कांधला।** श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर कस्बे के सेंट द्रौण पब्लिक स्कूल की छात्रों ने रक्षाबंधन का पर्व थाने पर तैनात पुलिस जवानों को राखी बांधकर मनाया इस दौरान स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। शुक्रवार को छात्राओं ने अपने छोटे-छोटे हाथों से पुलिस अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई।

इस दौरान बच्चों और पुलिस कर्मियों के चेहरे पर भावनाओं की गहराई झलकती रही। प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि पुलिस का कार्य सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से जुड़कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना भी है। बच्चों द्वारा मनाया गया यह रक्षाबंधन निश्चित रूप से एक मिसाल है कि किस तरह से हमारे भविष्य के नागरिक सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और विश्वास का भाव रखते हैं। इस दौरान छात्र-छात्राओं सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा प्रदर्शन कर की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी दर्जनों लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निस्तारण नहीं होने पर हंगामा प्रदर्शन किया एवं निस्तारण होने पर बिजली घर की तालाबंदी कर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी अंकित पवार ने बताया कि उनके मोहल्ले में काफी दिनों से विद्युत विभाग के द्वारा खींची गई एलटी लाइन जर्जर हालत में है।

गुरुवार को अचानक से जर्जर लाइन में आग लग जाने के कारण टूटकर गिर गई जिससे कई लोग बाल बाल बच गए और मौहल्ले में



अफरातफरी मच गई। शिकायत करने के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारी समय से नहीं पहुंचे मोहल्ले के लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी। आरोप है कि लगभग डेढ़ महा पूर्व दर्जनों लोगों ने ऊर्जा निगम के अधिकारियों को शिकायत कर तार बदलवाने की मांग की थी मगर कोई भी निस्तारण नहीं हो रहा। रात्रि दर्जनों लोगों ने गांव में ही हंगामा करते हुए विद्युत विभाग पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया और निस्तारण की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर विद्युत विभाग के द्वारा निस्तारण नहीं किया गया तो बिजली घर की तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। एसडीओ आशीष कुमार का कहना है कि शिकायत मिली है ठेकेदार को निर्देशित कर दिया गया है जल्दी निस्तारण करा दिया जाएगा।

# ड्रोन व चोरों के शोर में पुलिस की ग्रामीणों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ड्रोन आया, ड्रोन आया! इन दिनों गांव देहात में यह अफवाह फैल रही है। क्षेत्र के कई गांव में तो लोगों में इतनी दहशत है कि रात में ड्रोन के डर से ग्रामीण पहरा देने के साथ अंजान युवकों को देखकर उनके साथ मारपीट की घटनाएं तक घटित होने लगी है। इसके विपरीत अब पुलिस गांव-गांव में चौपाल लगाकर लोगों को समझा रही है कि यह अफवाह हैं। ड्रोन जैसी कोई भी चीज आसमान में नहीं उड़ रही है और ना ही इस तरह से कोई निगरानी या रेकी की जा रही है।

शुक्रवार को पुलिस की एक टीम ने थाना क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर में जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक की और समझाया कि अफवाहों पर ध्यान ना दें। यह भी समझाया कि ड्रोन से कोई रेकी नहीं कर रहा है और ना ही



यह चोरों का कोई गैंग है। गांव वालों का कहना है कि इन दिनों ड्रोन गैंग घूम रहा है। रात के अंधेरे में छतों पर ड्रोन उड़ाए जाते हैं और फिर रेकी की जाती है। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि कहीं भी कोई ड्रोन नहीं उड़ रहा है लेकिन इन दिनों गांव देहात में अफवाह फैल रही है कि रात में गांवों के ऊपर से ड्रोन उड़ाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अफवाहों से दूर रहें। चेताया कि अगर कोई भी व्यक्ति ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस तरह की अफवाह फैलाता है या कोई ऐसी कोई भी घटना किसी को पता चलती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। ऐसा करके भी अफवाहों पर विराम लगाया जा सकता है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचेगी और बताएगी कि कहीं भी कोई ड्रोन नहीं है। इस दौरान मौके पर सैकडों ग्रामीणों के साथ गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षण संस्थाओं में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व, छात्राओं ने अधिकारियों को बांधी राखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** शैक्षणिक संस्थाओं में रक्षाबंधन पर्व की धूम रही। बच्चों ने राखी मेकिंग समेत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध बहन भाई के पवित्र रिश्ते को उजागर किया। दून वैली पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने उपमहानिदेशक अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी रामआसरे के राखी बांधी।

दून वैली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्वनिर्मित इको फ्रेंडली राखियों, रंगोली व पोस्टरों का प्रदर्शन किया। पारंपरिक परिधान में गीत, कविताएं व नृत्य की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस दौरान नगरपालिका ईओ राजपति बैस, विद्यालय के चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता, प्रधानाचार्या सीमा शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं, दून वैली स्कूल की कई छात्राओं ने सहारनपुर पहुंच उपमहानिदेशक अभिषेक सिंह और







अपर जिलाधिकारी रामआसरे को राखी बांधी। अधिकारियों ने खुशी का इजहार किया और कहा कि भविष्य में कभी भी जरूरत पडने पर वह मदद के लिए तत्पर रहेंगे। सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल में हुई राखी मेकिंग प्रतियोगिता में भगत सिंह सदन प्रथम व लक्ष्मीबाई सदन द्वितीय स्थान पर रहा। छात्राओं ने प्रधानाचार्य रूपेश सैनी व शिक्षकों समेत छात्रों को राखी बांधी। संरक्षक हरि सिंह सैनी, शिवकुमार सैनी, वंदना ध्रुव, अनिता सैनी मौजूद रहे। मेपल्स एकेडमी में भी रक्षाबंधन पर्व पर बच्चों ने भाई बहन के पवित्र रिश्ते को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी। प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी, उत्कर्ष वत्स , अंकुर राठी, नीलम सिंघल , अंजलि त्यागी, सिमी मखीजा आदि शामिल रहे। आरके पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं को विभिन्न पदों का दायित्व देते हुए कर्तव्य का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में रचित पुंडीर हेड ब्वाय व अक्षिका त्यागी हेड गर्ल चुने गए। जबकि वाइस हेड ब्वाय त्रिदेव और वाइस हेड गर्ल इच्छा को बनाया गया। जूनियर हेड ब्वाय अर्णव त्यागी व हेड गर्ल आराध्या पाठक, वाइस हेड ब्वाय कन्हैया व वाइस हेड गर्ल माही त्यागी बनीं। छात्र परिषद के सदस्यों को बैच और पद प्रदान करने के बाद विद्यालय के नियमों और कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। स्कूल के चेयरमैन राजेश चौहान, डा. कुलदीप राणा और प्रधानाचार्या मो. निका कपूर ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान समस्त स्टाफ मौजूद

## स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच

**नहटौर।** गांव अकबरपुर सिजौली में एसडीएम रितु रानी, बीडीओ प्रताप सिंह के नेतृत्व में चिकित्सा अधिकारी आशीष आर्य की देखरेख में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक कैंप लगाया। कैंप में मरीजो को दवाइयां वितरित की। बताया जाता है कि गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर इन गांवों में जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। बीमारियों को देखते हुए गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाया है और ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई है। बीमारी से बचने के लिए जागरूक भी किया गया है। चिकित्सा अधिकारी आशीष आर्य ने बताया कि कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई है।

# राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बनाई सुंदर राखियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बेनिसन स्कूल में राखी मे.कंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और पारंपरिक मूल्यों को दशति हुए सुंदर राखियां बनाई।

रक्षा बंधन पर्व के उपलक्ष्य में इंद्रपुर मार्ग स्थित बेनिसन स्कूल में हुई प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुंदर राखियां बनाकर सभी का मनमोह लिया। इसमें कक्षा आठ की छात्रा अदीबा ने प्रथम, कक्षा सात की अलशिफा ने द्वितीय और आयशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रबंधक डॉ. शाइस्ता चौधरी व नदीम चौधरी ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्प विद्यार्थियों में भारतीय



संस्कृति, रचनात्मकता तथा भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक इस पर्व के महत्व को उजागर करना है। प्रधानाचार्य श्रीकांत चौधरी ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा की और विज. ेताओं को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आहिल, शायान, मिष्टी , इब्राहीम, साद, जुनेराह, डिंपल, आराध्या, माहिन, विराट, वनिया, राबिया, आकाश, नमरा आदि छात्र-छात्राओं सहित स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# कंपाउंडिंग की रकम वसूले जाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर दारुल उलूम से कंपाउंडिंग की करोड़ों रुपये की रकम वसूलने की मांग की है।विकास त्यागी ने कहा कि दारुल उलूम में अवैध हेलीपैड व अवैध निर्माण की शिकायत वर्ष 2019 से प्रचलित है। इसमें दारुल उलूम परिसर में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण पाया गया था। सहयुक्त नियोजक मेरठ ने अपनी गणना में 19 सितंबर 2020 को शमन शुल्क की राशि लगभग 41 करोड़ रुपये बताई थी। जबकि दूसरी गणना में यह राशि कम दर्शायी गई है। दो बार की गणनाओं में वृहद अंतर होना अपने आप में बड़ा प्रश्न है और राजस्व की बड़ी हानि है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उन अधिकारियों की जांच कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की हैं, जिनकी शह पर दारुल उलूम कंपाउंडिंग की करोड़ों रुपये की रकम दबाए बैठा है और वहां लगातार अवैध निर्माण कार्य हो रहा है।

**देवबन्द।** साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए गोपाली गांव निवासी शाहनवीर की 61 हजार रुपये की रकम वापस कराई है। पुलिस के मुताबिक विगत गत 22 जनवरी को साइबर ठगों ने ओटीपी शेयर कराकर शाहनवीर के खाते से 61 हजार रुपये निकाल लिए थे। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त रकम शाहनव. ीर के खाते में वापस कराई है।

# जल भराव व फैली गंदगी से परेशान छात्राओं ने पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन



**देवबन्द।** मौहल्ला खानकाह क्षेत्र के अनेक स्थानो पर सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं होने के साथ ही जल भराव की समस्यां से क्षेत्रवासी जूझ रहें हैं। पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राएं और स्टाफ रोज-रोज होने वाले जलभराव से परेशान प्रबंधतंत्र व छात्राओं ने पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराये जाने की मांग की है। प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी पालिका सभासद हारिस सैयद के नेतृत्व में छात्राएं पालिकाध्यक्ष कार्यालय पहुंच चेयरमैन विपिन गर्ग को ज्ञापन सौंपा। स्कूल प्रबंधनतंत्र ने बताया कि जलभराव के कारण उन्हें आए दिन कॉलेज की छुट्टी करनी पड़ती है। साथ ही कहा कि यहां वर्षो से पानी की निकासी न होने के कारण कॉलेज परिसर और सड़क मार्ग पर जलभराव रहता है। जिस कारण स्टाफ और छात्राओं को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में कई बार यहां का मुआयना किया जा चुका है। नाला निर्माण का प्रस्ताव भी बोर्ड में पारित हो चुका है। लेकिन उसके बाद भी पानी निकासी की समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होने समस्यां का अतिशीघ्र समाधान कराये जाने की मांग की हैं। उधर, वक्फ दारूल उलूम रोड़ स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के आसपास सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं होने के कारण स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य इफ्फत फातमा ने बताया कि स्कूल के आसपास प्रतिदिन सफाई नहीं होने से गंदगी फैली रहती हैं। कई बार शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होने पालिका प्रशासन से मांग की हैं स्कूल के आसपास सफाई व्यवस्था सुचारू कराई जाये ताकि बच्चो को आने जाने में परेशानी न हो।

# मैपल्स अकादमी में मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** रक्षा बंधन का पर्व इस बार मैपल्स अकादमी में बेहद खास अंदाज में मनाया गया। विद्यालय परिसर देशभक्ति और भाई-बहन के प्रेम से सराबोर रहा, जब छात्राओं ने भारतीय सेना के वीर जवानों को राखी बांधकर उनके साहस, त्याग और निष्ठा को नमन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात छात्राओं ने खुद हाथों से बनी राखियां वीर सैनिकों को समर्पित कीं। यह पहल न केवल रक्षाबंधन के पारंपरिक स्वरूप से अलग थी, बल्कि देश के रक्षकों के प्रति भावनात्मक एकता और कृतज्ञता का प्रतीक भी बनी। छात्राओं ने राखी बांधते हुए संदेश भेजा कि हमारे वीर सैनिक सीमाओं पर खड़े होकर जिन बहनों को वर्षों से नहीं देख पाए, उनके लिए यह राखी मात्र धागा



नहीं, भावनाओं का प्रतीक है। ष्भैया, आप देश की रक्षा कर रहे हैं, हम आपकी रक्षा के लिए प्रार्थना कर रहे हैंष्कृ इन शब्दों ने माहौल को भावुक बना दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा,हरक्षा बंधन सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास और जिम्मेदारी का प्रतीक है। हमारे सैनिकों को राखी भेजना यह दर्शाता है कि समाज उनके बलिदान को समझता है और उन्हें परिवार का हिस्सा मानता है।ह विद्यालय के प्रबंधक विपिन सिंघल व सोनम सिंघल ने सभी को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से जो संदेश गया है, वह भावी पीढ़ी के संस्कारों का परिचायक है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें छात्राओं ने रक्षा बंधन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी और भाइयों की रक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूरा वातावरण भावनाओं, श्रद्धा और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रहा।ऐसे आयोजन न सिर्फ बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करते हैं, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी देते हैं कि हमारे सैनिक सिर्फ सीमा पर नहीं, दिलों में भी बसे हैं।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** आगामी चुनावों को देखते हुए और संगठन में नई जान फूंकने के उद्देश्य से नगर कांग्रेस कमेटी ने नगीना में बैठकों का एक सघन दौर शुरू किया है। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नगर के विभिन्न हिस्सों में ताबड़तोड़ बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिसका मुख्य लक्ष्य बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को एक बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के मंडी मौलगंज स्थित आवास पर आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता इरफान सिद्दीकी ने व संचालन रईस अहमद राज ने किया। इस मौके पर दर्जन भर नौजवानों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

इस बैठक के माध्यम से नगर कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अब वह केवल बड़े कार्यक्रमों तक



सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को एकजुट कर रही है। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी आर.के. सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जनता की समस्याओं को समझना होगा और उनसे निजात दिलाने के लिए संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा। जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह ने कहा कि शहर से लेकर गांव तक की जनता परेशान है। उन्होंने विशेष रूप से बारिश से होने वाली समस्याओं का जिक्र किया। नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी ने आरोप लगाया कि कई जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं और दोबारा नहीं बनाई जा रही हैं। कई वार्डों को इसकी सख्त जरूरत है, वहाँ काम नहीं हो रहा है।

## तालाब में नहाते समय डूबने से युवक की मौत

**नगीना।** नगीना थाना क्षेत्र के गांव नैनपुर सराय में बृहस्पतिवार को सहारनपुर निवासी सलमान (21 वर्ष) पुत्र पप्पू की तालाब में नहाते समय पानी में डूबने से मृत्यु हो गई। सलमान लगभग डेढ़ महीने पहले ही नगीना आया था और वर्तमान में नहटौर मार्ग पर स्थित गांव नैनपुर में लकड़ी की टाइल्स बनाने का काम करता था। वह अपने साथियों के साथ तालाब पर नहाने गया था, लेकिन तालाब में पानी ज्यादा होने के कारण वह डूब गया। उसके साथियों व आसपास मौजूद लोगों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन उसे बचाया नहीं सके। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही मौके पर तुरंत पहुंची स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ टीम ने काफी मशक्कत के बाद शव को ढूंढ निकाला। नगीना सीओ, एसडीएम व थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए और शव बरामद होने तक मौके पर मौजूद रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पहरा बंद होते ही बदमाशों ने किशोर को मारी गोली

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** किसी बड़ी घटना के इरादे से पहले से ही घर में घुसे दो अज्ञात सशस्त्र बदमाशों ने गृह स्वामी के पुत्र के मोबाइल की टार्च चेहरे पर लगते ही गोली मार दी। जिसका छर्रा किशोर के हाथ में घुस गया जबकि दूसरा किशोर बाल बाल बच गया। बदमाश घटना को अंजाम देने के बाद अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। घटना को लेकर ग्रामीणों में बुढ़ाना पुलिस के प्रति भारी रोष व्याप्त है क्योंकि पुलिस ने ही दो दिन पूर्व भी ग्रामीणों को गांव में रात में पहरा देने से मना किया था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में बदमाशों के आने की अफवाह के चलते रात में ग्रामीणों द्वारा पहरा दिया जा रहा था। दो दिन पूर्व पुलिस ने गांव में आकर ग्रामीणों को पहरा देने से मना किया था। पहरा बंद होने का लाभ उठाते ही दो अज्ञात बदमाश आज शुक्रवार की देर रात नौ बजे से पहले ही जकाउल्ला खान के घर में घुस गए। तब जकाउल्ला के 16 वर्षीय पुत्र तारिक को शक हुआ तो वह अपने तहेरे भाई मुदस्सिर पुत्र वाजिद खान को साथ लेकर अपने घर की छत पर आया और मोबाइल की टार्च जलाकर इधर उधर देखने लगा तो पहले से ही छुपे बैठे एक बदमाश ने अपने चेहरे पर लाइट लगते ही दोनों किशोरों पर फायर झोंक दिया। जिसमे तारिक के हाथ में छर्रा लग गया जबकि मुदस्सिर बाल बाल बच गया। गोली और चीख की आवाज सुनते ही दोनों बदमाश छत से कूदकर फरार हो गए और उधर परिजन व मौहल्ले के लोगों ने छत पर पहुंचकर घायल तारिक को कुछ लोगों के हाथ बुढ़ाना सीएचसी में भिजवाकर पुलिस को खबर की और बदमाशों की तलाश की। सूचना पर मौके पर पुलिस भी



आई और ग्रामीणों से घटना की जानकारी कर सीएचसी बुढ़ाना पहुंची और घायल तारिक से घटना की जानकारी ली। मौके पर उमरपुर चौकी इंचार्ज सुरेंद्र राव, कोतवाल आनंद देव मिश्र व सीओ गजेंद्र पाल सिंह भी पहुंचे। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भय है।

# धामपुर-शेरकोट हाईवे पर हादसा टला

## 44 यात्रियों से भरी रोडवेज बस खाई में पलटी, सभी यात्री सुरक्षित

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** शुक्रवार सुबह धामपुर-शेरकोट नेशनल हाईवे पर उस समय चीख-पुकार मच गई जब हरिद्वार जा रही यात्रियों से खचाखच भरी रोडवेज बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे के वक्त बस में कुल 44 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि सभी की जान बच गई, हालांकि चार यात्रियों को हल्की चोटें आईं। घटना के बाद से पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

रुपड़िया डिपो से बस चालक रामनिवास बस लेकर हरिद्वार के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही बस राजपूताना रिजॉर्ट के मोड़ के पास पहुंची, सामने से एक तेज रफ्तार कंटेनर आ गया। आमने-सामने टक्कर से बचने के लिए चालक ने स्टीयरिंग कच्ची सड़क की ओर मोड़ दी। बारिश के कारण सड़क फिसलन भरी थी, ऐसे में बस का संतुलन बिगड़ गया और



वह जोरदार आवाज के साथ गहरी खाई में पलट गई।

बस पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कुछ यात्री सीटों से गिरकर एक-दूसरे के ऊपर आ गिरे, जबकि दो-तीन यात्री खिड़की के कांच टूटने से बाहर जा गिरे। हादसे के बाद सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने यात्रियों को बाहर निकाला। महिलाएं और बच्चे रोते-बिलखते हुए एक ओर खड़े हो गए। बस के अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में पुलिस ने अहम भूमिका निभाई।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। हाईवे पर यातायात रोककर बचाव कार्य शुरू किया गया। क्रेन की मदद से बस को सीधा किया गया और सड़क से हटाया गया। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट किया गया और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। चार घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार देकर वापस भेज दिया गया।

चालक रामनिवास ने बताया कि अगर उन्होंने समय रहते बस को कच्ची सड़क की ओर न मोड़ा होता तो कंटेनर से सीधी टक्कर में दर्जनों लोगों की जान जा सकती थी। सीओ अभय पांडे ने भी चालक की सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि हादसा भले ही हुआ हो, लेकिन चालक के निर्णय ने बड़ी जनहानि को टाल दिया। गांव के बुजुर्ग चश्मदीद रामकिशोर ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में कई सड़क हादसे देखे हैं, लेकिन इतनी भीड़ और इतने लोगों को खाई में गिरी बस से बचते पहली बार देखा। उन्होंने कहा कि बारिश में सड़क पर गाड़ी चलाते समय सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

# किवाड़ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह के निर्देशन और सीएचसी के अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही के नेतृत्व में किवाड़ स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (NQAS) का राष्ट्रीय स्तरीय प्रमाण पत्र मिला है। डॉ. स्नेही ने बताया कि 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय स्तरीय टीम ने ऑनलाइन असेसमेंट किया, जिसमें 12 सर्विस पैकेजों के अंतर्गत मूल्यांकन हुआ। इसमें सीएचओ एएनएम और आशा संगिनी के इंटरव्यू भी शामिल थे।

केंद्र ने 76.92% अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और 'कंडीशनल क्वालिफाई' किया गया। एनक्यूएएस का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालना है।

# रक्षाबंधन पर बढ़ाया भाई-बहन के रिश्ते का सम्मान

**स्योहारा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने स्थानीय थाना स्योहारा पहुंचकर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को राखी बांधी और उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर थाना परिसर में भावनात्मक और सौहार्दपूर्ण माहौल देखने को मिला। बहनों ने थाना प्रभारी अमित कुमार को राखी बांधकर यह संदेश दिया कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की रखवाली ही नहीं करती बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ आत्मीय रिश्ता भी निभाती है। राखी बंधवाते समय अमित कुमार ने बहनों को विश्वास दिलाया कि थाना स्योहारा के दरवाजे हमेशा नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान और सहायता के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता ही अपराध पर नियंत्रण का सबसे बड़ा हथियार है और ऐसे पर्व इस रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। थाना प्रभारी ने बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद दिया और उन्हें हर परिस्थिति में सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस कर्मी त्योहारों के दिन भी ड्यूटी पर रहते हैं ताकि नगरवासी अपने पर्व शांति और सुरक्षित माहौल में मना सकें। रक्षाबंधन कार्यक्रम के दौरान बहनों की आंखों में खुशी और गर्व की चमक थी। वहीं पुलिसकर्मियों के चेहरे पर भी अपनापन और भावुकता साफ झलक रही थी। यह अनोखा मिलन इस बात का प्रमाण है कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं बल्कि संवे. दना और जिम्मेदारी से भी जुड़ा होता है।

इस मौके पर राजेश कुमार दरोगा, सुजीत कुमार दरोगा, धर्मेंद्र दरोगा, अफसर खान दरोगा तथा अन्य स्टाफ को राखी बांधकर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम मनाया। विद्यालय से बहन कशिश, प्रियंका, मानवी, परी, तरु, वंशिका, पलक, परी, अमृता, खुशी आदि बहनों तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा, जिसमें पायल, प्रज्ञा, श्रीमती पूनम गोपाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र कुमार शर्मा, प्रबंधक मनोज कुमार भटनागर उपस्थित रहे।

# रक्षा सूत्र बांधकर मनाया पर्व

**किरतपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संभाग पश्चिम उत्तर प्रदेश अंचल नजीबाबाद महिला विभाग की ओर से थाना किरतपुर में एक स्नेहिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला विभाग की बहनों ने थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार व उनकी टीम के सभी पुलिस कर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस भावनात्मक अवसर पर नजीबाबाद की एकल विद्यालय की आचार्याएं, कार्यकर्ता बहनें व भाईगण भी मौजूद रहे। बहनों ने पुलिस कर्मियों को मिठाई खिलाकर उनके कर्तव्यनिष्ठ सेवा भाव के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने उपस्थित बहनों को सामाजिक जागरूकता, सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण से संबंधित पहलुओं की जानकारी दी और कहा कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था संभालने का ही नहीं बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का भी काम करती है। उन्होंने बहनों को समाजहित के कार्यों में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और सुरक्षा व सहयोग का पूरा भरोसा दिलाया।

संक्षिप्त खेल समाचार

### 4 भारतीयों ने रचा इतिहास, एशियन सर्फिंग के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेन्नई, वार्ता।** चार भारतीय सर्फरों ने प्रतिष्ठित महाबलीपुरम में चल रही एएसएफ एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर इतिहास रच दिया। पांचवें दिन एशिया की शीर्ष सर्फिंग प्रतिभाओं ने तमिलनाडु के धूप से सराबोर तटों पर लहरों का सामना करते हुए जोरदार एक्शन और नाटकीय प्रदर्शन किया। ओपन पुरुष राउंड 3 ओपन महिला क्वार्टर फाइनल, अंडर-18 बॉयज राउंड 3 (मुख्य राउंड) और अंडर-18 गर्ल्स राउंड 2 (रेपचेज) जैसे प्रमुख हीट के साथ, यह दिन उच्च दांव, साहसिक चालों और शानदार प्रदर्शन से भरा रहा। चार भारतीय सर्फरों ने प्रमुख वर्गों में क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके इतिहास रच दिया, जो इस आयोजन के इतिहास में टीम इंडिया का सबसे सफल प्रदर्शन था।

### शीर्ष स्थान को मोहन बागान की टक्कर डायमंड हार्बर से

**कोलकाता, वार्ता।** 134वें इंडियन ऑयल डूरंडकप के 17वें मैच दिवस का शनिवार का डबल हेडर नॉकआउट दौड़ पर बड़ा असर डाल सकता है, क्योंकि मैदान पर उतरने वाली चारों टीमें अपने-अपने ग्रुप पर नियंत्रण पाने और अगले दौर में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। कोलकाता में, ग्रुप बी के शीर्ष स्थान के लिए रोमांचक मुक.ाबले में मौजूदा ग्रुप लीडर डायमंड हार्बर एफसी का सामना चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट से होगा। यह मैच शाम 7:00 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इससे पहले शाम 4:00 बजे, कोलकाता से 250 किमी उत्तर-पूर्व कोकराझार में होगा।

# भारत अब विंडीज-द. अफ्रीका से खेलेगा टेस्ट

● **दोनों देशों से चार मैच, सभी जीते, तो डब्ल्यूटीसी पाइंट्स टेबल के टॉप-2 में आने का मिलेगा मौका**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज 2-2 से ड्रा खेलकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर जगह बना ली। टीम के 28 पाइंट्स हैं। भारत को अब इसी साल होमग्राउंड पर वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से टेस्ट सीरीज खेलनी हैं।

दोनों को जीतकर टीम टॉप-2 टीमों में जगह बना सकती है। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका टॉप-2 टीमें डब्ल्यूटीसीका नया साइकल भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज से ही शुरू हुआ। इस दौरान वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका ने बांग्लादेश से घरेलू मैदान पर सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका की टीमें अब तक कोई सीरीज नहीं खेल सकीं। पाइंट्स लेकर ऑस्ट्रेलिया



नंबर-1 पर है। वहीं 1 जीत और 1 ड्रा से 67: पाइंट्स लेकर श्रीलंका दूसरे नंबर पर है। भारत तीसरे, इंग्लैंड चौथे, बांग्लादेश पांचवें और वेस्टइंडीज छठे नंबर पर हैं। बाकी 3 टीमों का खाता नहीं खुला। एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में भारत और इंग्लैंड दोनों ने 2-2 टेस्ट जीते। वहीं दोनों के बीच 1 मुकाबला ड्रा रहा। एक जीत से 12 पाइंट्स और 1 ड्रा से 4 पाइंट्स मिलते हैं। इसलिए दोनों टीमों को पाइंट्स तो 28-28 ही मिले, लेकिन इंग्लैंड पर आईसीसी ने पेनल्टी भी लगा दी। तीसरे टेस्ट में स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर 2 पाइंट्स की पेनल्टी लगे, जिस कारण उनके 26 पाइंट्स हो गए और टीम चौथे नंबर पर खिसक गई।

डब्ल्यूटीसीके एक साइकल में टीमें 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं, 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विद.ेशी टीमों के होमग्राउंड पर। भारत ने इंग्लैंड में सीरीज खेल ली। अब टीम इसी साल अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। अगले ही महीने फिर टीम साउथ अफ्रीका से भी घर में ही 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। होमग्राउंड पर चारों टेस्ट जीतकर टीम इंडिया के 76 पाइंट्स हो जाएंगे। जिनसे 70प्रतिशत पाइंट्स के साथ भारत पाइंट्स टेबल में नंबर-2 पर पहुंच जाएगा। फिलहाल श्रीलंका के करीब 67 प्रतिशत पाइंट्स हैं। इस दौरान भारत का एक भी मैच ड्रा रहा तो टीम तीसरे नंबर पर ही रहेगी। इससे खराब नतीजे होने पर टीम नंबर-3 से नीचे भी जा सकती है। फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाए रखनी हैं तो भारत को होमग्राउंड पर सभी मैच जीतने ही होंगे। अगले साल न्यूजीलैंड और श्रीलंका से सीरीज 2026 में टीम इंडिया को न्यूजीलैंड और श्रीलंका जाकर 2-2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। इनके नतीजों से तय होगा कि टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए आखिरी सीरीज में कितनी जीत की जरूरत पड़ेगी।

भारत की आखिरी सीरीज फरवरी 2027 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर ही होगी। कंगारू टीम पिछले 2 दौरों पर भारत को 1-1 टेस्ट हरा चुका है। इसलिए ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले ही टीम इंडिया को फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेनी होगी। पिछला फाइनल नहीं खेल सका था भारत डब्ल्यूटीसीकी शुरुआत आईसीसी ने 2019 में की। इसके तहत 9 टीमें 2 साल तक आपस में 6 टेस्ट सीरीज खेलती हैं। 3 अपने होमग्राउंड पर और 3 विद.ेशी टीम के होमग्राउंड पर।

# पाक बल्लेबाज हैदर अली पर इंग्लैंड में दर्ज हुआ आपराधिक मामला

**जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित किया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** पाक बल्लेबाज हैदर अली पर ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने आपराधिक जांच शुरू कर दी है और जांच के नतीजे आने तक पीसीबी ने उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। हालांकि अपराध की प्रकृति के बारे में कोई विवरण जारी नहीं किया गया है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक हैदर को फिलहाल हिरासत में नहीं लिया गया है लेकिन जीएमपी उनसे पूछताछ कर रही है। पीसीबी ने एक बयान जारी कर कहा है कि उन्हें जांच के बारे में 'जानकारी' दी गई है, और यह घटना पाकिस्तान शाहीन के हालिया यूनाइटेड किंगडम दौरे के दौरान हुई थी, जो सोमवार को समाप्त हुआ था। पीसीबी ने पुष्टि की है कि वह हैदर को इस पूरी प्रक्रिया के दौरान उसके अधिक.ारों की रक्षा के लिए कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है। पीसीबी के बयान में कहा गया है। पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में अवगत कराया गया है। यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है। पीसीबी, यूके की कानूनी प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है और जांच को अपनी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चलने देने के महत्व को समझता है।

# शुभमन गिल ने बल्लेबाजी से आलोचकों को बखूबी जवाब दिया: पार्थिव

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को करारा जवाब दिया है।

'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ पार्थिव पटेल ने 2025 के इंग्लैंड दौरे के दौरान शुभमन गिल द्वारा आलोचकों को दिए गए जवाब पर विचार किया। उन्होंने कहा कि चार शतक, 75-40 की औसत और 750 से ज्यादा रन - सभी अलग-अलग परिस्थितियों में बनाए गए। पहले, जब वह बल्लेबाजी करने उतरे, तो सवाल थे: क्या वह सेना देशों में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे? क्या वह लगातार अच्छा



● **इंग्लैंड सीरीज के दौरान भारत की बल्लेबाजी प्रदर्शन में रवीन्द्र जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही**

प्रदर्शन कर पाएंगे? लेकिन देखिए उन्होंने क्या जवाब दिए। हेडिंग्ले में पहली पारी में 147 रन। दूसरी पारी में लोगों ने कहा कि उन्होंने उस बड़े स्कोर के बाद अपना विकेट गंवा दिया। फिर एजबेस्टन में पहली पारी में 269 रन बनाए। फिर से, चर्चा थी कि यह कम साबित हो सकता है, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 161 रन बनाए। तीसरे टेस्ट में, वह दोनों पारियों में जल्दी आउट हो गए, और उनके फॉर्म को लेकर फिर से सवाल उठने लगे, जबकि उन्होंने पिछले मैच में 430 रन बना लिए थे। और फिर मैनचेस्टर में वह शतक आया, एक ऐसे मैच में जिसे भारत को ड्रॉ कराना था। जब भी यह एक चुनौती रही है, जब भी सवाल पूछे गए हैं, गिल ने अपनी बल्लेबाजी से उनका बखूबी जवाब दिया है। इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान भारत के बल्लेबाजी प्रदर्शन में जडेजा की महत्वपूर्ण भूमिका पर पार्थिव ने कहा कि जडेजा द्वारा बनाए गए 516 रनों का महत्व भी बढ़ जाता।

### मेघालय भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा

**शिलांग, वार्ता।** जल क्रीड़ा और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देते हुए, मेघालय जल्द ही री-भोई जिले में उमथम नदी पर भारत का पहला स्लैलम कोर्स स्थापित करेगा, मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने यह जानकारी दी है। कैबिनेट ने देश के एकमात्र समर्पित स्लैलम कोर्स को विकसित करने के लिए मेघालय इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एमआईडीएफसी) से उमथम नदी के किनारे 14-6 एकड़ भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण को मंजूरी दे दी। स्लैलम एक रोमांचक जल क्रीड़ा है जिसमें कयाकर समय के विरुद्ध दौड़ लगाते हैं, एक चुनौतीपूर्ण वाइटवाटर कोर्स में प्रवेश करते हैं जिसमें कई द्वार होते हैं जिनसे उन्हें गुजरना होता है।

# आर अश्विन व चेन्नई सुपर किंग्स के अलग होने की संभावना



**चेन्नई, वार्ता।** क्या आर अश्विन और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच दूरियां बढ़ रही हैं? हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स खेमे में चल रही ताजा गति.विधियों से ऐसा लग रहा है कि

● **अश्विन और सीएसके के बीच दूरियां बढ़ रही है इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई**

अश्विन-जो लाल गेंद के क्रिकेट में भारत के सबसे महान मैच विजेताओं में से एक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं। इस अपरिहार्य अलगाव का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने अपना मन बना लिया है और फ्रेंचाइजी को इस बारे में बता दिया है। उन्हें सीएसके की भविष्य की योजनाओं के बारे में कोई संकेत मिले हैं या नहीं, यह तो पता नहीं है, लेकिन जैसा कि क्रिकबज ने कल बताया था, पिछले कुछ दिनों से चेन्नई में मौजूदा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी और रुतुरान गायकवाड़ सहित सीएसके के शीर्ष अधिक.ारी और खिलाड़ी बैठक कर रहे हैं। संभावना है कि फ्रेंचाइजी ने आगामी सीजन की योजनाओं पर चर्चा की होगी। यह एक अपरिहार्य कदम प्रतीत होता है, क्योंकि यह अनुभवी स्पिनर सीएसके अकादमी में संचालन निदेशक के रूप में अपनी भूमिका छोड़ सकता है। यह वह पद है जो वह पिछले एक साल से संभाल रहे हैं। अगर वह किसी अन्य फ्रेंचाइजी से जुड़ते हैं, तो सीएसके की भूमिका में बने रहना हितों के टकराव की स्थिति पैदा कर सकता है, जिससे बचने के लिए वह उत्सुक हैं।

# तिलक ने हैम्पशायर की जीत में निभाई अहम भूमिका



**साउथम्पटन, वार्ता।** भारत के टी 20 स्पेशलिस्ट तिलक वर्मा ने गुरुवार को साउथंप्टन में खेले गए वनडे कप के ग्रुप-ए मुकाबले में अपनी टीम हैम्पशायर के लिए एसेक्स के खिलाफ 54 रन की पारी खेली। तिलक ने जो वीदरली के साथ 98 रन की अहम साझेदारी भी निभाई, वीदरली ने इस मैच में नाबाद शतक जड़ा। एसेक्स के खिलाफ इस जीत के बाद अंक तालिका में हैम्पशायर टॉप पर

● **तिलक वर्मा ने हैम्पशायर के लिए 54 रनों की शानदार पारी खेली**

पहुंच गई है, जबकि दो मैचों में दो हार के साथ एसेक्स फिलहाल आठवें स्थान पर है। इससे पहले हैम्पशायर के कप्तान निक गबिन्स ने टॉस जीतकर एसेक्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। एसेक्स ने चार्ली एलिसन, टॉम वेस्ले और रॉबिन दास के अर्द्धशतकों की बदौलत स्कोर बोर्ड पर 285 रन बना दिए थे।

एलिसन ने 80, वेस्ले ने 61 जबकि दास ने 50 रन बनाए थे। हैम्पशायर की ओर से काइल एबॉट, एडी जैक, डॉमिनिक केली और एंड्रयू नील को दो-दो सफलता हाथ लगी थी। 286 रनों का पीछा करते हुए हैम्पशायर को कप्तान गबिन्स और अली ओर ने अच्छा आग़ाज़ दिलाया था। पहले विकेट के लिए दोनों ने 58 रन की साझेदारी निभाई, अली के रूप में हैम्पशायर को पहला झटका लगा। अली के आउट होने के बाद नंबर-3 पर तिलक बल्लेबाज़ी करने आए, उन्होंने आते ही कुछ अच्छे शॉट्स लगाए लेकिन 80 रन के योग पर हैम्पशायर को गबिन्स के तौर पर दूसरा झटका लग गया था। तिलक ने यहां से सूझ-बूझ की पारी खेलते हुए वीदरली के साथ अच्छी साझेदारी निभाई। तिलक ने अपना अर्द्धशतक पूरा कर लिया था और अच्छी लय में नजर आ रहे थे लेकिन 54 रन के निजी योग पर वह वेस्ले की गेंद पर बोल्ड हो गए। तिलक ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के भी लगाए। तिलक और वीदरली के बीच हुई 98 रनों की साझेदारी ने एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म सेट कर दिया था। तिलक के आउट होने के बाद वीदरली ने जिम्मेदारी उठाई और अंत तक नाबाद शतकीय पारी खेलते हुए हैम्पशायर को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। हैम्पशायर ने ये मुकाबला 22 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से अपने नाम किया। तिलक के लिए वनडे कप में शानदार वापसी रही, क्योंकि पिछले मुक़ाबले में वह ग्लेमोर्गन के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। हालांकि इससे पहले लाल गेंद से उन्होंने हैम्पशायर के लिए चार मैचों में दो शतक और एक अर्द्धशतक भी जड़ा था। तिलक इसी महीने दलीप ट्रॉफी में खेलते नज़र आएंगे- जहां उनके कंधों पर साउथ जोन की कमान भी होगी।

# बेंगलुरु महिला वनडे कप के मैचों में देरी

**बेंगलुरु, वार्ता।** जून में आईपीएल विजय परेड में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के बीच, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) राज्य सरकार की मंज़ूरी का इंतजार कर रहा है, जिससे बेंगलुरु में महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टूर्नामेंट के कार्यक्रम में संभावित व्यवधानों को लेकर सतर्क हैं। 30 सितंबर को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाला पहला मैच और 30 अक्टूबर को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल सहित तीन अन्य मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। 2 नवंबर को होने वाला फाइनल भी इसी स्टेडियम में खेला जाएगा, बशर्ते पाकिस्तान क्वालीफाई न करे। जून की त्रासदी के बाद, राज्य सरकार ने

● **महिला वनडे विश्व कप 2025 के मैचों का भविष्य अधर में लटक गया है**

बड़े सार्वजनिक समारोहों की जांच कड़ी कर दी है। केएससीए को विश्व कप मैचों के आयोजन के लिए अभी तक औपचारिक मंज़ूरी नहीं मिली है, और मामला अभी भी न्यायिक समीक्षा के अधीन है। एहतियात के तौर पर, महाराजा कप टी20 टूर्नामेंट को बेंगलुरु से मैसूर स्थानांतरित कर दिया गया है। केएससीए के एक अधिकारी ने कहा कि हमने राज्य सरकार को पत्र लिखा है और जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। अगर मंज़ूरी नहीं मिलती है, तो मैचों को गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम या कोल.ंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम सहित अन्य स्वीकृत स्थानों पर स्थानांतरित किया जा सकता है।

### सैमसन ने आईपीएल 2026 से पहले खुद को आरआर से रिलीज करने को कहा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन ने फ्रेंचाइजी को कहा है कि उन्हें रिलीज कर दिया जाए। ईएसपीएनक्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक सैमसन ने आरआर मैनेजमेंट को आईपीएल 2025 खत्म होते ही खुद को रिलीज करने की गुजारिश की थी। सैमसन पहली बार इस फ्रेंचाइजी के साथ 2013 में जुड़े थे और फिर 2021 में उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया था। इस फ्रेंचाइजी की 2025 सीजन की समीक्षा बैठक जून में हुई थी, हालांकि अब तक आरआर ने सैमसन को कोई निश्चित जवाब नहीं दिया है। माना जा रहा है कि आरआर उन्हें टीम में बने रहने के लिए मनाने का विकल्प भी तलाश रही है। रॉयल्स के मुख्य मालिक मनोज बडाले ने इस बारे में पूछे जाने पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### बॉक्सिंग नेशनल्स की शुरुआत जोरदार मुकाबलों के साथ

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** चौथे सब-जूनियर बालक और बालि.का राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का पहला दिन 7 अगस्त को ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया विश्वविद्यालय में एक रोमांचक सत्र के साथ शुरू हुआ। 80 से ज़्यादा मुकाबलों में भारत की सबसे युवा बॉक्सिंग प्रतिभाएं ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ रिंग में उतरीं। सब-जूनियर नेशनल्स भारत के जमीनी स्तर के बॉक्सिंग इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़ा है, जो युवा एथलीटों को अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में ऊपर उठने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। बीएफआई जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी आयु वर्गों में अवसर, प्रदर्शन और संरचित प्रतियोगिता उपलब्ध हो।

# इंडियन ओपन विश्व एथलेटिक्स भारतीय एथलीटों के लिए शानदार अवसर: मार्टिन

● **रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह प्रतिस्पर्धा करेगा**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारत 10 अगस्त को भुवनेश्वर में पहले इंडियन ओपन वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, वहीं रिलायंस फाउंडेशन द्वारा समर्थित एथलीटों का एक मजबूत समूह दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देगा।

ब्रॉन्ज लेवल की यह प्रतियोगिता भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो एथलीटों को घरेलू मैदान पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करती है। इस महीने के अंत में चेन्नई में होने वाली राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप और अगले महीने टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए, रिलायंस फाउंडेशन के 12 एथलीट स्प्रिंट, जंप, थ्रो और मध्यम व लंबी दूरी की स्पर्धाओं में कॉन्टिनेंटल टूर में धूम मचाने के लिए तैयार हैं।

भुवनेश्वर मीट से पहले, ओडिशा रिलायंस फाउंडेशन एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर के मुख्य कोच, मार्टिन ओवेन्स ने कहा कि भारत एथलेटिक्स में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में पहचाना जाने लगा है और हमें देश में इस तरह की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं की और जरूरत है। यह मीट एक शानदार अवसर है क्योंकि कई एथलीट जो अब तक केवल अन्य भारतीय एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते रहे हैं, उन्हें अब पूरे एशिया के एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।

कलिंगा स्टेडियम में काफी उत्साह है और मुझे यकीन है कि यह महाद्वीपीय दौरे की सर्वश्रेष्ठ कांस्य मीट स्पर्धाओं में से एक होगी।

स्प्रिंट टीम का नेतृत्व अनिमेष कुजूर (200 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (100 मीटर और 200 मीटर) करेंगे। अनिमेष ने हाल ही में ग्रीस के वारी में ड्रोमिया इंटरनेशनल स्प्रिंट और रिले मीट में 10-18 सेकंड का समय लेकर 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। दूसरी ओर, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सर्किट पर लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले अमलान से अपनी विस्फोटक गति से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती देने की उम्मीद है।

# द.अफ्रीका खिलाड़ियों की नई पीढ़ी से रबाडा उत्साहित

● **तीन टी-20 और तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है अफ्रीका**



**जोहानसबर्ग, वार्ता।** कैगिसो रबाडा को अपने बचपन की याद आ जाती है जब वह दक्षिण अफ्रीकी ड्रेसिंग रूम को देखते हैं, जहां वे रविवार से शुरू होने वाले तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

दोनों टीमें आखिरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में एक-दूसरे के खिलाफ खेली थीं, जहां दक्षिण अफ्रीका के ज्यादा अनुभवी खिलाड़ी मजबूती से खड़े हुए थे। अब 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप और 2027 में घरेलू वनडे विश्व कप के साथ, उनका ध्यान युवा प्रतिभाओं को निखारने पर केंद्रित हो गया है ताकि बड़े मैचों में दबाव में आने पर उनके पास एक संदर्भ बिदु हो कि उन्हें क्या करना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10 साल पूरे कर चुके रबाडा ने गुरुवार को कहा कि आप पहले, जब मैं पहली बार यहां आया था, उस समय की बात कर रहे थे, तो मुझे उनकी स्थिति की याद आ गई। मुझे यकीन है कि वे बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। उन्हें कोई डर नहीं है। जब आप युवा होते हैं, तो आपको बिल्कुल भी डर नहीं होता। और हां, मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वे अपने करियर में कैसे आगे बढ़ते हैं। डार्विन में दक्षिण अफ्रीका की सफेद गेंद टीम में लुआन-ड्रे प्रीटोरियस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका 20 में शीर्ष स्कोरर थे, डेवाल्ड ब्रेविस, जिन्हें 2022 में अंडर-19 विश्व कप में धमाक.ेदार प्रदर्शन के बाद से उच्च सम्मान के लिए चुना गया था और क्वेना मफाका, जिनके बाएं हाथ की तेज गेंदबाज़ी ने उन्हें 17 साल की उम्र में आईपीएल अनु.बंध और 18 साल की उम्र में राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई। अपनी टीम के युवा खिलाड़ियों को विस्फोटक और निडर' बताते हुए, कप्तान मार्करम ने कहा कि आप जानते हैं कि 19-20 साल का होना कैसा होता है और इस उम्र में दुनिया में ज्यादा चिंताएं नहीं होतीं और यह उनके प्रशिक्षण और उनके काम करने के तरीके में झलकता है। तो, यह बहुत रोमांचक है। हर देश के अपने युवा खिलाड़ी आ रहे हैं और इस दौरे पर हमें उनमें से कुछ मिले और यह हमारे लिए एक रोमांचक और शानदार मौका है कि हम उनकी प्रतिभा को समझें और उन्हें लोगों का मनोरंजन करने का मौका दें। रबाडा ने जून में डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी शानदार भूमिका के बाद से कोई क्रिकेट नहीं खेला है, जब उन्होंने मैच में नौ विकेट लिए थे। ग्रीस में छुट्टियां बिताकर वह उस थकान से उबर गए और अब 'पूरी तरह से फिट महसूस कर रहे हैं और नए खिलाड़ियों को अपना ज्ञान देने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने मफाका को 'बेहद रोमांचक प्रतिभा' कहा। रबाडा ने कहा कि चूंकि वह एक गेंदबाज़ भी हैं, इसलिए मेरे हिसाब से, मुझे उन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। लेकिन मुझे लगता है कि वह अपने अनुभवों और अपने सफर से सीखेंगे। और हम बस एक मार्गदर्शक बनने के लिए हैं, जरूरी नहीं कि हम उनके करियर में बहुत ज्यादा दखल दें, बल्कि मार्गदर्शक बनें। अभी सिर्फ़ 19 साल के मफाका को दक्षिण अफ्रीकी टीम में तेजी से जगह मिल गई है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन वर्षगांठ पर निकाली रैली

## मंत्री जसवंत सैनी, मेयर डा. अजय सिंह, विधायक राजीव गुम्बर ने स्वतंत्रता सेनानी के परिजन किए सम्मानित






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** काकोरी ट्रेन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के समापन के अवसर पर मंडलायुक्त कार्यालय से घंटाघर होते हुए गांधी पार्क के लिए बाइक एवं साईकिल स्वारों द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली को को राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी, नगर विधायक राजीव गुंबर, जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इसके पश्चात गांधी पार्क में महात्मा गांधी एवं शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ तिरंगे रंग के 100 गुब्बारों को उडाकर किया गया। इसी के साथ पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया गया। जनमंच सभागार में काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा।

जनमंच सभागार में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा शहीद क्रांतिकारियों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों श्रीमती सुमित्रा, श्रीमती रानी देवी, श्रीमती कमला देवी, श्रीमती कैलाशो देवी, श्रीमती कृष्णादेवी, सुश्री सुशीला को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं भारत की आन-बान-शान तिरंगे का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। विभिन्न अवसरों पर देश के लिए प्राण न्यौछार करने वाले सैनिकों के परिजनों रचना देवी, ममता देवी, राखी रानी, काजल राठी इत्यादी को भी सम्मानित किया।

पदक विजेता कर्नल मधुर गोयल, ओनरेरी नायब सुबेदार सतीश कुमार, नायब सुबेदार भीम सेन, सिपाही विकास कुमार, सिपाही प्रदीप कुमार एवं ओमपाल तोमर को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ काकोरी ट्रेन एक्शन संबंधी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल विश्नोई, उप जिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप दुबे, जिला सूचना अधिकारी दिलीप कुमार गुप्ता, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी अमित त्यागी, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, स्कूलों के छात्र एवं अध्यापकगण, स्वतंत्रता सेनानी, अमर शहीदों के परिवारजन, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंच का संचालन देवभास्कर पाण्डेय द्वारा किया गया।

# निर्माणाधीन मां शाकम्भरी कॉरिडोर पर डीएम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर परिक्षेत्र में निर्माणाधीन मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर का डीएम मनीष बंसल ने निरीक्षक किया और निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता को भी परखा। साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाने के भी आदेश दिए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल और मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन शाकंभरी देवी पहुंचे और निर्माणाधीन मां शाकंभरी देवी कॉरिडोर का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरा। डीएम मनीष बंसल ने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाले कार्य में शुमार है इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होने कहा कि उक्त निर्माण कार्य संबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस दौरान पर्यटन विभाग के अधिकारी, एसडीएम बेहट, लेखपाल व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक व मेयर ने किए सड़कों के लोकार्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व मेयर डा. अजय ने महानगर में विधायक निधि से विभिन्न स्थानों पर बनने वाली सड़कों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया और महानगर में विकास कार्यो को प्राथमिकता से पूरा कराये की प्रतिबद्धता दोहरायी है।

आईटीसी के सामने शेरवाली गली, नेहरू नगर दुर्गापुरी में सड़क का शिलान्यास व नेहरू नगर दुर्गापुरी, दुर्गापुरी में के एल जी स्कूल के पीछे वाली गली का लोकार्पण करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनके निर्देशानुसार नगर विधानसभा में लगातार सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं। आज भी अनेक सड़को का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया है जिससे कि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो व प्रत्येक क्षेत्र तक विकास की गंगा पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है और प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान बनाये जा रहे हैं। सरकार द्वारा निरंतर बुनियादी विकास जैसे सड़क निर्माण, सीवर आदि के काम कराए जा रहे हैं जिससे आमजन के जीवन स्तर बढ़े। महापौर डॉ अजय कुमार सिंह व भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि आने वाले स्वतंत्रता दिवस पर सभी लोग अपने घर व प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक तिरंगा अवश्य फहराएं। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा महानगर मंत्री बबिता सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, यशपाल पुंडीर, पार्षद सीमा, प्रदीप पंवार, किरण चोपड़ा, ठाकुर गुरुचरण, आनंद, ज्ञान चंद, पी के जोशी, सुरेंद्र शर्मा, गिरीश नेगी, अमित गुप्ता, सुदेश गुप्ता, विजय केश्ला, यशपाल मित्तल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# नेता प्रतिपक्ष के तथ्यों को नकारा

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने अवगत कराया कि नवदीप रिणवा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने ट्वीट कर जानकारी दी कि कुछ पार्टी प्रतिनिधियों द्वारा आदित्य श्रीवास्तव एवं विशाल सिंह का मतदाता सूची में अन्य प्रदेश के साथ ही उत्तर प्रदेश के विधान सभा मतदाता सूची में भी नाम सम्मिलित सम्बन्धी भ्रामक जानकारी दी जा रही है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने जानकारी दी कि नेता प्रतिपक्ष लोक सभा द्वारा दो मतदाता जिनका नाम आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एसपी श्रीवास्तव एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह हैं। इनका नाम उप्र के साथ-साथ अन्य प्रदेश की विधान सभाओं की मतदाता सूची में भी अंकित है। नेता प्रतिपक्ष लोक सभा द्वारा यह आंकड़े 16 मार्च 2025 को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से निकाले हुए दिखाए गये हैं। आदित्य श्रीवास्तव का नाम चार जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम मुंबई सब अर्बन की विधान सभा 158 जोगेश्वरीपूर्व की बूथ संख्या 197 के कसं 877, बैगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 के कसं 1265, बूथ सं. 459 के कसं 678 पर एवं लखनऊ की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व के बूथ संख्या 84 के कसं 630 पर अंकित दिखाया गया है। विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का नाम तीन जगह अंकित दिखाया गया है। इनका नाम बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं. 513 के कसं 926 एवं बूथ सं. 321 के कसं 894 तथा वाराणसी की विधानसभा 390 वाराणसी कैण्ट में बूथ सं 82 के कसं 516 पर अंकित दिखाया गया है। 7 अगस्त, 2025 को आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एसपी श्रीवास्तव एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह के नाम को सर्च किया गया तो पाया गया कि आदित्य श्रीवास्तव पुत्र एसपी श्रीवास्तव का नाम बैंगलोर अर्बन की विधान सभा 174 महादेवपुरा के बूथ संख्या 458 कसं 1265 में एवं विशाल सिंह पुत्र महीपाल सिंह का बैंगलोर की विधान सभा 174 महादेवपुरा में बूथ सं 513 कसं 926 पर ही अंकित है एवं उपरोक्त मतदाताओं का नाम उत्तर प्रदेश की विधान सभा 173 लखनऊ पूर्व एवं विधान सभा 390 वाराणसी कैण्ट में इनका नाम अंकित नहीं है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के बारे में जो तथ्य प्रस्तुत किये गये वे सही नहीं पाये गये।

# ट्रेन की चपेट में आकर एक की मौत

**नागल।** रेलवे स्टेशन पर लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त नही हो पाई है।

शुक्रवार सुबह करीब सवा दस बजे गाड़ी संख्या 14318 लक्ष्मी बाई नगर एक्सप्रेस सहारनपुर से दिल्ली की ओर जा रही थी। तभी अचानक एक व्यक्ति ट्रेन के सामने आ गया जिससे उसकी मौत हो गई और शव क्षत-विक्षत होकर बिखर गया। हादसा होने पर वहां भीड इकठ्ठी हो गई। स्टेशन मास्टर द्वारा आर पी एफ पुलिस को सूचित किये जाने पर वह भी घटनास्थल पर पंहुची तथा शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन क्षत-विक्षत होने के कारण उसकी शिनाख्त नही हो पाई।

# अखिलेश ने फरहाद को दी शाबासी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीडीए पाठशाला चलाकर ए फॉर अखिलेश पढाने वाले समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा की पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पीठ थपथपाई है। साथ ही फरहाद को संघर्ष करने के लिये अपना आशीर्वाद भी दिया।

बता दे की उत्तर प्रदेश सरकार ने प्राइमरीस्कूलों के मर्जीकरण के आद.श जारी किए गए थे। इसके विरोध में शिक्षक कर्मचारी संगठनों समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किए थे लेकिन सरकार पर इसका कोई सकारात्मक असर नहीं पड़ा, लेकिन जैसे ही सपा के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाड़ा ने पीडीए पाठशाला चलाकर ए फॉर अखिलेश पढाया तो पूरे यूपी में जैसे भूचाल सा आ गया हो। इस पाठशाला की गूंज इतनी हुई कि यह मीडिया के लिये बड़ी खबर बनी और सरकार को अपने आदेश में बदलाव का निर्णय लेना पड़ा। पीडीए पाठशाला चलाने पर फरहाद आलम गाड़ा पर एससी एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुक.दमा भी दर्ज हुआ।

इस सब के बावजूद फरहाद आलम गाडा का संघर्ष जारी रहा। फरहाद ने दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की तो अखिलेश ने न केवल उनकी पीठ थपथपाई बल्कि अपना आशीर्वाद भी दिया। फरहाद ने अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए संघर्ष जारी रखने की बात कही।

इस मौके पर पूर्व विधायक माविया अली ऋषभ त्यागी हबीब नायब मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## विधिवत समापन

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव चौरी मंडी में चल रहे नौ दिवसीय महा. शिव पुराण पाठ का विधिवत समापन हुआ।

शुक्रवार को पाठ के अंतिम दिन आत्मानंद महाराज ने मां दुर्गा के पराक्रम और राक्षस वध की कथाएं सुनाईं। उन्होंने महिषासुर, शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड और रक्तबीज के संहार का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडाल में 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष देर तक गूंजते रहे।

महाराज ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिव भक्तों के दुख हरने वाले और कल्याण करने वाले हैं। उन्होंने पुराण श्रवण के पुण्य फल बताते हुए धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समापन पर भजन-कीर्तन, महाआरती और प्रसाद वितरण हुआ।

# समस्या रही तो मेले में नहीं जाएगी छड़ियां: अनिल

## म्हाडी स्थल पर पानी निकासी सहित दूसरी दिक्कतों के लिए म्हाड़ी सुधार सभा ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री गुग्गा म्हाडी सुधार सभा के पदाधिकारियों ने आज कलैक्ट्रेट पहुंचकर म्हाडी स्थल पर पानी की निकासी हेतु नालियां बनाने तथा वहां आ रही दिक्कतों के समाधान की मांग की। साथ ही चेता.वनी दी कि यदि पांच दिन में जलभराव की समस्या का समाधान न हुआ तो मेले में छडिया नही जायेंगी।

सुधार सभा के चौधरी अनिल प्रताप सैनी के नेतृत्व में आज कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। म्हाडी स्थल पर सरोवर का बनाया जाना बेहद अच्छा कदम है, लेकिन अभी तक म्हाडी स्थल पर पानी निकासी हेतु नालियों व सडकों का निर्माण नहीं किया गया। यहां तक की वहां सफाई व्यवस्था भी दुरूस्त नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि पहले पानी की निकासी सरोवर में हो जाया करती थी, लेकिन सौंदर्यकरण के कारण अब म्हाडी स्थल से पानी निकासी एक समस्या बन गया है। जिस ओर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मेला आने वाला है ऐसे में म्हाडी स्थल पर हो रही दिक्कतों को दूर किया जाये।

चौ.अनिल प्रताप सैनी ने कहा कि जल भराव सहित दूसरी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वह मेले में अपनी छडियां लेकर नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला है और इस मेले में पांच प्रदेशों के करीब 20 लाख से अधिक श्रद्धालु आते है।

इस दौरान कोषाध्यक्ष विकास, उपाध्यक्ष चेतनदास, जंग बहादुर, स्नेहलता, प्रमोद आर्य, मोनिका, महामंत्री विनय सिंघल आदि लोग मौजूद रहे।

# जाम से मुंह फेर मनमर्जी पर उतारू एनएएच के लोग: मुजतबा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौ. मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि एनएच के अधिकारी जाम की समस्या से मुंह मोडकर अपनी मनमर्जी पर उतारू है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा।

मौ. मुजतबा मलिक ने बताया कि रक्षा बंधन का त्योहार होने शनिवार और रविवार होने के करण वाहन की अधिकता और मोहंड से लोहे के पुल तक सड़क के टूटे होने के कारण भयानक जाम लगा हुआ है।ऐलिवेटेड रोड को भी बंद किया हुआ है वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे आशारोडी से मोहँड का सफर तीन घंटे में पूरा हुआ ना बिहारीगढ़ की पुलिस मोके पर आयी और ना ही बिहारीगढ़ की पुलिस आयी जिससे रास्ता सुचारू हो जाता।वाहन चालको ने दो लेन की चार लेन बना दी पुलिस के ना होने से जाम बढ़ गया।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासि.चव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि छभ्।प् के लोग अपनी मन मर्जी चला रहे है ऐसे वक्त पर नया रोड खोलना चाहिये। आम जनमानस कारोबारी अश्वनी सुखेजा मनोज चौधरी, डेली आने जाने वाले छात्रों फजल मिर्जा, हर्ष चौधरी आदि ने रास्ता खोलने की अपील की।

## यात्रा का स्वागत

**चिलकाना।** नगर में गायत्री परिवार द्वारा संचालित माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी अखंड ज्योति कलश यात्रा का नगर में पहुं.चने पर भव्य स्वागत किया गया।

शुक्रवार को नगर के बस स्टैंड स्थित देवी बाला सुंदरी मंदिर में कलश यात्रा के स्वागत उपरांत ज्योति कलश का सामूहिक पूजन और आरती की गई, शांतिकुंज के राकेश कुमार और मदन सैनी ने बताया कि कलश में 24 तीर्थों का पवित्र जल समाहित है। यह यात्रा राष्ट्रीय जागरण, कुरीति उन्मूलन, पर्यावरण शोधन और भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण के उद्देश्य से निकाली गई है। यात्रा गांव सीकरी कलां और पटनी से होती हुई नगर में पहुंची।

उन्होंने बताया कि यह कलश यात्रा विश्व के कई देशों में चल रही है। वर्ष 2027 में शांतिकुंज, हरिद्वार में इसका समापन होगा। यह यात्रा संपूर्ण विश्व में एकता और बंधुत्व का संदेश दे रही है।

# सोलह को उत्साह से होगा कृष्ण उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कृष्ण उत्सव 2025 की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ अंतिम चरण में हैं। यह विशेष आयोजन 16 अगस्त को गुरुद्वारा रोड स्थित कांग्रेस कमेटी परिसर में आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल को पूरी तरह से एक धार्मिक मेले के रूप में सजाने की योजना है।

आयोजन के संयोजक संकल्प नैब ने बताया कि इस बार का उत्सव पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक भव्य और आकर्षक होगा। उन्होंने कहा, ष्हमारी कोशिश है कि श्रद्धालुओं को ऐसा अनुभव मिले, जिसे वे जीवन भर याद रखें। आयोजन स्थल पर झांकियों, लाइटिंग और विशेष सजावट की व्यवस्था की जा रही है। भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कृष्ण लीलाएं और आध्यात्मिक झांकियां इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण होंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैठने, जलपान, सुरक्षा और पार्किंग की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

संकल्प नैब ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और श्रीकृष्ण के पावन जन्मोत्सव का आनंद पूरे परिवार संग उठाएं।

**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने वृक्ष रोपण किया। इस अवसर पर वृक्ष शीशम, नीम, बरगद सहित विभिन्न प्रकार के फलों के लगाए गए। सभी ने वृक्षारा.पण कर सुरक्षा का संकल्प लिया।

# रंगोली सजा दिया देशभक्ति का संदेश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों द्वारा रंगोली सजाई गयी।

दिल्ली रोड स्थित उ. प्र.वि. छिदबना (संवि) के प्रागंण मे आयोजित कार्यक्रम में रंगोली निर्माण में छात्रा मरहबा, महविश, दीविका तथा इल्मा द्वारा सहयोग दिया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 4 की राशि, अनम, वशिया, दीपा आदि बच्चों द्वारा सुन्दर चित्रों को कागज पर उकेरा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक श्याम लाल द्वारा प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी उम्र की मो. हताज नहीं होती बस जरूरत है उसको एक अच्छे प्लेटफॉर्म मिलने की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। अध्यापिका ईशा जैन, रजनी चौधरी तथा विपेंद्र शर्मा, बिंदु रानी, रंजन, सीमा, हीना कौशर, निशा नौटियाल, नीतू चौधरी, नेहा शर्मा, मुरसलीन, राजवीर के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## धान से सड़क जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** इस समय धान कटाई जोरों पर चल रही है। जिससे अनाज मंडी गंगोह में भारी धान की आवक से मंडी व सड़के जाम हो गई।

शुक्रवार को अच्छी धूप खिली। किसानों ने धान की कटाई पर जुट गए। जिससे सड़कों पर ट्रेक्टर ट्रोली मंडी में जाने के लिए सड़क जाम हो गई। नानौता मार्ग, तीतरों मार्ग व बाईपास मार्ग पर तो दो किमी जाम लग गया। वही पर बाइक सवार व बड़े वाहन जाम में फंस गए। वही मंडी में जाम की स्थिति बन गई जो मंडी में गया तो वह घन्टो बाद निकला। युवा व्यापारी नेता मनोज गोयल ने बताया कि रोज हो रही बरसात से धान कटाई प्रभावित हो रही थी। जिससे मौसम साफ होने पर सभी किसान धान कटाई पर लग गए है। जिससे धान की आवक बढ़ जाती हैं। मंडी सचिव कुलदीप कुमार ने बताया कि मंडी में आवक बढ़ गई।

# चौकी पहुंच बच्चों ने पुलिस कर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** घनश्याम दास मित्तल सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी।

शुक्रवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर अंबेहटा के घनश्याम दास मित्तल सरस्वती शिशु मंदिर के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक अनोखी पहल की। बच्चों ने पुलिस चौकी में पहुंचकर चौकी प्रभारी विकास चारण और पुलिसकर्मियों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# बाजार में सजी रंग बिरंगी राखियां



**अंबेहटा।** भाई-बहन के पवित्र बंधन का प्रतीक रक्षाबंधन का त्योहार 9 अगस्त को मनाए जाने वाले इस त्योहार के लिए स्थानीय बाजार में रंग-बिरंगी राखियों और स्वादिष्ट मिठाइयों से सज गए हैं। बहनें अपने भाइयों के लिए खास राखियों की खरीदारी में जुटी हैं, तो वहीं भाई भी बहनों के लिए उपहार और मिठाइयां खरीद रहे हैं।

स्थानीय बाजारों में राखियों की दुकानें तरह-तरह की राखियों से सजी हैं। पारंपरिक रेशम धागे वाली राखियों से लेकर मोटू-पतलू, डोरेमॉन जैसे कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां बच्चों के बीच खास पसंद की जा रही हैं। इसके अलावा, फैमिली पैक राखियां, चांदी की राखियां, और इको-फ्रेंडली राखियां भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं। दुकानदारों के अनुसार, इस बार राखियों की कीमत 10 रुपये से लेकर 500, रुपये, है।

मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है। रसगुल्ला, बर्फी, लड्डू, और खोया मिठाइयों के साथ-साथ कस्टमाइज्ड गिफ्ट हैंपर की मांग भी बढ़ी है। कुछ दुकानदारों ने राखी के साथ मिठाई, रोली, और चावल के कॉम्बो पैक भी तैयार किए हैं, जो ग्राहकों को खूब पसंद आ रहे।

# सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**चिलकाना।** ग्राम पटनी निवासी व्यक्ति द्वारा ग्राम पटनी में युवग मंगलदल वृक्षारोपण व नर्सरी हेतु सुरक्षित सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने तथा सजरा दुरूस्ती कराये जाने की मांग की गई है।

शिकायतकर्ता राकेश शर्मा निवासी पटनी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बताया है कि उसके द्वारा पूर्व में भी उपरोक्त सम्बन्ध मे प्ळैै पोर्टल पर दो बार शिकायत की जा चुकी है। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दी गई जांच आख्या के अनुसार भी उपरोक्त भूमि के खसरा नम्बरान की आकृति सजरे पर कम है। राकेश का कहना हैं कि उक्त भूमि सरकारी भूमि है तथा ग्राम सभा की सम्पत्ति है इसलिये सजरा दुरूस्ती आदि का कार्य स्वयं लेखपाल द्वारा ही ग्राम सभा के हित मे किया जाना आवश्यक है, लेकिन फिर भी लेखपाल द्वारा कोई कार्यवाही नही की जा रही है।

ग्राम सभा की सम्पत्ति की सुरक्षा करना ग्राम प्रधान व लेखपाल की जिम्मेदारी है। आरोप है कि लेखपाल द्वारा जानबूझकर उक्त मामले को नजरंदाज किया जा रहा है, राकेश का यह भी कहना है कि चकबन्दी विभाग ने भी लेखपाल द्वारा उक्त मामले का निस्तारण न होना बताया है। शिकायतकर्ता द्वारा अपने प्रार्थना पत्र में ग्राम सभा के हित का हवाला देते हुए डीएम से उक्त खसरा नम्बरान को दुरूस्त करवाते हुए सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग की गई है।

शनिवार, 9 अगस्त 2025

# टैरिफ की गूंज

ट्रम्प के टैरिफ को लेकर दुनियाभर में हाहाकार मचा हुआ है। दुश्मन का दुश्मन दोस्त की तर्ज पर कुछ देश साथ आते भी दिखाई दे रहे हैं। इसी के चलते चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने इसे टैरिफ का दुरुपयोग करार दिया। चीन का कहना है कि वह सीधे तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है और अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक युद्धों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ को लेकर जरा भी पीछे हटते दिखाई नहीं दे रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि वह हर दिन और आक्रामक मुद्रा में आ रहे हैं तो गलत नहीं होगा।

गुरुवार को जहां उन्होंने भारत पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया था, 25 प्रतिशत का टैरिफ वह 30 जुलाई को ही लगा चुके थे और 6 अगस्त को उन्होंने 25 प्रतिशत का इजाफा इसलिए किया, क्योंकि भारत ने रूस से ट्रम्प की आज्ञानुसार तेल खरीदना बंद नहीं किया और 7 अगस्त को ट्रम्प ने एक तरह से भारत को यह कहकर धमकी दी कि वह टैरिफ को लेकर भारत के साथ कोई बातचीत नहीं करेगा। ट्रम्प ने साफ कहा है कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता कोई बात.चीत शुरू नहीं होगी। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के बीच पांच राउंड की बात अभी तक हो चुकी है और बताया जा रहा है कि छठे राउंड की चर्चा 25 अगस्त को होनी थी। इसके लिए अमेरिका के अधिकारियों का एक दल भारत आना था। अब उसका यह दौरा संशय में पड़ गया है। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत हमारा रणनीतिक साझेदार है। विभाग के प्रवक्ता टामी पिगाट का कहना है कि भले ही टैरिफ विवाद से दोनों देशों में तनाव बना हुआ है। लेकिन बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर कर दी है और साथ ही सीधी कार्रवाई भी की है। उनका इशारा भारत की ही तरफ था।

मतलब साफ है कि अमेरिका एक तरफ धमकी देता दिखाई दे रहा है और बातचीत बंद करने को कह रहा है तो वहीं दूसरी तरफ वह बातचीत जारी रखने की बात भी कह रहा है। इससे साफ है कि अमेरिका खुद असमंजस की स्थिति में है। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प के इस रवैये ने ब्रिक्स के देशों को काफी निकट ला दिया है। जहां चीन भारत के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की बात हुई। टेलीफोन पर हुई बातचीत में पीएम मोदी ने श्री पुतिन को इस वर्ष के अंत में 23वें भारत-रूस वार्ता शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का निमंत्रण भी दिया, जिसको उन्होंने स्वीकार कर लिया। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिलवा ने भी पीएम मोदी से फोन पर बात.चीत की है और मौजूदा हालात में ट्रम्प के टैरिफ को लेकर जो चुनौतियां पेश आ रही हैं, उनसे निपटने पर चर्चा की। जाहिर है जो भी कुछ हो रहा है, उसको जरा भी ठीक नहीं कहा जा सकता, जिस तरह का रवैया ट्रम्प का अब तक रहा है, वह छोटे देशों के पूरी तरह विपरीत जाता है।

## किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया



मैंने कभी भी किसी भी पुस्तक पर प्रतिबंध नहीं लगाया है और ना भविष्य में पुस्तक पर प्रतिबंध लगाने जैसा काम करेंगे, जम्मू- कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ही प्रशंसित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय लेखकों की 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध लगाया है, प्रतिबंध उप राज्यपाल सिन्हा ने अपने एकमात्र आधिकारिक नियंत्रण वाले विभाग गृह विभाग का इस्तेमाल करके लगाया है,उप राज्यपाल प्रशासन ने कश्मीर पर लिखी 25 किताबों को यह कहते हुए जब्त कर लिया कि वे ष्जम्मू-कश्मीर के बारे में झूठे आख्यान और अलगाववाद का प्रचार करती हैं।

**-उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी हैं आदिवासी



विश्व आदिवासी दिवस, 9 अगस्त, केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह सभ्यता की जड़ों और संवेदनशीलता के स्रोत को स्मरण करने का दिन है। यह दिन न केवल आदिवा.सियों के अस्तित्व, अधिकारों यानी जल, जंगल, जमीन और उनके जीवन की रक्षा का उद्घोष है, बल्कि यह नए भारत के पुनर्निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने का भी अवसर है। आदिवासी समाज कोई पिछड़ा समूह नहीं, बल्कि वह सांस्कृतिक ऊर्जा का अक्षय स्रोत है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर पर्यावरण रक्षा तक, सामाजिक समरसता से लेकर आध्यात्मिक परंपराओं तक, हर दिशा में क्रांतिकारी भूमिका निभाई है।

आदिवासी प्रकृति के पुत्र और संस्कृति के प्रहरी है। जो प्रकृति से जुड़ा है, वही मनुष्यत्व का संरक्षक है-यह वाक्य आदिवासी समाज पर अक्षरश: लागू होता है। आदिवासी शब्द मात्र एक सामाजिक पहचान नहीं, बल्कि एक दर्शन है, सहजता, सामूहिकता, संतुलन और सह-अस्तित्व का दर्शन। करीब 90 प्रतिशत खनिज सम्पदा, वनौषधियां और जैव विविधता इन्हीं के क्षेत्रों में विद्यमान है। उनका जीवन सभ्यता के केंद्र से नहीं, बल्कि संवेदना के मूल से संचालित होता है। वे भले ही वनवासी कहलाए गए, परंतु उनका जीवन दर्शन हमें शहरीकरण के आडंबर से बाहर निकालकर स्वाभाविक जीवन की राह दिखाता है। नए भारत में विकास का पर्याय यदि केवल बहुराष्ट्रीय निवेश, चकाचौंध और स्मार्ट सिटी बन गया है, तो आदिवासी समाज उसके विस्थापित मूल्य हैं। जल-जंगल-जमीन के नाम पर किए गए सौदे, खनिज लूट, धार्मिक कन्वर्जन, सांस्कृतिक विघटन और जबरन भूमि अधिग्रहण की घटनाएं केवल उनकी आर्थिक दशा ही नहीं बिगाड़ती, बल्कि उनकी पहचान, संस्कृति, भाषा और परंपरा को भी निगलती जा रही हैं। आज आदिवासी समाज ऋण, अशिक्षा, पलायन, अस्वास्थ्यकर जीवन, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। तथाकथित विकास ने उन्हें पराया बना दिया है। वे भारत में रहकर भी अपने ही देश में अदृश्य नागरिक बन गए हैं, जिनके पास न राशन कार्ड है, न पहचान पत्र, न ही राजनीतिक प्रतिनिधित्व की शक्ति।

इस दिशा में गुजरात के प्रसिद्ध जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनका जीवन आदिवासी क्षेत्रों के लिए संघर्ष, सेवा और सद्भाव की त्रई बन गया है। वे वर्षों से आदिवासी समाज के उत्थान हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, रोजगार और संस्कृति संवर्धन के अभियान चला रहे हैं। उनका सुखी परिवार अभियान केवल परिवार को नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज को जागृत करने का एक जनांदोलन बन चुका है। वे आदिवासियों में आत्मबल, आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता की भावना जगा रहे हैं। बालिका शिक्षा केंद्र, नैतिक शिक्षा अभियान, युवाओं के लिए स्वावलंबन कार्यशालाएं, महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, आदिवासी ग्रामोद्योग, आदिवासी संस्कृति उन्नयन और स्व-सहायता समूहों का गठन-ये सभी उनके प्रयासों का हिस्सा हैं। वे जनजातीय समाज में अहिंसा, नैतिकता और भारतीय संस्कृति के बीज बो रहे हैं, ताकि वे अपने मूल से कटे नहीं, बल्कि गौरव से जुड़े रहें।

आज आदिवासी समाज को जितना खतरा बाह्य आर्थिक और राजनीतिक शोषण से है, उससे कहीं अधिक सांस्कृतिक अस्मिता के विघटन से है। धर्मान्तरण की गतिविधियां न केवल धार्मिक परिवर्तनों का परिणाम देती हैं, बल्कि उससे जुड़ी मानसिक गुलामी और राष्ट्र-विरोधी मानसिकता भी पनपती है। गणि राजेन्द्र विजयजी इस खतरे को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने धर्मान्तरण के विरुद्ध शांति, संवाद और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने जैन धर्म के मूल्यों के साथ-साथ सभी धर्मों के सकारात्मक मूल्यों को आदिवासी जनजीवन से जोड़ा है ताकि वे किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक हिंसा से बचें। गणिजी का स्पष्ट मत है कि हर आदिवासी को अपनी जड़ों में झांकना होगा। उसे यह पहचानना होगा कि वह केवल वनवासी नहीं, अपितु संस्कृति का संवाहक है। वे आदिवासियों को आत्म निरीक्षण की प्रेरणा देते हैं कि जो अपने मूल से कट जाता है, वह किसी भी विकास का अधिकारी नहीं बन सकता। उनकी प्रेरणा से कई आदिवासी युवाओं ने शिक्षा ग्रहण की, रोजगार स्थापित किए, कुटीर उद्योगों की ओर बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण, अपने आत्मगौरव को पुन: प्राप्त किया।

आज जब दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन, ड्रोन टेक्नोलॉजी और डिजिटल नवाचार की ओर अग्रसर हो रही है, तब आदिवासी समाज को भी इस बदलाव की मुख्यधारा से जोड़ना आवश्यक है। तकनीक उनके जीवन में केवल बदलाव का कारक नहीं, बल्कि संरक्षण और सशक्तिकरण का माध्यम बन सकती है। एआई आधारित भाषाई अनुवाद तकनीकों से उनकी बोली और लोककथाओं को डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है, जिससे उनकी सांस्कृतिक विरासत विश्व तक पहुंचे। ड्रोन एवं जीआईएस तकनीक से आदिवासी क्षेत्रों के भू-अधिकार सुरक्षित किए जा सकते हैं। मोबाइल हेल्थ यूनिट्स, टेलीमेडिसिन और डिजिटल शिक्षा से वे दुर्गम क्षेत्रों में भी उन्नत जीवन स्तर पा सकते हैं। नवाचार तभी सार्थक होगा जब वह जंगलों में बसे एक युवा को भी ग्लोबल लर्निंग का अवसर प्रदान करे, न कि उसे अपनी जड़ों से काटे।

आज की वैश्विक दुनिया लोकल टू ग्लोबल की सोच को प्रोत्साहित कर रही है और आदिवासी समाज इसमें एक अनमोल भागीदार बन सकता है। उनका पारंपरिक ज्ञान, जैविक खेती, वन औषधियों की समझ, हस्तशिल्प और पर्यावरण संतुलन की परंपराएं विश्व समुदाय के लिए एक वैकल्पिक जीवनदर्शन बन सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आदिवासी युवा आधुनिक शिक्षा को अपनाएं, लेकिन अपनी संस्कृति और जीवनमूल्यों से जुड़े रहें। उन्हें अपने उद्यमिता कौशल को पहचानने और विकसित करने की आवश्यकता है, जैसे वनोपज आधारित उद्योग, इको-टूरिज्म, वन-हस्तशिल्प, संगीत-नृत्य उत्सव आदि के माध्यम से वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। डिजिटल मार्केट प्लेस के जरिए उनके उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाया जा सकता है। आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा तभी पूर्ण होगी जब आदिवासी समाज भी अपने भीतर से आत्मनिर्भर बनकर आगे बढ़े।

भारत की स्वतंत्रता केवल मैदानों और दरबारों में नहीं, बल्कि जंगलों और पहाड़ियों में भी लड़ी गई थी, जहां आदिवासी वीरों ने अंग्रेजी साम्राज्य की नींव हिला दी थी। बिरसा मुंडा जैसे अद्भुत योद्धा और आध्यात्मिक नेता ने न केवल अंग्रेजों के भूमि अधिग्रहण और धर्मान्तरण के विरुद्ध जनजागरण किया, बल्कि एक सशस्त्र संघर्ष को भी नेतृत्व प्रदान किया। झारखंड में चला उनका उलगुलान आंदोलन (महाविप्लव) आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की एक ऐतिहासिक घोषणा थी।

इसी तरह सिद्धू-कान्हू, रानी दुर्गावती, तेलंगाना के कोमराम भीम, भील आंदोलन के गोविंद गुरु, तेनालीराम बावरी, और नारायण सिंह जैसे अनेक आदिवासी सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर यह सिद्ध किया कि भारत की आजादी की चिंगारी सबसे पहले आदिवासी अंचलों में धधकी थी। बिरसा मुंडा और आदिवासी वीरों का आजादी में अविस्मरणीय योगदान रहा, लेकिन दुर्भाग्यवश, इतिहास की मुख्यधारा में इनके योगदान को उतनी जगह नहीं मिली, जितनी मिलनी चाहिए थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इन जादूई झरनों को देखकर मिलता है सुकून

**वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।**



दुनियाभर में प्राकृतिक सुंदरता का एक अनोखा अनुभव झरनों में देखने को मिलता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा काफी मनमोहक होता है। ऊंचाई से गिरने हुए पानी का नजारा देखना लोगों के मन को सुकून पहुंचाने के साथ रोमांच का अनुभव कराता है। बता दें कि दुनिया में कई ऐसे झरने हैं, जिनकी ऊंचाई और सुंदरता उनको खास बनाती है। इन झरनों की ऊंचाई सुनकर कोई भी चौंक जाएगा, वहीं इनकी सुंद.रता भी उतनी ही सुकूनदायक है। पहाड़ों, गहरी घाटियों और हरियाली बीच बहते हुए यह झरने प्राकृतिक कला का अनूठा और अद्वितीय उदाहरण है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी है और घूमने के भी शौकीन हैं, तो आपको दुनिया के सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों का दीदार करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दुनिया के कुछ सबसे ऊंचे और खूबसूरत झरनों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**एंजेल फॉल्स, वेनेजुएला**

वेनेजुएला दक्षिणी अमेरिकी महाद्वीप पर एक देश है। जहां पर एंजेल फॉल्स बहता है। वेनेजुएला का यह एंजेल फॉल्स दुनिया का सबसे ऊंचा झरना है। जोकि वेनेजुएला के केनैमा नेशनल पार्क में स्थित है। इस झरने की धारा इतनी ऊंचाई से गिरती है कि पानी नीचे तक पहुंचते-पहुंचते बारीक-बारीक बूंदों में बदल जाता है।

**टुगेला फॉल्स, दक्षिण अफ्रीका**

दक्षिण अफ्रीका में मौजूद टुगेला फॉल्स की ऊंचाई 3,110 फीट है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा देखने लायक है। यह रॉयल नेटल नेशनल पार्क के ड्रेकेन्सबर्ग माउंटेन्स पर स्थित है।

**थ्री सिस्टर्स फॉल्स, पेरू**

पेरू एक बेहद खूबसूरत जगह है, जहां पर आपको थ्री सिस्टर्स फॉल्स नाम का शानदार जलप्रपात देखने को मिलेगा। यह अमेजन जंगल के बीच स्थित है और तीन स्तरों में बहता है। इसी वजह से इसका नाम श्थ्री सिस्टर्सश पड़ा। ट्रैकिंग और रोमांच पसंद करने वालों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है।

**ओलूपेना फॉल्स, हवाई**


संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई में करीब 900 मीटर की ऊंचाई पर ओलूपेना फॉल्स है। ओलूपेना फॉल्स सीधे समंदर से लगती चट्टानों से गिरता है और सिर्फ बोट या हेलिकॉप्टर से ही देखा जा सकता है।

**युंबिला फॉल्स, पेरू**

बता दें कि युबिला फॉल्स सबसे ऊंचे झरनों में शामिल है, यह पेरू में है। हाल ही में खोज में यह झरना पाया गया है। जोकि पेरू के घने जंगलों में छिपा है और अब धीरे-धीरे फेमस हो रहा है। यहां पर आपको चारों ओर मनमोहक नजारा देखने को मिलेगा।

**...साभार प्रभा**

# मलेरिया रोकथाम के दो नए प्रयास




मलेरिया रोकथाम के दो नए उपाय सामने आए हैं। एक उपाय में इंसानी खून को मच्छरों के लिए जहरीला बनाने का प्रयास किया गया है ताकि काटते ही मच्छर मर जाएं। दूसरे उपाय में कोशिश यह है कि मच्छरों को मलेरिया परजीवी के लिए अनुपयुक्त बना दिया जाए। पहले उपाय में आइवरमेक्टिन नामक एक दवा का उपयोग शामिल है। यह दवा न केवल कृमियों को मारती है बल्कि जूं जैसे कीटों का भी खात्मा करती है। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति इसे गोली के रूप में लेता है, तो उसका खून पीने वाले कीट भी मर जाते हैं। विचार यह आया कि यदि मच्छर ऐसे व्यक्ति को काटें जिसने हाल ही में आइवरमेक्टिन ली हो, तो क्या वे भी मर जाएंगे और अगर एक साथ पूरा समुदाय यह दवा ले ले, तो क्या मच्छरों की संख्या घट सकती है? प्रयोगशाला परीक्षण के नतीजे काफी उत्साहजनक रहे। एक दिन पहले आइवरमेक्टिन लेने वाले लोगों के खून पर पले 73 प्रतिशत मच्छर दो दिन में मर गए, जबकि नियंत्रण समूह में केवल 31 प्रतिशत। लेकिन असली चुनौती वास्तविक दुनिया में इसके असर को साबित करना था।

अक्टूबर 2023 में दक्षिण केन्या के क्वाले काउंटी में एक बड़ा परीक्षण बरसात के मौसम की शुरुआत में हुआ, जब मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ती है। अध्ययन में 84 बस्तियों को शामिल किया गया था। आधी बस्तियों के लोगों को तीन महीने तक, हर महीने आइवरमेक्टिन दी गई और बाकी आधों को परजीवी नाशी दवा अल्बेंडेजोल दी गई, जो मच्छरों पर कोई असर नहीं करती। अगले छह महीनों में आइवरमेक्टिनसमूह में बच्चों में मलेरिया के नए मामलों में 26 प्रतिशत की कमी आई। हालांकि कई वैज्ञानिक इस नतीजे से सहमत नहीं है। एक तो, 26 प्रतिशत की कमी व्यापक इस्तेमाल के लिए पर्याप्त नहीं है। दूसरा, यह दवा गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को नहीं दी जा सकती। इसके अलावा बुर्किना फासो के दो परीक्षणों और गिनी-बिसाऊ (2024) के एक परीक्षण में कोई खास फायदा नहीं दिखा था।

हालांकि, केन्या परीक्षण थोड़ा अलग था-दवा बरसात की शुरुआत में ही दे दी गई थी, जब मच्छर तेजी से बढ़ते हैं, और कई बार दी गई। एक अतिरिक्त फायदा यह हुआ कि खुजली और जुओं का भी सफाया हो गया। फिर भी इसकी कई चुनौतियां हैं। गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों के लिए यह दवा सुरक्षित नहीं है। हर खुराक के बाद दवा खून में कुछ ही दिनों तक प्रभावी रहती है। लंबे समय तक असर करने वाले संस्करणों पर फिलहाल शोध चल रहा है। मलेरिया के मामलों में महज 26 प्रतिशत कमी लागत और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन WHO का नियम है कि जब तक कम से कम दो बड़े और उच्च-गुणवत्ता वाले परीक्षणों में मजबूत सुरक्षा न दिखे, किसी तरीके को बड़े पैमाने पर अपनाने की सिफारिश नहीं की जा सकती। शोधकर्ता भी उपरोक्त शंकाओं को दूर करने की दिशा में और शोध कार्य करने की योजना बना रहे हैं। दूसरा तरीका मच्छरों को ही मलेरिया के खिलाफ हथियार बनाने का है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में मच्छरों के जीन में बदलाव करके उन्हें मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम का वाहक बनने से रोकने का प्रयास किया गया है। आगे, जीन ड्राइव नामक तकनीक से इस गुण को तेजी से मच्छरों की आबादी में फैलाया जा सकता है। आम तौर पर मच्छर अपने जीन का आधा हिस्सा ही अगली पीढ़ी को देते हैं, लेकिन जीन ड्राइव एक खास आनुवंशिक तकनीक है, जो इस नियम को बदल देती है। यह चुने हुए जीन को लगभग सभी संतानों में पहुंचाती है, जिससे वह तेजी से पूरी आबादी में फैल जाता है। यह तरीका कारगर तो है, लेकिन विवादास्पद भी है, क्योंकि इससे किसी प्रजाति में स्थाई और बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं, जिनके पर्यावरण पर अनजाने असर पड़ सकते हैं। इसलिए नए शोध में वैज्ञानिकों ने कृत्रिम जीन बनाने की बजाय, मच्छरों में पहले से प्राकृतिक रूप से मौजूद एक उत्परिवर्तन का सहारा लिया।

इस उत्परिवर्तन के चलते कुछ एनॉफिलीज गैंबिया मच्छरों में एक प्रोटीन का थोड़ा बदला हुआ रूप पाया जाता है। यह बदला हुआ प्रोटीन मलेरिया परजीवी को मच्छर के शरीर में अपना जीवन-चक्र पूरा करने में मुश्किल पैदा करता है। पहले, FREP1 नामक परजीवी-रोधी जीन को एनॉफिलीज स्टीफेन्सी मच्छरों में डाला गया। परिवर्तित मच्छरों ने सामान्य मच्छरों के साथ भोजन और संभोग-साथी पाने के लिए बराबरी से प्रतिस्पर्धा की। यानी यह बदलाव मच्छरों को कमजोर तो नहीं बनाता। जब इन मच्छरों ने सबसे घातक मलेरिया परजीवी प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम युक्त वाला मानव रक्त पीया, तो उनके शरीर और लार ग्रंथियों में सामान्य मच्छरों की तुलना में बहुत कम परजीवी पाए गए। दूसरे चरण में, परिवर्तित जीन तेजी से फैलाने के लिए वैज्ञानिकों ने मच्छरों में सामान्य जीन को काटकर उसकी जगह प्रतिरोधी संस्करण डाल दिया। नियंत्रित माहौल में, केवल 10 पीढ़ियों में यह जीन 94 प्रतिशत से अधिक मच्छरों में फैल गया। वैज्ञानिक उक्त तकनीकों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन सतर्क भी हैं। यह सफल रहे तो भी इनका उपयोग मच्छरदानी, दवाइयों और कीटनाशकों जैसी अन्य रोकथाम विधियों के साथ मिलाकर ही करना होगा और, कुछ सवाल अभी अनुत्तरित हैं। जैसे, क्या मच्छर या मलेरिया परजीवी इस तरह की सुरक्षा के प्रतिरोधी हो जाएंगे? ऐसे मच्छर प्रकृति में छोड़े गए, तो पर्यावरण व पारिस्थितिकी पर दीर्घकालिक असर क्या होंगे? अनचाहे परिणामों से बचाव कैसे किया जाएगा?

**-स्रोत फीचर्स**

# पाक-बांग्लादेश पर मेहरबान ट्रम्प, 20% तक रखा टैरिफ

## भारत-ब्राजील पर 50% टैरिफ लगाकर निकाला गुस्सा



■ चीन की जीडीपी एक प्रतिशत गिरने का खतरा
■ भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा

**वाशिंगटन।** दुनियाभर के देशों को टैरिफ से डरा रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत के दो पड़ोसी देशों पर खासे मेहरबान हैं। ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत तो बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इसके उलट भारत पर दो बार में 25-25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। साथ ही सेकेंडरी सैंक्शन्स की धमकी भी दी है। भारत की तरह ही ब्राजील पर ट्रम्प ने 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। वहीं, चीन पर फिलहाल 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगर टैरिफ दर बढ़ती है, तो चीन की जीडीपी लगभग 1 प्रतिशत तक घट सकती है।

### देश जिन्हें टैरिफ से सबसे ज्यादा फायदा

1. **पाकिस्तानः** ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ है।

इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने पाकिस्तान को 10 प्रतिशत की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ आयल डील भी की है। इसके तहत अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। पाकिस्तान का सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र उसका कपड़ा उद्योग (80 प्रतिशत) है। अमेरिका उसका सबसे बड़ा खरीदार है। कम टैरिफ से इसकी अमेरिकी बाजार में हिस्सेदारी बढ़ सकती है। अमेरिका की पाकिस्तान के साथ डील, भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव ला सकती है। इससे पाकिस्तान, अमेरिका के साथ मिलकर अपनी क्षेत्रीय स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। अमेरिका की मदद से पाकिस्तान को वर्ल्ड बैंक और आईएमएफ से वित्तीय सहायता भी मिल सकती है।

2. **बांग्लादेशः** अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इससे पहले अप्रैल में बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। बांग्लादेश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कपड़ा निर्यातक है। भारत पर ज्यादा टैरिफ से इसका कपड़ा निर्यात बढ़ सकता है। 2024 में इसका निर्यात 8 अरब डालर (70 हजार करोड़ रुपये) था, जो 2026 तक 10 अरब डालर (88 हजार करोड़ रुपये) हो सकता है। कम टैरिफ से बांग्लादेश अमेरिकी बाजार में अपनी 9 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रख सकता है। एफबीसीसीआई के मुताबिक इससे देश की जीडीपी में 2026 तक 0.2 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हो सकती है।

### किरिशिमा में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने शुक्रवार सुबह दक्षिण-पश्चिमी कागोशिमा प्रान्त के किरिशिमा शहर में भारी बारिश की आपातकालीन चेतावनी जारी की तथा निचले इलाकों में भूस्खलन, बाढ़ तथा नदियों के उफान पर होने की उच्चतम स्तर की सावधानी बरतने का आह्वान किया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, देश की पांच-स्तरीय आपदा चेतावनी प्रणाली में इस वर्ष पहली बार उच्चतम स्तर की चेतावनी किरिशिमा में रिकॉर्ड बारिश दर्ज होने के बाद जारी की गई। किरिशिमा के एक हिस्से में आज स्थानीय समयानुसार सुबह तीन बजे तक 107.5 मिमी बारिश दर्ज की गई जो उस जगह पर अब तक की सबसे भारी बारिश है। 12 घंटों में कुल बारिश 480 मिमी से ज्यादा हो गई जो शहर में अगस्त के औसत से लगभग 1.8 गुना जयादा है। जेएमए ने कहा कि कागोशिमा सहित क्यूशू क्षेत्र में रविवार तक मूसलाधार बारिश जारी रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि शनिवार सुबह तक 24 घंटों में दक्षिणी क्यूशू में 200 मिमी और उत्तरी क्यूशू में 120 मिमी बारिश होने का अनुमान है।



जम्मू। अनाथालय में रक्षाबंधन का त्यौहार मनाते विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं।

### कैलिफोर्निया में तेजी से फैली आग, क्षेत्र को खाली करने के आदेश

**लॉस एंजिल्स।** दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के घाटी क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तेज़ी से फैल रही जंगल की आग के कारण आस पास के क्षेत्र को खाली कराने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि 'कैन्यन फायर' कही जाने वाली यह जंगल की आग स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:25 बजे पूर्वी वेंचुरा काउंटी स्थित एक छोटे से ऐतिहासिक शहर पीरू के पास से फैली जो लॉस एंजिल्स से लगभग 77 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार आग कुछ ही घंटों में तेज़ी से बढ़कर 1000 एकड़ (लगभग 4.05 वर्ग किमी) से जयादा क्षेत्र में फैल गई। स्थानीय अधिकारियों ने वेंचुरा और लॉस एंजिल्स काउंटी में आग वाले क्षेत्र के पास बसे कुछ समुदायों के लिए गुरुवार को कई निकासी आदेश और चेतावनियां जारी कीं। विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार इस क्षेत्र को तुरंत छोड़ने का क़ानूनी आदेश जारी कर दिया गया है। यह क्षेत्र सामान्य गतिविधियों के लिए जनता के लिए बंद है। लॉस एंजिल्स काउंटी सुपरवाइज़र कैथरीन बार्गर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा वेंचुरा-एलए काउंटी लाइन के पास अत्यधिक गर्मी और शुष्क परिस्थितियों में कैन्यन फ़ायर तेज़ी से फैल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेलीकॉप्टर के बजरे से टकराने से दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्य इलिनॉय और मिसौरी के बीच मिसिसिपी नदी के ऊपरी हिस्से में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर बजरे से टकरा गया जिससे हेलीकॉप्टर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और इलिनॉय के एल्टन के निकट नदी में यातायात बंद हो गया। मिसौरी राज्य राजमार्ग गश्ती दल के जवानों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में कुछ कर्मचारी सवार थे जो विमानन चेतावनी चिह्नों के पास बिजली की लाइनों पर काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विमान बिजली की लाइन से टकराया और बजरे पर उतरने की कोशिश की, लेकिन आग लग गई। स्थानीय मीडिया ने इलिनॉय राज्य पुलिस के हवाले से बताया कि इस घटना के कारण मिसौरी और इलिनॉय को जोड़ने वाले एक पुल को अस्थाई रूप से सभी यातायात के लिए बंद कर दिया गया है।

### सिडनी में चाकू मारने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** सिडनी के एक सार्वजनिक पार्क में चाकू से हमला करने के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गुरुवार रात लगभग 10:45 बजे पश्चिमी सिडनी के उपनगर अन्नाडेल के पार्क में हमले की खबर मिलने पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और छह लोगों को विभिन्न चोटों के साथ घायल पाया, जिन्होंने बताया कि किसी विवाद के बाद चार अज्ञात लोगों के एक समूह ने उन पर हमला किया।

## जन्म के बाद मिलने वाली नागरिकता मुद्दे पर फिर फंसे ट्रम्प

■ अमेरिकी अदालत ने चौथी बार लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन को एक और बड़ा झटका लगा है। मैरीलैंड की संघीय अदालत ने ट्रम्प के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें कहा गया था कि अमेरिका में अवैध या अस्थाई रूप से रह रहे लोगों के बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी। यह फैसला देशभर में चौथी बार आया है जब ट्रम्प की जन्माधिकार नीति को न्यायालय ने अवैध बताया है।

यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देशों के बावजूद हुआ, जिससे पूरे देश में इस आदेश के लागू होने पर प्रभाव पड़ा। मैरीलैंड की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज डेबोरा बोर्डमैन ने साफ किया कि ट्रम्प का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाले सभी बच्चे, चाहे उनके माता-पिता की कानूनी स्थिति कुछ भी हो, नागरिकता के हकदार हैं। अदालत ने यह आदेश 19 फरवरी 2025 के बाद जन्म लेने वाले सभी बच्चों पर लागू किया है, जिन्हें इस आदेश से नुकसान हो सकता था। इससे पहले, जून में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट किया था कि निचली अदालतें सामान्य रूप से राष्ट्रव्यापी निषेधाज्ञा जारी नहीं कर सकतीं। इसके बावजूद, बोर्डमैन ने अपने निर्णय में कहा कि चूंकि यह मामला एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा है, इसलिए इसका प्रभाव पूरे देश पर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि ट्रम्प का आदेश लागू हुआ तो इससे प्रभावित बच्चों को अपूरणीय नुकसान होगा।

## 9/11 के आतंकवादी हमलों के 24 साल बाद तीन और पीड़ितों की हुई पहचान

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में 11 सितम्बर, 2001 को वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आतंकवादी हमलों के लगभग 24 साल बाद इस त्रासदी में मारे गए तीन और पीड़ितों की आखिरकार पहचान हो गई है। गुरुवार एक प्रेस विज्ञप्ति में न्यूयॉर्क शहर के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय (ओसीएमई) ने न्यूयॉर्क के फ्लोरल पार्क के रयान फिट्ज़गेराल्ड (26), कैलिफ़ोर्निया में पाम स्प्रिंग्स की बारबरा कीटिंग (72) और एक वयस्क महिला के रूप में हुई है, जिनका नाम उनके परिवार के अनुरोध पर गुप्त रखा जा रहा है। इन तीनों मृतकों की पहचान संख्या क्रमशः 1651वें, 1652वें और 1653वें व्यक्ति के रूप में घोषित किया। ओसीएमई ने कहा कि हमले से बरामद अवशेषों के उन्नत डीएनए विश्लेषण और परिवार से संपर्क के माध्यम से उनकी पहचान संभव हो पाई है। ओसीएमई ने कहा कि फिट्ज़गेराल्ड की पहचान 2002 में पहली बार बरामद अवशेषों के डीएनए परीक्षण के माध्यम से पुष्टि की गई थी, जबकि कीटिंग और अज्ञात महिला की पहचान 2001 में पहली बार बरामद अवशेषों पर आधारित थी।

## मोदी-ट्रम्प के बीच फोन कॉल से बिगड़े भारत-अमेरिकी रिश्ते

### दावाः मोदी ने ट्रम्प से कहा, सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ

■ यूएस का रोल नहीं-जून से मोदी ट्रम्प में कोई बातचीत नहीं हुई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच संबंध 17 जून को फोन पर 35 मिनट बातचीत हुई थी, जिसके बाद भारत और अमेरिका के बीच संबंध बहुत ज्यादा खराब हो गए।

यह दावा ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों नेताओं के बीच बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब ट्रम्प कनाडा में जी-7 समिट से जल्दी निकल गए। मोदी और ट्रम्प के बीच मुलाकात होने वाली थी, लेकिन ये नहीं हो पाई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें मोदी ने ट्रम्प को साफ कह दिया था कि सीजफायर पाकिस्तान की अपील पर हुआ, न कि अमेरिकी दखल से। मोदी ने यह भी कहा कि भारत कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं करेगा। इजरायल-ईरान जंग की वजह से ट्रम्प कनाडा जी-7 समिट बीच में छोड़कर चले गए थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि भारत को तब और चिंता हुई जब यह पता चला कि ट्रम्प अगले ही दिन व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल मुनीर की मेजबानी करने वाले हैं। भारत को ट्रम्प की पाकिस्तान के नागरिक नेताओं से मिलने पर कोई खास आपत्ति नहीं थी, लेकिन एक फौजी जनरल खासकर पाकिस्तानी सेना प्रमुख को व्हाइट हाउस बुलाया जाना भारत को ठीक नहीं लगा। भारत ने इसे एक ऐसी सेना को वैधता देने की कोशिश माना, जो लोकतंत्र के रास्ते में हमेशा बाधा बनती रही है। मोदी को यह आशंका भी थी कि ट्रम्प शायद उनकी और जनरल मुनीर की कोई बैठक करवाने की कोशिश कर सकते हैं। इसी वजह से उन्होंने कनाडा से लौटते समय वॉशिंगटन में रुकने के ट्रम्प के न्योते को ठुकरा दिया। उन्होंने इसके बजाय यह कहा कि उन्हें क्रोएशिया जाना है। इस कॉल के बाद ट्रम्प ने भारत पर हमला बोलना शुरू किया। उन्होंने भारत को डेड इकोनॉमी करार दिया और भारतीय व्यापार नीतियों को घटिया बताया। इसके बाद ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, जून की इस बातचीत के बाद दोनों नेताओं के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है।

## जर्मनी ने इजरायल को हथियार देने पर लगाई रोक

### चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने किया ऐलान, गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे



■ गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजरायल, फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की

**तेल अवीव।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजरायल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा।

इजरायल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजरायली सेना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे। नेतन्याहू सरकार के कट्टरपंथी मंत्री गाजा पर सैन्य शासन लागू कर फिर से यहूदियों की बस्तियों की स्थापना करने की मांग कर रहे हैं। इजरायल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजरायली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजरायली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75 प्रशित हिस्से पर उसका नियंत्रण है।

गाजा पट्टी उस 25 प्रतिशत इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है। कैबिनेट ने जंग खत्म करने के बदले हमास के सामने 5 प्रमुख शर्तें भी रखी हैं- हमास पूरी तरह हथियार डाले। बचे हुए सभी 50 बंधकों की रिहाई। (इनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है) गाजा से सैन्य ताकतों का खात्मा। गाजा पर इजरायल का सुरक्षा नियंत्रण। गाजा में ऐसा वैकल्पिक नागरिक प्रशासन बनाना जो न तो हमास हो और न ही फलस्तीनी प्राधिकरण।

## बंधक परिवार गाजा की ओर रवाना

■ इजरायल से युद्ध समाप्त करने का किया आह्वान

**यरूशलम।** गाजा में बंधक बने हुए कुछ इजरायली बंधकों के परिवार फिलिस्तीनी क्षेत्र की ओर रवाना हुए हैं। यह कदम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है क्योंकि वह गाजा में युद्ध का विस्तार करने पर विचार कर रही है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बंधक एवं लापता परिवार फोरम, साथ ही विपक्ष और इजरायली जनता का एक बड़ा हिस्सा इस अभियान के विस्तार के खिलाफ है क्योंकि उनका मानना है कि इससे उनके प्रियजनों को और भी अधिक खतरा होगा। गुरुवार को जब दक्षिणी इजरायल के अश्कलोन बंदरगाह से जहाजी बेड़ा रवाना हुआ तो बंधक परिवारों के फोरम के एक सदस्य लियोर होरेव ने सीएनएन से कहा कि यह जलयात्रा एक एसओएस कॉल (आपातकाल में मदद के लिए पुकारना) है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश हम गाजा में प्रवेश नहीं कर सकते और अपने प्रियजनों को वापस घर नहीं ला सकते लेकिन यह इजरायली सरकार के लिए एक चेतावनी है। इजरायल की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक गुरुवार को गाजा पर पूर्ण कब्जे के लिए मतदान करने के लिए बुलाई गई थी। यह कदम इस क्षेत्र में लगभग दो वर्षों से चल रहे संघर्ष में एक बड़ी वृद्धि होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि सात अक्टूबर को हमास के नेतृत्व में हुए आतंकवादी हमलों के बाद शुरू हुए युद्ध में अबतक गाजा में कम से कम 61,158 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।




## अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

### 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त, यूएस में ड्रग्स सप्लाई का आरोप



मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एकः ट्रम्प प्रशासन

**काराकास।** अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं।

अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने गुरुवार को इनाम की घोषणा करते हुए कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प के नेतृत्व में मदुरो न्याय से नहीं बच पाएंगे और उन्हें अपने अपराधों के लिए जवाब देना होगा। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था।

